# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : मंगलवार, 28 जुलाई, 2026 | वर्ष -01 | अंक-161 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


बिहार बंद हिंसा मामला

## तेज प्रताप की जमानत याचिका दाखिल



**डॉक्टर रख रहे स्वास्थ्य पर नजर**

**पटना (एनएसबी)।** बिहार बंद के दौरान हुए उपद्रव मामले में जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पटना पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में बेऊर जेल भेज दिया है। इस बीच उनकी ओर से जमानत याचिका भी अदालत में दायर कर दी गई है। अब उनकी जमानत याचिका पर अदालत में सुनवाई होने की संभावना है। वहीं पुलिस पूरे मामले में अन्य आरोपितों की भूमिका की भी जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान तेजप्रताप यादव ने सीने में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें मेडिकल ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। चिकित्सकों की निगरानी में उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# सुधा ब्रांड को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया जाएगा : मुख्यमंत्री

## सीएम ने नालंदा में किया पेट्रोल पंप एवं सुधा कैफेटेरिया का शिलान्यास



**300 खुदरा विक्रेताओं के बीच डीप फ्रीजर वितरित**

**पशु उठाव एवं परिवहन वाहनों को दिखाया हरी झंडी**

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नालंदा स्थित बिहारशरीफ डेयरी परियोजना परिसर में 20 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता वाले दही एवं लस्सी प्लांट, काम्फेड द्वारा संचालित एचपीसीएल पेट्रोल पंप एवं सुधा कैफेटेरिया का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने 300 खुदरा विक्रेताओं के बीच डीप फ्रीजर वितरित किए, साथ ही पशु उठाव एवं परिवहन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा पशुपालकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सीएम ने बिहारशरीफ स्थित सुधा डेयरी प्लांट का निरीक्षण भी किया। ट

सीएम सम्राट ने कहा कि पीएम मोदी के विकसित भारत और पूर्व सीएम नीतीश कुमार के समृद्ध बिहार के सपने को पूरा करना है। दुग्ध क्षेत्र में नई क्रांति से समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बिहार की मजबूत नींव रखी जाएगी। बिहार में दुग्ध क्षेत्र तेजी से विकास कर रहा है। सरकार का लक्ष्य प्रतिदिन 1 करोड़ लीटर दुग्ध का उत्पादन करना है। इसके लिए पशुपालकों को आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रशिक्षण, उन्नत नस्ल, पशु स्वास्थ्य सुविधाएं तथा मजबूत डेयरी अवसंरचना उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि 20 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता वाले दही एवं लस्सी प्लांट की स्थापना एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे किसानों को उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य मिलेगा तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त होगी। सीएम ने कहा कि बकरी पालन को बढ़ावा देने के लिये अलग से फेडरेशन बनेगा। बकरी के दुग्ध उत्पादन को फेडरेशन से जोड़कर उसके संग्रहण, प्रसंस्करण एवं विपणन की व्यवस्था विकसित की जाएगी। बकरी पालन से जुड़े लाखों ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं की आय में वृद्धि होगी साथ दुग्ध क्षेत्र का दायरा और व्यापक होगा तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नया आधार मिलेगा। उन्होंने कहा कि नालंदा को बिहार का प्रमुख दुग्ध उत्पादन एवं डेयरी प्रोसेसिंग केंद्र बनाया जाएगा। आधुनिक प्रसंस्करण इकाइयों, शीत श्रृंखला, विपणन नेटवर्क और नई परियोजनाओं के माध्यम से नालंदा को डेयरी उद्योग का महत्वपूर्ण हब विकसित किया जाएगा। हमारी सरकार मनुष्य के साथ-साथ पशु की भी चिंता कर रही है। पशु अगर किसी दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो पशु उठाव वाहन की मदद से उसे शीघ्र ही इलाज की सुविधा उपलब्ध करायी जा सकेगी। राज्य के प्रत्येक प्रखंड में प्रधानमंत्री पशु जन औषधि केन्द्र स्थापित किये जायेंगे।

सीएम ने कहा कि बिहार सरकार का लक्ष्य केवल राज्य में दुग्ध एवं उसके उत्पादों की जरूरतों को पूरा करना ही नही है बल्कि सुधा ब्रांड को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करना है। भारत के कुल दुग्ध उत्पादन में बिहार का हिस्सा 25 प्रतिशत है। बिहार में 2500 नई समितियां को गठन किया गया है। 200 जगहों पर सुधा का नया आउटलेट खोला जाना है, जिनमें से 88 के लिए स्थान का चयन हो गया है।

कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री श्रवण कुमार तथा नंद किशोर राम ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. जितेंद्र कुमार, पूर्व विधायक ई. सुनील कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण के अलावावरीय अधिकारी, कॉम्फेड के पदाधिकारीगण, जीविका दीदियां, दुग्ध उत्पादक किसान तथा बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# पेपर लीक बिल पर चर्चा करने को विपक्ष तैयार, वोटिंग होगी



**लोकसभा स्पीकर बिरला ने नेताओं को मनाया आज हंगामे के कारण 4 बार स्थगित हुई संसद**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 'पब्लिक एग्जामिनेशन (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन बिल, 2026' को लेकर संसद में हंगामा खत्म होने की उम्मीद है। न्यूज एजेंसी पीटीआई की मुताबिक विपक्ष मंगलवार को इस पर चर्चा शुरू करने के लिए सहमत हो गया है। स्पीकर ओम बिरला ने पार्टियों के नेताओं से बातचीत की। जिसके बाद सरकार और विपक्ष दोनों ही 28 जुलाई को बिल पर चर्चा करने और वोटिंग के लिए तैयार हो गए।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंगलवार दोपहर 12 बजे से बिल पर चर्चा शुरू हो सकती है। इससे पहले सोमवार को लोक परीक्षा संशोधन बिल पेश किया गया। हालांकि विपक्ष के हंगामे की वजह से चर्चा नहीं हो सकी। विपक्ष छात्रों पर ठएएळ पेपर लीक के विरोध प्रदर्शन के दौरान लाठीचार्ज के मामले पर बहस के लिए अड़ा रहा। कांग्रेस का कहना है कि इस मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह सदन में आकर बयान दें। इस वजह से लोकसभा की कार्यवाही दिन में 4 बार स्थगित हुई। जब भी कार्यवाही शुरू हुई, कांग्रेस, सपा के सांसद वेल में बैनर लेकर पहुंच जाते और नारेबाजी करने लगते। सरकार ने यह संशोधन नीट पेपर लीक विवाद और देशभर में हुए छात्र आंदोलनों के बाद लाया है। पीएम मोदी ने 23 जुलाई को कानून को और सख्त बनाने का ऐलान किया था। बाद में इंफोसिस को-फाउंडर नंदन नीलेकणी की अध्यक्षता में परीक्षा सुधार के लिए हाई-पावर्ड टास्क फोर्स बनाने की भी घोषणा की गई। गौरतलब है कि सरकार ने यह संशोधन नीट पेपर लीक विवाद और देशभर में हुए छात्र आंदोलनों के बाद लाया है। पीएम मोदी ने 23 जुलाई को कानून को और सख्त बनाने का ऐलान किया था। बाद में इंफोसिस को-फाउंडर नंदन नीलेकणी की अध्यक्षता में परीक्षा सुधार के लिए हाई-पावर्ड टास्क फोर्स बनाने की भी घोषणा की गई।

### धर्मेंद्र प्रधान संसद पहुंचे, एनडीए सांसदों ने स्वागत किया

पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफे के बाद सोमवार को पहली बाहर संसद पहुंचे। ठऊअ सांसदों ने उन्हें शॉल और मिथिला पाग पहनाकर सम्मानित किया और संसद भवन के अंदर तक ले गए। सांसदों ने ह्यधर्मेंद्र प्रधान जिंदाबादह्ण के नारे भी लगाए। प्रधान ने ठएएळ पेपर लीक विवाद के बीच 25 जुलाई को इस्तीफा दिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### नालंदा में भूमि विवाद को लेकर एक युवक की गोली मारकर हत्या

**नालंदा।** नालंदा जिले के खुदागंज थाना अंतर्गत सरथुआ गांव में आज सोमवार को भूमि विवाद में एक युवक को गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोपियों में एक रिटायर्ड फौजी भी शामिल हैं । मृतक सरथुआ गांव निवासी 30 वर्षीय युवक शनी कुमार है। घटनास्थल की जानकारी में मृतक के भाई ने बताया कि आज सोमवार की सुबह उसका भाई खेत की ओर जा रहा था वहीं पुर्व से घायल लगायें अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर उसकी हत्या कर दी गई।

### विधायक राजू सिंह की सजा निचली अदालत से निलंबित

**नई दिल्ली।** बिहार की साहेबगंज विधानसभा सीट से भाजपा विधायक डॉ. राजू कुमार सिंह को दिल्ली उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उन्हें जमानत प्रदान करते हुए निचली अदालत द्वारा सुनाई गई चार वर्ष की सजा को फिलहाल स्थगित कर दिया है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने वर्ष 2018 के जश्न के दौरान हुई हर्ष फायरिंग मामले में राजू सिंह को दोषी ठहराया था। राउज एवेन्यू स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट ने उन्हें चार साल की कैद और 25 लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई थी।

### हाईकोर्ट के 2 वकील शराब के नशे में धराये

**पटना।** पटना हाईकोर्ट के दो युवा अधिवक्ताओं को शराब के नशे में होने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने उन्हें कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित छज्जूबाग जज आवास परिसर से पकड़ा है। कोतवाली थानेदार अजय कुमार ने मामले की पुष्टि की है। दोनों की पहचान आकाश केशव और वर्ती कुमार के रूप में हुई है। फिलहाल दोनों को कोतवाली थाना में रखा गया है। जानकारी के मुताबिक, शनिवार को छात्रों के प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसक झड़प के बाद कई छात्रों को विभिन्न थाना क्षेत्रों से हिरासत में लिया गया था।

### दुबई-मुंबई इंडिगो फ्लाइट की राजकोट में इमरजेंसी लैंडिंग

**राजकोट।** दुबई से मुंबई आ रही इंडिगो की फ्लाइट IGO1452 की राजकोर्ट एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक पायलट ने विमान के कार्गो कंपार्टमेंट से धुआं निकलते देखा था, इसके बाद राजकोट एयरपोर्ट को इमरजेंसी की सूचना देकर फ्लाइट को राजकोट में लैंड कराया। इंडिगो की फ्लाइट में पायलट क्रू समेत 194 यात्री सवार थे।

# सीजेपी ने फिर दी आंदोलन की चेतावनी

## बोली-सरकार ने समझौता तोड़ा, सौरव दास ने कहा- देशभर में सैकड़ों छात्र गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कॉकरोच जनता पार्टी ने सोमवार को चेतावनी दी कि प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई नहीं रुकी और गिरफ्तार छात्रों को राहत नहीं मिली, तो वह फिर से आंदोलन शुरू करेगी।पार्टी प्रवक्ता सौरव दास ने आरोप लगाया कि सरकार ने समझौता तोड़ा है। बिहार और पश्चिम बंगाल में सैकड़ों छात्रों को गिरफ्तार कर झूठे मुकदमों में फंसाया गया है।

दिल्ली में हुई इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीजेपी नेता आशुतोष रांका, सौरव दास के साथ एडवोकेट कपिल सिब्बल भी मौजूद थे। उन्होंने कहा- मेरा रोल इस पार्टी के कानूनी मसलों में मदद करना है।

सीजेपी ने कहा कि हमने एक पोर्टल लॉन्च किया है, जिसके जरिए पीड़ित छात्र अपनी परेशानी शेयर कर सकते हैं। वे केस इन्फॉर्मेशन और वीडियो भी शेयर कर सकते हैं। इससे पहले सीजेपी के प्रवक्ता सौरव दास ने एक्स पर लिखा था कि असम, पश्चिम बंगाल और बिहार में छात्रों और प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया जा रहा है और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।पार्टी का कहना है कि उसने देशव्यापी आंदोलन केंद्र सरकार के इस आश्वासन पर स्थगित किया था कि किसी भी प्रदर्शनकारी पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी। सीजेपी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार अपने वादे से पीछे हटती है, तो यह लाखों युवाओं के विश्वास के साथ धोखा होगा

### नेहा बोरा पहुंचीं पटना, कहा-छात्रों की रिहाई नहीं हुई तो बिहार में दिल्ली के जंतर-मंतर जैसा नजारा होगा



जंतर-मंतर पर सीजेपी आन्दोलन के प्रमुख चेहरों में शामिल आइसा की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा सोमवार को पटना पहुंचीं। उन्होंने जेल में बंद सभी गिरफ्तार साथियों और छात्र नेताओं से मुलाकात की। नेहा ने कहा, अगर बिहार में गिरफ्तार किए गए छात्रों की रिहाई नहीं हुई तो यहां भी दिल्ली के जंतर मंतर जैसा नजारा होगा। नेहा ने जेल में छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि बिहार की सड़कों पर पुलिस ने स्टूडेंट्स को गालियां दीं, एनकाउंटर की धमकी दी। साथ ही जाति धर्म के नाम पर टिप्पणी भी की।

# नीट प्रदर्शनकारी जल्द होंगे रिहा

## छात्रों पर दर्ज एफआईआर जल्द वापस लेगी सरकार



**पटना (एनएसबी)।** नीट परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच बिहार सरकार ने आंदोलन में शामिल छात्रों और प्रदर्शनकारियों को बड़ी राहत देने की घोषणा की है।

गृह विभाग की ओर से सोमवार की शाम जारी बयान में कहा गया है कि सरकार ने परीक्षा व्यवस्था में जवाबदेही और उच्च शिक्षा क्षेत्र में सुधार की मांगों के मद्देनजर कई महत्वपूर्ण आश्वासन दिए हैं। गृह विभाग के अनुसार, 26 जुलाई की शाम 6 बजे तक बिहार के किसी भी हिस्से में आंदोलन में शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध सरकार कोई दंडात्मक, प्रतिशोधात्मक अथवा प्रतिकूल कानूनी कार्रवाई नहीं करेगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस अवधि तक आंदोलन में शामिल लोगों के खिलाफ दर्ज मामलों में राहत प्रदान की जाएगी। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि 26 जुलाई की शाम 6 बजे से पहले विरोध प्रदर्शन के दौरान दर्ज सभी प्राथमिकी (एफआईआर), परिवाद और कारण बताओ नोटिस को वापस लेने की विधिक प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाएगी। संबंधित विभागों और अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जा रहे हैं ताकि प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जा सके। सरकार ने यह भी आश्वासन दिया है कि उक्त अवधि तक दर्ज मामलों में गिरफ्तार अथवा निरुद्ध किए गए सभी व्यक्तियों को जल्द रिहा किया जाएगा। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि 26 जुलाई की शाम 6 बजे से पहले दर्ज कांडों में नामित व्यक्तियों के विरुद्ध भविष्य में भी किसी प्रकार की प्रत्यक्ष या परोक्ष कार्रवाई नहीं की जाएगी। यह प्रेस विज्ञप्ति गृह विभाग के विशेष सचिव छत्रनील सिंह (भापुसे) की ओर से जारी की गई है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले बिहार में विपक्ष प्रदर्शनकारी छात्रों की गिरफ्तारी को लेकर सरकार पर निशाना साध रही थी। विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव सरकार को चेतावनी देते हुए बड़ा आंदोलन खड़ा करने की चेतावनी दी थी।

प्लास्टिक नोटों पर सरकार की मुहर

## आरबीआई से कहा तुरंत छापो 10-20 की गड्डी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत 10 रु. और 20 रु. के पॉलिमर नोटों का देशभर में फील्ड ट्रायल किया जाएगा. सरकार का कहना है कि यह सिर्फ परीक्षण के लिए होगा और इससे मौजूदा कागज के नोटों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। लोकसभा में एक लिखित जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि सरकार ने फइक के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. इसके तहत 10रु. और 20 रु. के पॉलिमर नोट जारी किए जाएंगे ताकि भारतीय परिस्थितियों में इनके इस्तेमाल और टिकाऊपन की जांच की जा सके। सरकार ने साफ किया है कि कागज के नोटों को हटाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। पॉलिमर नोट मौजूदा नोटों के साथ ही चलेंगे। अगर फील्ड ट्रायल सफल रहता है, तभी भविष्य में इन्हें बड़े स्तर पर जारी करने पर फैसला लिया जाएगा।

# बेगूसराय : आश्रय गृह से 5 लड़कियां लापता

**पटना/बेगूसराय (एनएसबी)।** बिहार के बेगुसराय जिले से एक बेहद संवेदनशील और चिंताजनक घटना सामने आई है। यहां रतनपुर थाना क्षेत्र में स्थित एक सरकारी बालिका आश्रय गृह से पांच नाबालिग लड़कियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई हैं। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस घटना से प्रशासन में दहशत फैल गई है और पुलिस ने गहन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, पांचों लड़कियों के लापता होने का पता रविवार सुबह चला, जिसके बाद आश्रय गृह अधिकारियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जिला प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया और बेगुसराय भर में अलर्ट जारी किया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) मनीष ने स्थिति का जायजा लेने के लिए स्वयं आश्रय गृह का दौरा किया। उन्होंने वार्डन और अन्य कर्मचारियों से पूछताछ की ताकि यह पता लगाया जा सके कि लड़कियां परिसर से बाहर कैसे निकलीं और क्या इसमें कोई साजिश या संलिप्तता थी। पुलिस ने लापता नाबालिगों की तलाश के लिए विशेष जांच दल गठित किए हैं। जिले और आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान जारी है, साथ ही आश्रय गृह और आसपास के क्षेत्रों से सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है ताकि संभावित सुराग मिल सकें।

कॉमनवेल्थ गेम में भारत का पांचवां मेडल

## वेटलिफ्टिंग में ज्ञानेश्वरी यादव ने जीता सिल्वर



**ग्लासगो (एजेंसी)।** भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में पांचवां मेडल जीत लिया है। ज्ञानेश्वरी यादव ने महिला 53 केजी वेटलिफ्टिंग इवेंट में कुल 199 किलोग्राम (88 केजी स्नैच + 111 केजी क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इसके साथ ही वेटलिफ्टिंग में भारत का यह चौथा और कुल मिलाकर पांचवां मेडल हो गया। नाइजीरिया की ओनोमे ओमोलोला डिडीह ने 206 किलोग्राम (93+113) वजन उठाकर गेम्स और कॉमनवेल्थ रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता। 23 साल की ज्ञानेश्वरी ने स्नैच में 88 केजी उठाकर नया गेम्स रिकॉर्ड बनाया। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने पहले 103, फिर 107 और आखिरी प्रयास में 111 केजी उठाया। कुल 199 केजी के साथ उन्होंने सिल्वर पक्का किया। हालांकि, डिडीह ने 113 केजी उठाकर 206 केजी के कुल वजन के साथ गोल्ड अपने नाम कर लिया। भारत अब मेडल टैली में आठवें स्थान पर पहुंच गया है। ऑस्ट्रेलिया 17 गोल्ड सहित 39 मेडल के साथ पहले स्थान पर है।

# प्रतिबंध रूस को कमजोर करने में नाकाम रहे : पुतिन



**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दावा किया है कि 2022 से लगाए गए पश्चिमी देशों के प्रतिबंध अपने उद्देश्य को पूरा करने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रतिबंधों ने रूस को कमजोर करने के बजाय उन्हें लागू करने वाले देशों को अधिक नुकसान पहुंचाया है। तुर्किए की सरकारी समाचार एजेंसी अनाडोलू के अनुसार, ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस में स्टेट ड्यूमा के सांसदों को संबोधित करते हुए पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देशों ने रूस के खिलाफ प्रतिबंधों की संख्या के मामले में "विश्व रिकॉर्ड" बनाया है, लेकिन उनकी प्रभावशीलता बेहद सीमित रही है। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधों के जरिए रूस की अर्थव्यवस्था, वैज्ञानिक क्षमता और औद्योगिक विकास को कमजोर करने की कोशिश सफल नहीं हुई। पुतिन ने आरोप लगाया कि युद्ध के मैदान में रूस को पराजित करने में असफल रहने के बाद पश्चिमी देश अब रूस के खिलाफ अन्य तरीकों का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी ताकत रूसी जनता के मनोबल को नहीं तोड़ सकती। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि बाहरी दबावों के बावजूद रूस ने परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढाल लिया है और देश अपने दीर्घकालिक आर्थिक लक्ष्यों की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार रक्षा क्षेत्र के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों, कारोबार, रोजगार और सामाजिक कल्याण योजनाओं को भी निरंतर समर्थन देती रहेगी। इस बीच, यूरोपीय संघ (ईयू) ने हाल ही में रूस के खिलाफ प्रतिबंधों का 21वां पैकेज लागू किया है। नए प्रतिबंधों के तहत 33 अतिरिक्त रूसी बैंक और वित्तीय संस्थानों पर लेनदेन संबंधी रोक लगाई गई है। साथ ही क्रिप्टोकरेंसी प्लेटफॉर्म और रूस के ऊर्जा क्षेत्र को भी निशाना बनाया गया है, ताकि रूसी तेल से होने वाली आय को सीमित किया जा सके। यूरोपीय संघ ने यह भी निर्णय लिया है कि 15 जुलाई 2027 तक रूसी तेल की कीमत सीमा (प्राइस कैप) में स्वतः होने वाले संशोधन को स्थगित रखा जाएगा।

# तेजस्वी ने राज्य सरकार को छात्र मुद्दे पर घेरा


नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में राजद प्रत्याशी रेखा गुप्ता के समर्थन में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने मीठापुर प्रधान कार्यालय से रोड शो कार्यक्रम शुरू किया जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे। पटना के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न इलाकों में रोड शो किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

रोड शो के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए तेजस्वी प्रसाद यादव ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला और छात्र आंदोलन के दौरान हुई कार्रवाई को लेकर कई सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि बांकीपुर में इस बार चुनावी माहौल राजद के पक्ष में है और जनता ने भाजपा को हराने का मन बना लिया है। तेजस्वी ने कहा कि इस बार बांकीपुर से लालटेन जलेगा।

छात्र आंदोलन का जिक्र करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि सरकार पहले किसानों को ठग रही थी और अब छात्रों के साथ भी अन्याय कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि सोमवार शाम तक गिरफ्तार छात्रों को रिहा नहीं किया गया और उन पर दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिए गए तो बिहार में बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर निशाना साधते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि किसी भी जन आंदोलन में आज तक एके-47 का इस्तेमाल नहीं हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि एके-47 से फायरिंग की घटना के बाद केवल जवान को निलंबित कर दिखावटी कार्रवाई की गई, जबकि संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने सवाल उठाया कि फायरिंग किसके आदेश पर हुई और इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

तेजस्वी यादव ने छात्र आंदोलन की न्यायिक जांच की मांग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को सामने आकर बताना चाहिए कि बिहार के किन-किन जिलों से कितने छात्रों को गिरफ्तार किया गया, उन पर कौन-कौन सी धाराएं लगाई गईं और फायरिंग किसके आदेश पर कराई गई। राजद नेता ने मीठापुर, चांदपुर बेला, सिपारा, विग्रहपुर, पोस्टल पार्क, चिरैयाटांड़ पुल, गोरिया टोली, लालजी टोला, पीरमुहानी, आयुर्वेदिक कलेज, लोहानीपुर, साहित्य सम्मेलन, दरियापुर, खेतान मार्केट और सब्जीबाग चौराहा तक राजद प्रत्याशी रेखा गुप्ता के समर्थन में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का रोड शो निकाला गया। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने बंटी यादव के परिवार से मिलकर गहरी संवेदना प्रकट की और कहा कि न्याय की लड़ाई राष्ट्रीय जनता दल लड़ेगा और इंसाफ दिला कर रहेगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, भोला यादव, डा रामानंद यादव, रणविजय साहू, अख्तरुल इस्लाम शाहीन, डा सुनील सिंह, शक्ति सिंह यादव, डा उर्मिला ठाकुर के अलावा बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता शामिल थे। रोड शो में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव और महागठबंधन समर्थित राष्ट्रीय जनता दल की प्रत्याशी श्रीमती रेखा गुप्ता एक ही गाड़ी पर हाथ जोड़कर लोगों से आशीर्वाद और समर्थन मांग रहे थे।

राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि 28 जुलाई को सुबह 10 बजे पहलवान मार्केट बोरिंग रोड से रोड शो का कार्यक्रम शुरू होगा। जो बोरिंग रोड चौराहा, राजापुर पुल, दुजरा मस्जिद, पुलिस लाइन चौराहा, लोदीपुर मेन रोड, चीन कोठी, उत्तरी मंदिरी, इनकम टैक्स गोलंबर, किदवई पुरी, चकारम देवी मंदिर के समीप समाप्त होगा।

## स्वास्थ्य सचिव ने सदर अस्पतालों की समीक्षा में सर्जरी बढ़ाने के दिए निर्देश

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** स्वास्थ्य सचिव कुमार रवि ने सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, जमुई, मधुबनी एवं पूर्वी चंपारण के जिला अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाओं एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव डा. त्यागराजन एस एम, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक अमित कुमार पांडेय तथा बीएमएसआईसीएल के प्रबंध निदेशक सुब्रत कुमार सेन सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि सात निश्चय-3 के तहत राज्य के सभी सदर अस्पतालों को चरणबद्ध तरीके से सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए विभाग द्वारा आवश्यकता के अनुसार सामान्य एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की जा रही है। इसके साथ ही आईसीयू सेवाओं, 24 गुना 7 इमरजेंसी व्यवस्था, डायग्नोस्टिक सुविधाओं तथा अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है।

उन्होंने निर्देश दिया कि सभी सदर अस्पतालों में अर्थोपेडिक, जनरल सर्जरी तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग के लिए पृथक-पृथक अपरेशन थिएटर चौबीसों घंटे संचालित किए जाएं। सभी आईसीयू एवं वेंटिलेटर पूर्णतः कार्यशील रहें तथा प्रत्येक अस्पताल में ट्रायज व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य सदर अस्पतालों को जिले का सबसे बेहतर एवं भरोसेमंद अस्पताल बनाना है, ताकि अधिकांश मरीजों को छोटी-बड़ी सर्जरी के लिए निजी अस्पतालों पर निर्भर न रहना पड़े।

## खबरें : एक नजर में

### बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जिला प्रशासन द्वारा संवैधानिक प्रावधानों का खुलेआम धज्जियां उड़ाए जाने के बावजूद चुनाव आयोग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि मतदाता जागरूकता और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के नाम पर एन यू एल एम , जीविका दीदी और आंगनबाड़ी सेविका - सहायिका को प्रत्येक मतदाता के घर-घर जाकर मतदान के लिए प्रेरित करने के आड़ में भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करने का जिम्मेदारी दिया गया है। इतना हीं नहीं मतदान के दिन भी इन्हें मतदाताओं को घरों से मतदान केन्द्र लाकर मतदान सुनिश्चित कराना है। जबकि संविधान की धारा 324 एवं रिप्रजेंटेशन अफ द पीपल एक्ट 1951 के अनुसार स्पष्ट प्रावधान है कि किसी भी गैर सरकारी व्यक्ति या एजेंसी को चुनावी कार्य में इस्तेमाल पूर्णतः गैर संवैधानिक है। एन यू एल एम से जुड़े हुए कर्मी , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और जीविका दीदी सरकारी कर्मचारी नहीं हैं। फिर चुनाव कार्यो में इनका इस्तेमाल कैसे किया जा रहा है। मतदान केन्द्रों के आसपास इनका रहना भी गैरकानूनी है।यह मामला चुनाव आयोग के संज्ञान में आने के बाद भी उसके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया जाना उसके निष्पक्षता पर सवाल खड़े करती है। गगन ने कहा कि बिहार विधानसभा आम चुनाव में भी इसी प्रकार जीविका दीदी को मतदाता जागरूकता के काम में लगाया गया था और उन्हें मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं को सत्ताधारी दल के पक्ष में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए पाया गया था।


राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन।

### सिवान फायरिंग में जवान निलंबित

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस मुख्यालय के मुताबिक 25 जुलाई को सिवान शहर के जेपी चौक के पास बंद समथर्को के द्वारा घिर जाने के कारण वहाँ पर तैनात पुलिस कर्मियों में से एक सिपाही 47 अभिषेक कुमार के द्वारा जानमाल एवं सरकारी सम्पति की सुरक्षा हेतु 04 राउण्ड गोली ऊपर की तरफ बैरल कर के चलाया गया। इस घटना में भीड़ में सम्मिलित किसी व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं है। सिपाही 47 अभिषेक कुमार को सिवान जिलादेश सं0-1144/26 द्वारा निलंबित कर दिया गया है तथा विभागीय कार्यवाही चलायी गयी है। मुख्यालय के मुताबिक जहाँ तक 03 व्यक्तियों के फायरिंग में घायल होने का प्रश्न है इसमें से 02 व्यक्ति क्रमशः 1 मो आरिफ उम्र-17 वर्ष एवं 2 आकाश कुमार, उम्र 22 वर्ष, हाफिज चौक पर घायल हुए, जो जेपी चौक से लगभग 15 कि0मी0 दूरी पर है। तथा 01 व्यक्ति 3 बुलेट कुमार गौड़ उम्र-20 वर्ष ट्राफिक थाना के पास घायल पाया गया, जो जेपी चौक से लगभग 02 किमी की दूरी पर अवस्थित है। चिकित्सकों के अनुसार तीनों घायल व्यक्यिों की हालत खतरे से बाहर है। इन तीनों को सिवान सदर अस्पताल में प्रारंभिक चिकित्सा के पश्चात् मेदांता हस्पीटल, पटना में भर्ती कराया गया है, जिसमें मो आरिफ को मेदांता अस्पताल से छुट्टी कर दी गयी है। इस संबंध में तीनों घायल व्यक्तियों के बयान पर निम्नलिखित काण्ड दर्ज किया गया है - जख्मी बुलेट कुमार के फर्दबयान पर सिवान नगर थाना काण्ड सं0-721/ 26 26 जुलाई दर्ज । जख्मी आकाश कुमार के फर्दबयान पर सिवान नगर थाना काण्ड सं0-722/ 26, दिनांक 26-07-2026
जख्मी मो आरिफ कुरैशी के फर्दबयान पर सिवान नगर थाना काण्ड सं0-723/26, दिनांक 26 जुलाई दर्ज किया गया।

### 355 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस मुख्यालय के मुताबिक 25 जुलाई को राज्य में विभिन्न छात्र संगठनों एवं कतिपय राजनीतिक दल समर्थित छात्र संगठनों छात्रों युवाओं द्वारा विभिन्न मुद्दों एवं मांगों को लेकर किये गये धरना प्रदर्शन एवं जुलूस के क्रम में कतिपय जिलों में विधि-व्यवस्था की गम्भीर समस्या उत्पन्न हुयी। 25 जुलाई के आंदोलन के दौरान राज्य में कुल 694 लोगों को हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिये गये लोगों में से 339 नाबालिग एवं छात्रों को सत्यापन के उपरांत मुक्त कर दिया गया। हिंसक घटनाओं में सम्मिलित 355 व्यक्तियों को न्यायालय अग्रसारित किया गया है। घटना में 91 पुलिस पदाधिकारी तथा पुलिसकर्मी जख्मी हुये हैं। हिंसक घटनाओं में पुलिस अधीक्षक सीवान तथा सीतामढ़ी के अलावे 02 अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी भी जख्मी हुयें। कई थाना प्रभारी के सिर भी फट गयें। गाँधी मैदान थाना प्रभारी को गंभीर चोट लगी। 14 सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त हुयें तथा 01 को अग्नि के हवाले कर दिया गया। 13 आम आदमी भी जख्मी हुयें। सारण में हुई घटना में प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर गंभीर रूप से जख्मी हैं। उनकी एक आँख समाप्त हो गई है। आइजीआइएमएस में उनकी चिकित्सा चल रही है। इसके अतिरिक्त सारण के प्रखंड विकास पदाधिकारी, रिविलगंज पर जानलेवा हमला किया गया। उनके सिर में गंभीर जख्म हुआ है। जिसकी सर्जरी मेदांता में हुई है। उपरोक्त दोनों पदाधिकारी गंभीर रूप से जख्मी हैं। अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## अग्निशमन विभाग के 18 अधिकारियों की नियुक्ति के लिए 2 से 15 अगस्त तक ऑनलाइन करें अभ्यर्थी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** गृह विभाग (आरक्षी शाखा), बिहार, पटना के अधीन बिहार अग्निशमन सेवान्तर्गत अपर निदेशक-सह-सहायक राज्य अगिशमन पदाधिकारी (अपर पुलिस अधीक्षक के समकक्ष) के कुल-4 एवं उप निदेशक (वरीय पुलिस उपाधीक्षक के समकक्ष) के कुल 14 रिक्तपदों पर नियमित नियुक्ति हेतु दिनांक-12-01-2026 को आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या-04/2026 एवं 05/2026 प्रकाशित किया गया था। उक्त विज्ञापनों में समुचित संख्या में आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण इन विज्ञापनों के लिए पुनः अनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते है- ऑनलाइन आवेदन 2 अगस्त प्रारम्भ होगा और ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 18 अगस्त होगा। आयोग के मुताबिक सभी वांछित प्रमाण पत्र ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि-15 अगस्त तक का निर्गत होना आवश्यक है। ऑनलाइन आवेदन से सम्बन्धित आवश्यक निदेश एवं विस्तृत विज्ञापन आयोग के बेबसाईट पर -12 जनवरी को प्रदर्शित आवश्यक सूचना के साथ उपलब्ध है। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए आयोग के बेबसाईट पर पूर्व से प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु आवश्यक निदेश का भली-भाँति अध्ययन कर लेंगे। विज्ञापन की शेष शर्ते यथावत् रहेगी। उक्त सूचना आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

### दस्तावेज सत्यापन स्थगित

**पटना / एनएसबी।** श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार के नियंत्रणाधीन कारखाना निरीक्षक (वि.सं.-03/2026) के अधीन दिनांक 24 जून को प्रकाशित दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम के अन्तर्गत 28 जुलाई से 10 अगस्त तक उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों का दस्तावेज सत्यापन अपरिहार्य कारण से स्थगित किया जाता है। ऐसे सभी उम्मीदवारों का दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम बाद में पुनः प्रकाशित किया जाएगा।आयोग के मुताबिक शेष दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम यथावत् रहेंगे।

## मंत्री ने पावरलिफ्टर को प्रदान की 10 लाख की सम्मान राशि

**हरनौत/ पटना (दीपक कुमार)।** ।हरनौत बाजार के सबनहुआडीह निवासी पैरा पावरलिफ्टर झंडू कुमार को ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की पैरा पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के लिए सम्मानित किया गया है। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने उन्हें 10 लाख की सम्मान राशि प्रदान की। यह सम्मान समारोह नई दिल्ली स्थित केंद्रीय मंत्री के कार्यालय में आयोजित किया गया। झंडू कुमार ने इस उपलब्धि से देश, बिहार और नालंदा जिले का नाम रोशन किया है।सम्मान समारोह के दौरान डा मांडविया ने कहा कि झंडू कुमार की यह उपलब्धि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस सोच का परिणाम बताया, जिसके तहत पैरा खेलों को मुख्यधारा में लाकर पैरा खिलाड़ियों को अन्य खिलाड़ियों के समान प्राथमिकता, सहयोग और अवसर दिए जा रहे हैं। केंद्रीय खेल मंत्री ने झंडू कुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनसे आगामी एशियाई पैरा खेलों में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव और बढ़ाने का आग्रह किया। इस पर झंडू कुमार ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी मेहनत और समर्पण के साथ एशियाई खेलों में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने का पूरा प्रयास करेंगे।इस अवसर पर पैरा पावरलिफ्टिंग इंडिया के अध्यक्ष जेपी सिंह और दिग्गज पैरा पावरलिफ्टिंग कोच राजेंद्र रहेलू भी उपस्थित थे। उन्होंने झंडू कुमार को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। झंडू कुमार की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी सह नालंदा पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव कुंदन कुमार पांडे,हरनौत नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह, समाजसेवी चंद्रउदय कुमार,रवि कुमार, सतनाम कबीर, प्रमोद कुमार और ज्ञानेश सहित कई अन्य लोगों ने भी उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। सभी ने विश्वास जताया कि झंडू कुमार आगामी एशियाई पैरा खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और भारत, बिहार तथा नालंदा का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक गौरवान्वित करेंगे।



केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने झंडू कुमार को 10 लाख की सम्मान राशि प्रदान की।

## बिहार विधान सभा की सभी समितियों की समीक्षा बैठक

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधान सभा के मुख्य भवन के प्रथम तल स्थित वाचनालय कक्ष में अध्यक्ष डा प्रेम कुमार की अध्यक्षता में बिहार विधान सभा की सभी समितियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अपने सम्बोधन में अध्यक्ष ने कहा कि यह बैठक इसलिए विशेष महत्व रखती है क्योंकि इसका उद्देश्य केवल औपचारिकता निभाना नहीं, बल्कि हमारी संसदीय समितियों की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुखी बनाना है। संसदीय समितियाँ विधायिका की वे इकाइयाँ हैं जिनके माध्यम से सदन का सामूहिक विवेक कार्यपालिका की गतिविधियों की गहन समीक्षा करता है, इसलिए इनकी कार्यप्रणाली जितनी सुदृढ़ होगी, हमारा लोकतंत्र उतना ही सशक्त होगा।

इस बैठक में बिहार विधान सभा के उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव , समितियों के सभापतिगण भाई बीरेंद्र, लोक लेखा समिति, मंगल पांडे, प्राक्कलन समिति, हरिनारायण सिंह, सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति, श्रीमती रेणु देवी, बिहार विरासत विकास समिति, मनोहर प्रसाद सिंह, प्रत्यायुक्त विधान समिति, श्रीमती अश्वमेध देवी, महिला एवं बाल विकास समिति, अख्तरूल ईमान, अल्पसंख्यक कल्याण समिति, श्रीमती ज्योति देवी, पुस्तकालय समिति, नागेन्द्र चन्द्रवंशी, आवास समिति, जनक सिंह, याचिका समिति, दुलाल चंद्र गोस्वामी, जिला परिषद् एवं पंचायती राज समिति, संतोष कुमार निराला, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति, सिद्धार्थ सौरभ, निवेदन समिति, कृष्ण कुमार मंटू, आचार समिति, फैसल रहमान, गैर सरकारी विधेयक एवं संकल्प समिति, अवधेश सिंह, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति, मिथुन कुमार, कृषि उद्योग विकास समिति, मनोरंजन सिंह, पर्यटन उद्योग संबंधी समिति, माधव आनंद, शून्यकाल समिति तथा श्रीमती निशा सिंह,कारा सुधार समिति सहित सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे ।


बिहार विधान सभा के मुख्य भवन के प्रथम तल स्थित वाचनालय कक्ष में अध्यक्ष डा प्रेम कुमार की अध्यक्षता में बिहार विधान सभा की सभी समितियों की समीक्षा बैठक आयोजित ।

## राष्ट्रीय कवि संगम की मासिक गोष्ठी संपन्न

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** साहित्य केवल शब्दों का उत्सव नहीं, बल्कि मनुष्य और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वाह भी है। उसी कलम-धर्म की पड़ताल राष्ट्रीय कवि संगम से जुड़े अधिकांश कविगण करते हैं। साहित्य का भविष्य पुरस्कारों, उपाधियों और भीड़ से नहीं, बल्कि उन साहित्य-साधकों से निर्मित होता है, जिनके शब्दों में संवेदना, विचारों में ईमानदारी और जीवन में मनुष्यता होती है। अधिकांश साहित्यिक व्यक्तित्व इन बातों की ओर ध्यान नहीं देते, जिसके कारण साहित्य-जगत प्रदूषित होता है। कलम तभी सार्थक है, जब वह समाज को प्रकाश की ओर ले जाए। साहित्य की सबसे बड़ी साधना यही है कि हम पहले एक अच्छे मनुष्य बनें और उसके बाद एक अच्छे साहित्यकार।

राष्ट्रीय कवि संगम की पटना शाखा द्वारा आयोजित कवि गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए सुपरिचित कवि एवं चित्रकार सिद्धेश्वर ने उपर्युक्त उद्गार व्यक्त किए।

पटना प्रांत के अंकेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय कवि संगम देश की एक ऐसी संस्था है, जिसमें साहित्य के प्रति समर्पित रचनाकार बिना किसी झूठे आडम्बर के जुड़े रहते हैं और साहित्य-जगत को एक स्वस्थ वातावरण प्रदान करते हैं।

वरिष्ठ शायर शंकर भगवान सिंह ने अपनी जादुई आवाज में अपनी गजल की प्रस्तुति दी खता हर किसी में वही देखते हैं गिरेबाँ जो अपना नहीं देखते हैं।

डा. अंकेश कुमार ने अपने शायराना अंदाज में कहा तेरी आँखों में जो उल्फत का नशा रहता है, एक जवाँ खवाब मेरे दिल में सजा रहता है।

संध्या साक्षी ने अपनी हास्य-व्यंग्य रचना अखण्ड भारत प्रस्तुत की दर्द इतना बढ़ रहा कि मुस्कुराने लगे हैं कुछ किस्से जो रह गए, अब गुनगुनाने लगे हैं।

दूसरी ओर धनंजय कुमार बबलू ने अपनी आवाज का जादू बिखेरते हुए प्रस्तुत किया षजिसको तेरा सहारा मिला, कैसे फिर बेसहारा हुआ।

सिद्धेश्वर ने अपनी आजाद गजलों की प्रस्तुति देकर पूरी महफिल को आलोकित कर दिया-व्यक्ति और समाज में तबाही रुकेगी कैसे , जिंदगी भर धन की उगाही रुकेगी कैसे , काट ली जाती है सच्ची जुबान हमारी, झूठ और सच की ये गवाही रुकेगी कैसे।

# गुरु पूर्णिमा पर एक पेड़ का संकल्प, श्रावण माह के लिए धार्मिक न्यास की बड़ी अपील

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद ने 29 जुलाई को मनाई जाने वाली गुरु पूर्णिमा और 30 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलने वाले श्रावण मास को लेकर राज्य के सभी पंजीकृत मठों और मंदिरों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। परिषद के अध्यक्ष रणवीर नंदन, पूर्व विधान पार्षद ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रत्येक मठ और मंदिर से गुरु पूजन के साथ एक पौधा लगाने का आग्रह किया है। साथ ही श्रावण मास के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ने वाली संख्या को देखते हुए सभी धार्मिक स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने को कहा गया है।

बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद की ओर से जारी पत्र में गुरु पूर्णिमा को भारतीय संस्कृति में गुरु परंपरा के सम्मान और कृतज्ञता का महत्वपूर्ण पर्व बताया गया है। इसी अवसर को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए एक गुरु एक पेड़ का संदेश दिया गया है। परिषद ने सभी मंदिरों, मठों और धार्मिक संस्थानों से आग्रह किया है कि गुरु पूजन के साथ एक पौधे का रोपण कर प्रति संरक्षण का भी संकल्प लें।

श्रावण मास के दौरान राज्य के प्रमुख शिवालयों और अन्य मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँचते हैं। इसे देखते हुए परिषद ने सभी अध्यक्षों, सचिवों और महंतों से मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देने की अपील की है। पत्र में कहा गया है कि श्रद्धालुओं के लिए दर्शन, जलाभिषेक और पूजा-पाठ की व्यवस्था व्यवस्थित और सुचारु होनी चाहिए, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।


रणवीर नंदन।

धार्मिक न्यास परिषद ने मंदिर प्रबंधन से कतार व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, पर्याप्त प्रकाश, सुरक्षा तथा महिला, बुजुर्ग एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा है। इसके अलावा आवश्यकता पड़ने पर प्राथमिक चिकित्सा और आकस्मिक चिकित्सा सहायता उपलब्ध रखने का भी अनुरोध किया गया है।

परिषद ने यह भी कहा है कि श्रावण मास के लिए की गई तैयारियों और उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद को उपलब्ध कराई जाए। इससे विभिन्न धार्मिक स्थलों पर की गई व्यवस्थाओं का समन्वय और आवश्यक सहयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा।

रणवीर नंदन ने अपने संदेश में कहा है कि गुरु पूर्णिमा केवल श्रद्धा का पर्व नहीं, बल्कि समाज और प्रति के प्रति दायित्व निभाने का भी अवसर है। वहीं श्रावण मास में मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी न्यास समितियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

श्रावण मास को लेकर धार्मिक गतिविधियाँ तेज होने लगी हैं। ऐसे में बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद की यह पहल धार्मिक आयोजन, पर्यावरण संरक्षण और श्रद्धालुओं की सुविधा को एक साथ जोड़ने का प्रयास मानी जा रही है। अब सभी पंजीत मठों और मंदिरों से इन निर्देशों के अनुरूप तैयारियाँ सुनिश्चित करने की अपेक्षा की गई है।

## खबरें खास-खास

### नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने किया रोड शो

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के 1 घंटे देर से 2 बजे से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का रोड शो का कार्यक्रम मीठापुर स्थित पुराना कार्यालय से शुरू हुआ जो कि वार्ड नंबर 16 के पुरंदरपुर वार्ड नंबर 17 के चांदपुर बेला एवं जयप्रकाश नगर पहुंचा। जहां पर राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव भाई अरुण कुमार के अलावा बृजेश निषाद प्रदीप गुप्ता अभिषेक पासवान विकास पासवान ने माला देकर स्वागत किया। वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा की बांकीपुर की जनता बदलाव के मूड में है। देश एवं बिहार की जनता भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार से मोह भंग हो गई है। जिस प्रकार दिल्ली से लेकर पटना में युवाओं पर दमन हुआ है उसका परिणाम बांकीपुर की जनता भारतीय जनता पार्टी को हरा कर देगी। आप लोग रेखा गुप्ता को जिताइए। रेखा गुप्ता एक बेहतर बांकीपुर का निर्माण के तहत अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था अच्छी स्कूल की व्यवस्था एवं गरीबों को वृद्धा पेंशन राशन कार्ड बनवाने में भी आम जनता को मदद करेगी। जयप्रकाश नगर के बाद सिपारा बिगरापुर एवं पोस्टल पार्क में रोड शो पहुंचा वहां पर राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव मदन शर्मा बल्ली यादव गणेश यादव अभा लता सुदाय यादव सुरेंद्र राय रणजीत सिंह गौरव यादव ने स्वागत किया। उसके बाद काफिला गोरिया टोली पहुंचा । जहां पर पूर्व विधायक मुन्ना यादव एवं मिंकु यादव ने स्वागत किया वहीं लाल जी टोला में लल्लू गोप पीर मोहनी में प्रेम गुप्ता रमेश यादव आयुर्वेदिक कॉलेज के पास दरियापुर में महताब आलम बिरला मंदिर में भारती यादव एवं सब्जी बाग में खुर्शीद आलम सिद्दीकी हसन अंसारी टीपू सुल्तान जमील कुरैशी ने स्वागत किया। वहां सभा समाप्त की गई।


नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के रोड शो करते।

### बांकीपुर में तेजस्वी यादव के रोड शो में जुटे लोग अरुण यादव

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में महागठबंधन समर्थित प्रत्याशी रेखा गुप्ता के पक्ष में निकाले गए विशाल जनसंपर्क सह रोड शो को जनता का समर्थन मिला। पूरे मार्ग में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर महागठबंधन के प्रति अपना विश्वास और समर्थन व्यक्त किया। राजद प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कि जिस प्रकार का अभूतपूर्व जनसमर्थन आज रोड शो में देखने को मिला, वह मतदान के दिन ऐतिहासिक जनादेश में परिवर्तित होगा और बांकीपुर की जनता महागठबंधन प्रत्याशी श्रीमती रेखा गुप्ता को भारी मतों से विजयी बनाकर जनविरोधी राजनीति को करारा जवाब देगी।


अरुण कुमार यादव।


### साईं मंदिर में दिखा श्रद्धा एवं विश्वास का अनूठा संगम, लगा रहा साईं भक्तों का ताँता

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** श्री साईं शिव कृपा मन्दिर न्यास द्वारा श्री साईं बाबा प्राण प्रतिष्ठा के सत्ताईसवें वार्षिक महोत्सव के द्विदिवसीय कार्यक्रम के दुसरे दिन प्रातः साईं बाबा का मंगल स्नान कराया गया । उसके पश्चात् दूध, घी, मधु, दही, चन्दन एवं गंगा जल से उनका अभिषेक किया गया । वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री साईं बाबा की विशेष पूजा अर्चना की गयी तथा उनका विशेष श्रृगार कराया गया । उक्त अवसर पर साईं भक्तों की भारी भीड़ उपस्थित थी । अपराहन 12 : 30 बजे से विशाल भंडारा सह महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम आरम्भ किया गया जो रात्रि 9 बजे तक चलता रहा। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण किया । पच्चीस हजार से ज्यादा साईं भक्तो ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया । श्री साईं शिव कृपा मन्दिर न्यास समिति के अध्यक्ष अवकाश प्राप्त न्यायमूर्ति ,पटना उच्च न्यायालय राधा मोहन प्रसाद, न्यास के सचिव राजेश कुमार डब्लू ने बताया कि शीघ्र हीं न्यास द्वारा आमजनों के लिए एम्बुलेंस एवं मुक्ति रथ संचालित करने की योजना है। जिसे आम भक्तों के सहयोग से पूर्ण कराया जाएगा । समारोह में कई बिशिष्ठ व्यक्तियों ने शिरकत की। जिसमे प्रमुख रूप से श्री साईं शिव कृपा मन्दिर के संस्थापक अध्यक्ष एवं निर्माणकर्ता तथा बिहार राज्य सवर्ण आयोग के उपाध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, विधान पार्षद संजय प्रकाश मयूख, कुम्हरार के विधायक संजय कुमार गुप्ता, पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश राज कुमार सहाय, पटना की महापौर श्रीमती सीता साहू, उप महापौर श्रीमती रश्मि चंद्रवंशी , हाजीपुर के पूर्व उपमहापौर कुमार अनिकेत श्रीवास्तव , समेत कई अन्य शामिल हैं । न्यास समिति के सचिव राजेश कुमार डब्लू , कोषाध्यक्ष कुमार नीरज, सदस्य संजय कुमार रजक , डा. चंचला कुमारी, डा. सहजानन्द सिंह, अखिलेश सिंह, रतन कुमार सिन्हा, पूर्व न्यासी शिव कुमार शर्मा, शशिधर झा, अजीत कुमार , पूर्व न्यासी एवं मीडिया प्रभारी अतुल आनन्द सन्नू , दीपक कुमार अभिषेक , मधुप मणि पिक्कू, अमिताभ, राजेश सिन्हा , अमर कुमार सिन्हा एवं विनीता कुमारी, सबिता कुमारी,मणि कुमारी , माधवी सिंह, प्रिया राजपूत, धीरज कुमार, चंद्रप्रकाश, करन कुमार, आयुष कुमार, सौरव अग्रवाल, आशीष कुमार, बलिराम श्रीवास्तव , राणा कुमार आदि मौजूद थे। उक्त आशय की जानकारी मीडिया प्रभारी अतुल आनन्द सन्नू ने दी।


बिहार राज्य सवर्ण आयोग के उपाध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, विधान पार्षद संजय प्रकाश मयूख, कुम्हरार के विधायक संजय कुमार गुप्ता व अन्य।

### कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प प्रखंड अध्यक्षों के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रखंड अध्यक्षों के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण शिविर में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने भाग लिया और संगठन को गांव, पंचायत तथा बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने कहा कि कांग्रेस संगठन की वास्तविक ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता और प्रखंड अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य संगठनात्मक दक्षता बढ़ाना, कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा से और अधिक सशक्त बनाना तथा जनता के बीच कांग्रेस की नीतियों और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि प्रखंड अध्यक्ष संगठन की रीढ़ हैं। उनकी सक्रियता और समर्पण से ही कांग्रेस गांव-गांव और हर बूथ तक अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगी। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर संगठन को नई ऊर्जा देने, कार्यकर्ताओं के कौशल को विकसित करने और आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी प्रखंड अध्यक्षों से आह्वान किया कि वे आम जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करें तथा कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन पूर्व डीजीपी एवं कांग्रेस नेता करुणा सागर ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विधायक मनोज विश्वास, ब्रजेश प्रसाद मुनन, पंकज यादव, असित नाथ तिवारी, प्रेमचंद सिंह एवं प्रखंड अध्यक्ष मौजूद थे।



प्रशिक्षण शिविर में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम व अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### पीजी अंग्रेजी विभाग एवं डा प्रभात दास फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान मे होगा निबंध प्रतियोगिता



**दरभंगा(एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के पीजी अंग्रेजी विभाग एवं डा प्रभात दास फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 01अगस्त 2026 को दिन के 11.30 बजे से अंग्रेजी विभाग के सभागार मे किया जायेगा। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता वनाम द्वेष पूर्ण भाषण विषय पर निबंध प्रतियोगिता मे सहभागिता निःशुल्क है। किसी भी विषय मे पढ़ने वाले प्रतिभागी उक्त प्रतियोगिता मे भाग ले सकते है.उक्त निर्णय ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के मानवीकी संकायध्यक्ष सह पीजी अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.पुनीता झा की अध्यक्षता मे संपन्न बैठक मे लिया गया.प्रो.झा ने कहा कि निबंध आदि प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों मे लिखने कि प्रवीर्ति प्रवल होती है साथ ही उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा बैठक मे असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.संकेत कुमार झा, डॉ शांभवी डॉ. नविन कुमार सिंह,डॉ.आर्यिका पॉल, डॉ.तनीमा कुमारी जे.आर.एफ. उत्कर्ष उमंग,दीपक कुमार,आर्यन कुमार रवि,डॉ प्रभात दास फाउंडेशन के सचिव मुकेश कुमार झा,इमरान अली खान आदि मौजूद थे।

### जब केंद्रीय मंत्री ने मानी मांगें, तो फिर निदोर्षों पर फर्जी प्राथमिकी क्यों : डा. मुन्ना खान



**दरभंगा(एनएसबी)।** कांग्रेस नेता सह प्रभारी पटना ग्रामीण - सृजन साथी अभियान डॉ. मुन्ना खान ने दरभंगा पुलिस की कार्यप्रणाली और निष्पक्षता पर कड़ा प्रहार करते हुए गंभीर सवाल खड़े किए हैं।डॉ. मुन्ना खान ने कहा कि, "जब केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने छात्रों की जायज मांगों को स्वीकार करते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि विरोध-प्रदर्शन के दौरान छात्रों पर दर्ज मुकदमों और ऋक्क को हटाया जाएगा, तो फिर दरभंगा पुलिस इसे खत्म करने के बजाय मामले को और तूल क्यों दे रही है?"छात्रों पर दर्ज एफ आई आर वापस लेने में देरी क्यों? केंद्रीय नेतृत्व द्वारा आश्वासन दिए जाने के बावजूद दरभंगा पुलिस अब तक मुकदमों को रद्द करने की दिशा में कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठा रही है?निदोर्षों को फंसाने की साजिश की जा रही है एफ आई आर खत्म करने के बजाय दरभंगा पुलिस लगातार गलत तरीके से नए-नए लोगों के नाम इसमें जोड़ रही है, जो पुलिस प्रशासन की मंशा पर साफ तौर पर सवाल खड़े करता है।घटनास्थल पर गैर-मौजूद नेताओं के नाम दर्ज क्यों है शुरूआती एफ आई आर में भी भारी फजीर्वाड़ा किया गया था। जो लोग विरोध-प्रदर्शन के वक्त दरभंगा में मौजूद तक नहीं थे, उनके नाम जानबूझकर शामिल किए गए। इसमें मुख्य रूप से कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शहरी क्षेत्र जमाल हसन, वसीम साहब और भीम आर्मी के कई कार्यकताओं के नाम जबरन जोड़े गए।किसके दबाव में काम कर रही है पुलिस? आखिर दरभंगा पुलिस की क्या मजबूरी है? वह किसके राजनीतिक या प्रशासनिक दबाव में आकर पहले निदोर्षों के नाम ऋक्क में डालती है और अब फिर से नए नाम जोड़कर लोगों को प्रताड़ित कर रही है?डॉ. मुन्ना खान ने जिला प्रशासन और पुलिस उच्चाधिकारियों से मांग की है कि, छात्रों और निर्दोष नेताओं पर दर्ज सभी फर्जी ऋक्क को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए।बिना किसी जांच के निदोर्षों के नाम मुकदमे में जोड़ने वाले दोषी पुलिस अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।पुलिस अपनी निष्पक्षता बनाए रखे और किसी के दबाव में आकर जनता व विपक्ष की आवाज दबाने का काम न करे। जो निर्दोष है उसे फंसाए नहीं,,, जो दोषी हैं उन्हें छोड़ नहीं।

### गुरु रविदास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएगी भाजपाः उमेश कुशवाहा

**दरभंगा(एनएसबी)।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज के समरसता, समानता और मानवता के अमर संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने उनकी 650वीं जनमोत्स्व को 'सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रीय एकता महापर्व' के रूप में मनाने का ऐतिहासिक संकल्प लिया है।29 जुलाई 2026 (गुरु पूर्णिमा से 20 फरवरी 2027 गुरु रविदास जयंती तक पूरे जिले में "समरसता संकल्प अभियान" चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य गुरु रविदास के समानता, सामाजिक समरसता, भाईचारे और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है।भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए करते हुए जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर दीपोत्सव, संत संपर्क अभियान, समरसता संवाद, सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने, जातिगत भेदभाव को समाप्त करने और "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास" की भावना को सशक्त करने का एक व्यापक जनआंदोलन है। उन्होंने कहा की संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज के समरसता, समानता और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लें तथा एक समरस, सशक्त और विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।बैठक में जिला महामंत्री सुजीत मल्लिक,अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान,पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामभरोस शाह, अश्वेश्वर पासवान नथुनी पासवान,मुन्ना राम, रेखा देवी, कमल शाह,अशोक ठाकुर, रंजू मिश्रा, रूपा देवी गोविंद पासवान सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### सऊदी अरब में दिवंगत इमरान आलम खान की पत्नी को भारतीय दूतावास से प्राप्त 1,48,101 का चेक डी.एम ने किया सुपुर्द

**दरभंगा(एनएसबी)।** सऊदी अरब में दिवंगत स्व. इमरान आलम खान के वैध उत्तराधिकारी के रूप में उनकी पत्नी नजाहत खानम को भुगतान किए जाने हेतु भारतीय राजदूतावास, रियाद द्वारा प्रेषित ₹1,48,101 एक लाख अड़तालीस हजार एक सौ एक रुपये का चेक जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में उन्हें विधिवत सुपुर्द किया। नजाहत खानम, ग्रामझमिरन खान, टोलाझलहवार, अंचलझकेवटी, जिलाझदरभंगा की निवासी हैं। भारतीय राजदूतावास, रियाद से प्राप्त उक्त चेक उन्हें उनके पति स्व० इमरान आलम खान के वैध उत्तराधिकारी के रूप में प्रदान किया गया।जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण प्रक्रिया नियमानुसार, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न की जाए, ताकि लाभार्थी को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



### स्कूल से घर लौट रही नाबालिग से छेड़छाड़ व मारपीट


**पोक्सो व एससी-एसटी एक्ट के तहत सिमरी थाना मे एफआईआर दर्ज**

**सिंहवाड़ा(एनएसबी)।** सिमरी थाना क्षेत्र में एक गांव मे नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़, जातिसूचक गाली-गलौज करने का मामला प्रकाश मे आया है। इस मामले मे पीड़िता की मां के आवेदन पर सिमरी थाना मे एफआईआर दर्ज की गई है। जिसमे अरई निवासी मो. नूर आलम के पुत्र मो. फुरकान आलम, पत्नी शबाना आजमी, पुत्री उजलिया, गुड़िया तथा चार-पांच अज्ञात लोगों को नामजद आरोपित किया है। दिये आवेदन मे बताया है कि विद्यालय से घर लौट रही नाबालिग के साथ छेड़छाड़ कर उसे जबरन एक घर में ले जाकर मारपीट की गई। विरोध करने पहुंचे परिजनों के साथ भी मारपीट, जातिसूचक गाली-गलौज करने का आरोप लगया है। उसने मंगलसूत्र व नकदी छीनने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि एससी-एसटी एक्ट एवं पोक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

# लंबित परिमार्जन आवेदनों का शीघ्र निष्पादन एवं भूमिहीन परिवारों को पर्चा वितरण में तेजी लाने के निर्देश

**डीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी एसडीओ, डीसीएलआर, अंचलाधिकारी एवं राजस्व कर्मचारियों के साथ की समीक्षा बैठक**

**दरभंगा(एनएसबी)।** जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारियों (एसडीओ), डीसीएलआर, अंचलाधिकारियों एवं राजस्व कर्मचारियों के साथ राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने परिमार्जन (म्यूटेशन सुधार) के लंबित सभी आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। समीक्षा में यह जानकारी सामने आई कि 2,814 आवेदन अंचलाधिकारियों के स्तर पर तथा 3,369 आवेदन राजस्व कर्मचारियों के लॉगिन में लंबित हैं। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में भूमिहीन परिवारों को पर्चा वितरण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों से पर्चा वितरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि उपलब्ध सरकारी भूमि का शीघ्र चिन्हांकन कर आवश्यक अभिलेख तैयार किए जाएं,ताकि पात्र लाभुकों को समय पर पर्चा उपलब्ध कराया जा सके।उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि जहां पूर्व से भूमिहीन परिवार निवास कर रहे हैं,वहां उनकी पहचान कर भूमि की मापी कराते हुए नियमानुसार पर्चा उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाए।जिलाधिकारी ने जिले के तीनों डीसीएलआर को पर्चा वितरण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने, सभी आवश्यक अभिलेखों का समय पर संधारण सुनिश्चित करने तथा कार्यों की सतत समीक्षा करने का निर्देश दिया।बैठक में राजस्व महाअभियान के अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने एवं पात्र मामलों में शीघ्र आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कराने का भी निर्देश दिया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व से संबंधित सभी सेवाओं का समयबद्ध निष्पादन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। बैठक में सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, अपर समाहर्ता राजस्व मनोज कुमार उपस्थित थे।जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, अंचलाधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े रहे।



जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार एवं अन्य

## बहादुरपुर में चोरों का आतंक, बंद घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी की आशंका

**बहादुरपुर(एनएसबी)।** फेकला थाना क्षेत्र अंतर्गत हरपति पंचायत के सिनुआर गोपाल गांव में रविवार की देर 1 वर्षों से बंद घरों में चोरों के द्वारा चोरी करने की मामला प्रकाश में आया है।बताया जाता है कि सिनुवार गोपाल गांव निवासी संतोष कुंवर के बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने घर में रखी पेटी और गोदरेज का सामान साफ कर दिया। स्थानीय लोगो के द्वारा बताया जा रहा है कि गृहस्वामी संतोष कुंवर मुंबई में रहकर किराना दुकान चलाते हैं।घर की देखरेख की जिम्मेदारी गांव की ही प्रेमलता देवी को दी गई थी।उक्त सम्बन्ध में देखरेख करने वाली प्रेमलता देवी ने बताया कि सुबह जब वह घर पहुंचीं तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था।अंदर जाकर देखा तो पेटी और गोदरेज से सामान गायब था।चोरी में कितने रुपये और कितने मूल्य का सामान चोरी हुई है,इसका सही आकलन घर के मालिक के आने के बाद ही हो सकेगा।स्थानीय लोग पुलिस से रात्रि गश्ती बढ़ाने और चोरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।घटना की सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा फेकला थाना पुलिस को दिया गया जिसके बाद सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।वही उक्त मामले में फेकला थाना अध्यक्ष वशिष्ठ कापर ने बताया कि घटना की जानकारी मिलती ही दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की तहकीकात की गई।एवं गृहीस्वामी के द्वारा आवेदन मिलने उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।



चोरी के बाद बिखरा सामान

## इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की पहल पर टी बी डी सी वार्ड में फूड पैकेट का किया गया वितरण

**दरभंगा(एनएसबी)।** हमेशा की तरह पीड़ित मानवता की सेवा के लिए तत्पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, दरभंगा शाखा के द्वारा सोमवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के टीबीडीसी वार्ड में टीबी के मरीजों के बीच उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए उनके बीच पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। कार्यक्रम के संयोजक कोषाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार एवं संरक्षक नीरज खेड़िया ने चिन्हित टीबी के मरीजों के बीच रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्यों के सहयोग से पौष्टिक आहार का पैकेट बनवाकर मरीजों में बांटा गया।कार्यक्रम की शुरूआत पैट्रन रविन्द्र यादव के द्वारा मरीजों को पोषक आहार के बारे में जानकारी दी। उसके बाद डॉ नंद कुमार ने टीबी से लड़ने की सलाह दी। सचिव आलोक कुमार (मुन्ना सिंह) ने मरीजों को स्वच्छ एवं साफ रहने की सलाह के साथ समय समय पर सहयोग करने बात कही। रेड क्रॉस सोसाइटी के राज्य प्रतिनिधि डॉ आर बी खेतान ने मास्क बाँट कर सभी मरीजों को सावधानी बरतने को कहा एवं प्रोटीन आहार लेने की सलाह दी। वरीय सदस्य डॉ ओमप्रकाश ने सभी मरीजों को संक्रमण से बचने के साथ साथ उन्हें पौष्टिक आहार और मास्क लगाने की सलाह दिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सी डी ओ सत्येंद्र कुमार ने भी मरीजों को स्वच्छ एवं स्वस्थ रहने की जानकारी दी। कार्यक्रम में राज कुमार पासवान, ,पैट्रन सह कोषाध्यक्ष आत्म सर्राफ, पैट्रन नीरज खेरिया, सुनिल सिंह ओपी, शंकर कुमार, डॉ लता खेतान, एन सी सी के सूबेदार, जीवछ कनोडिया सक्रिय रूप में उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी सदस्य आशीष सर्राफ ने दिया ।




पैकेट का वितरण करते डॉ आर बी खेतान,डॉ ओम प्रकाश एवं अन्य

## एन एच 27 पथ पर ट्रक की ठोकर से किशोर की मौत

**आक्रोशित ग्रामीणों ने आधा घंटे तक रखा एनएच को जाम,दरभंगा मुजफ्फरपुर उच्च पथ पर कंसी में हुई घटना**

**सिंहवाड़ा(एनएसबी)।** दरभंगा मुजफ्फरपुर उच्च पथ पर कंसी में सोमवार की शाम ट्रक की ठोकर से बाइक सवार एक सत्रह वर्षीय किशोर की घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार उसका साथी को मामूली चोट लगी। मौके पर पहुंची सिमरी पुलिस ने लाश को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है। इधर घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने उच्च पथ के दोनों लेन पर यातायात ठप कर दी। सीडीपीओ एसके सुमन, सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार एवं अन्य गणमान्य लोगों ने ग्रामीणों को समझा बूझकर आवागमन बहाल कराया। मृतक मुजफ्फरपुर जिला के गायघाट प्रखंड क्षेत्र के कमरथू गांव निवासी धर्मेंद्र मंडल के पुत्र अर्जुन कुमार बताया गया है। वह नगर पंचायत सिंहवाड़ा स्थित लालपुर निवासी अपने नाना सुंदेश्वर मंडल के यहां रहकर पढ़ाई करता था। मृतक चौधरी केदारनाथ प्लस टू उच्च विद्यालय सिंहवाड़ा के दसवी कक्षा का छात्र बताया गया है। बताया गया है कि अर्जुन गांव के ही अमरजीत यादव के साथ बाइक से जलवाड़ जा रहा था। इसी दौरान मुजफ्फरपुर से दरभंगा की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कंसी काली मंदिर चौक के समीप बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में अर्जुन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि अमरजीत हल्की चोट लगी वह बाल बाल बच गया। दुर्घटना से नाराज लोगों ने एनएच 27 के दोनों लेन जाम कर दिया। जाम की सूचना पर सदर एसडीपीओ टू एसके सुमन के नेतृत्व में सिमरी पुलिस के साथ साथ सिंहवाड़ा, मब्बी थाना तथा क्यूआरटी की टीम मौके पर पहुंची।अधिकारियों द्वारा समझाने के बाद करीब आधे घंटे में जाम समाप्त कर यातायात बहाल कराया गया। हादसे के बाद भाग रहे ट्रक को मब्बी थाना पुलिस के सहयोग से पकड़ लिया गया। चालक सह ट्रक मालिक की पहचान उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के मैनाठेर थाना क्षेत्र के असालत नगर निवासी फरीद आलम के रूप में हुई है। अर्जुन दो भाइयों में बड़ा था। उसकी मौत की खबर मिलते ही मां पार्वती देवी, छोटे भाई अभिषेक सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि इस मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### बकाये वेतन-पेंशन भुगतान के लिए दो दिवसीय विशेष शिविर शुरू

**संस्कृत विश्वविद्यालय के दरबार हॉल में दिए गए करीब 115 आवेदन**

**दरभंगा(एनएसबी)।** वैसे कार्यरत व सेवानिवृत कर्मी जिन्हें बकाया वेतन या फिर सेवांत लाभ की राशि नहीं मिल पायी है, उनके लिए संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा दरबार हॉल में दो दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। आज सोमवार को पहले दिन भुगतान के लिए करीब 115 आवेदन दिए गए हैं। शिविर कल दूसरे दिन मंगलवार को भी लगेगा। आवेदक यहां जरूरी कागजातों के साथ अपना भुगतान सम्बन्धी आवेदन दे सकते हैं। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि कुलपति प्रो लक्ष्मी निवास पांडेय ने खुद काफी देर तक शिविर में बैठकर आवेदकों की परेशानी सुनी और विधि सम्वत कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। कुलपति ने लेखा विभाग के कर्मियों से कहा कि सभी आवेदनों को गम्भीरता से लेना है और आवेदकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसका भी ध्यान रखना है। उन्होंने आवेदकों को धैर्य रखने को कहा। वहीं , पूरे दिन शिविर में बैठे कुलसचिव डॉ दिनेश झा ने कहा कि सभी आवेदनों में किये गए भगतां सम्बन्धी दावे को देखा व परखा जाएगा। सरकार व लोकभवन के दिशा निदेर्शों का पालन करते हुए आवेदनों की छंटनी की जाएगी और फिर भुगतान होगा। इसी बीच एफओ डॉ पवन कुमार झा ने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों के वेतन एवं बकाया वेतन तथा सेवानिवृत्त शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों के सेवानिवृत्त लाभ सम्बन्धी आवेदन मिले हैं। शिविर पश्चात सभी की विधि सम्मत आर्थिक गणना की जाएगी फिर भुगतान का कार्य आगे बढ़ेगा।

## स्वयं पाठ्यक्रम एकीकरण एवं विश्वविद्यालय परीक्षा मानचित्रण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दरभंगा(एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के आईक्यूएसी सभागार में स्वयं पाठ्यक्रम एकीकरण एवं विश्वविद्यालय परीक्षा मानचित्रण उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा यूजीसी विनियमों के अंतर्गत स्वयं पाठ्यक्रमों को अपनाने, मानचित्रित करने एवं परीक्षा संचालन हेतु एक रूपरेखा विषय पर एक जागरूकता एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ आईक्यूएसी, एलएनएमयू, तथा स्वयं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य शिक्षकों, विभागीय समन्वयकों तथा शैक्षणिक हितधारकों को यूजीसी द्वारा निर्धारित उस रूपरेखा के प्रति जागरूक करना था, जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में स्वयं पाठ्यक्रमों को एकीकृत किया जाना है तथा उनके लिए परीक्षा मानचित्रण एवं संचालन की प्रक्रिया अपनाई जानी है।कार्यक्रम की अध्यक्षता आईक्यूएसी निदेशक डॉ मो ज्या हैदर ने की। अपने संबोधन में उन्होंने गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की पहुँच बढ़ाने में स्वयं मंच के महत्व पर प्रकाश डाला तथा संघटक एवं संबद्ध महाविद्यालयों से यूजीसी विनियमों के अनुरूप स्वयं पाठ्यक्रमों को सक्रिय रूप से अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम एकीकरण एवं परीक्षा मानचित्रण की स्पष्ट रूपरेखा से शैक्षणिक लचीलापन सुदृढ़ होगा, जिससे विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। विश्वविद्यालय के स्वयं नोडल पदाधिकारी डॉ मुदस्सिर हसन भट्ट ने कार्यक्रम के तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने यूजीसी दिशा-निदेर्शों के अंतर्गत निर्धारित पाठ्यक्रम चयन, क्रेडिट मानचित्रण, परीक्षा समय-सारणी तथा ग्रेड स्थानांतरण की चरणबद्ध प्रक्रिया की जानकारी दी तथा संस्थागत स्तर पर क्रियान्वयन से संबंधित प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान किया।इस अवसर पर आईक्यूएसी समन्वयकों, शिक्षकों एवं शैक्षणिक स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली में स्वयं पाठ्यक्रमों को अपनाने से संबंधित व्यावहारिक चुनौतियों एवं सर्वोत्तम व्यवहारों पर गहन विचार-विमर्श किया।धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें डिजिटल शिक्षण पहलों को बढ़ावा देने तथा उन्हें औपचारिक शैक्षणिक एवं परीक्षा प्रणाली के साथ सुचारु रूप से एकीकृत करने के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया गया।



कार्यक्रम मे भाग लेते आईक्यूएसी निदेशक डॉ मो ज्या हैदर

### एच 27 पथ पर अज्ञात वाहन की ठोकर से होमगार्ड जवान का निधन

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** दरभंगा-मुजफ्फरपुर उच्च पथ पर भराठी स्थित वृहद आश्रय गृह के समीप बाइक से होमगार्ड जवान को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। टक्कर लगते ही सडक पर गिरकर घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सिमरी पुलिस ने उसे इलाज के लिए डीएमसीएच भेज दिया। घायल जवान की पहचान कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र निवासी सुमित कुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि सोमवार को दोपहर सुमित कुमार बाइक से दरभंगा दोनार से वृहद आश्रय गृह, सिमरी ड्यूटी पर आ रहे थे। इसी दौरान वृहद् आश्रय गृह के समीप एनएच-27 पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया की अज्ञात वाहन की पहचान करने और मामले की जांच में जुटी है। देर शाम इलाज के दौरान जवान का निधन हो गया

## संक्षिप्त खबरें

### पैसों के लेन-देन को लेकर चली गोली, कोई हताहत नहीं

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव में सोमवार को पैसों के लेन-देन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद के दौरान गोलीबारी की घटना सामने आई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया।घटना की सूचना मिलते ही मुफ्फसिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा (कारतूस के खाली खोल) बरामद किए हैं, जिन्हें जब्त कर आगे की जांच के लिए भेज दिया गया है।पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में विवाद की वजह पैसों का लेन-देन बताया जा रहा है। हालांकि, मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। इस घटना में किसी के घायल होने की अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और गोली चलाने वाले आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद घटना के कारणों और इसमें शामिल लोगों के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।

### श्रावणी मेले में मंदिर परिसर तक पैदल ही जा सकेंगे श्रद्धालु, पांच प्रमुख स्थानों पर वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध

**(एनएसबी)।विद्यापतिनगर।** श्रावणी मेले के दौरान विद्यापतिधाम आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन ने वाहन वर्जित क्षेत्र का विस्तृत नजरि नक्शा जारी किया है। इस नक्शे के माध्यम से श्रद्धालुओं को स्पष्ट जानकारी दी गई है कि मंदिर परिसर तक किन-किन मार्गों पर केवल पैदल आवागमन की अनुमति रहेगी तथा किन स्थानों से आगे सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। जारी नक्शे के अनुसार आदर्श मध्य विद्यालय के आगे से मंदिर तक, विद्यापतिनगर स्मारक चौक से मंदिर जाने वाली सड़क, एसएच-88 स्थित सुभानीपुर मोड़ से आगे, बजरंगी चौक से मंदिर तक तथा विद्यापतिधाम रेलवे स्टेशन के आगे माल गोदाम मार्ग से मंदिर परिसर तक सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण रोक रहेगी।




इन सभी मार्गों पर श्रद्धालुओं के लिए केवल पैदल मार्ग की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने सभी प्रतिबंधित स्थलों पर बैरिकेडिंग, दिशा-सूचक बोर्ड एवं वाहन प्रवेश निषेध के संकेतक लगाए हैं। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पैदल मार्ग को स्पष्ट रूप से चिन्हित किया गया है, ताकि किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। मंदिर परिसर एवं मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरे, पुलिस बल, दंडाधिकारी तथा वोलेंटियर की तैनाती की जा रही है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे जारी नजरि नक्शे एवं यातायात व्यवस्था का पालन करें, अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें तथा मंदिर तक पैदल पहुंचकर प्रशासन का सहयोग करें। अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी किशन कुमार ने कहा कि यह व्यवस्था केवल श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण एवं शांतिपूर्ण श्रावणी मेले के सफल आयोजन को ध्यान में रखकर लागू की गई है। इससे मेला क्षेत्र में यातायात सुचारु रहेगा और श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुविधाजनक दर्शन का लाभ मिल सकेगा।

### पंचायत विकास दिवस पर लिया गुड गवर्नेंस का संकल्पा

**सिंघिया (एनएसबी)।** सरकार के निर्देशानुसार रविवार को समस्तीपुर जिला के सिंघिया प्रखंड की सभी ग्राम पंचायतों में ह्लपंचायत विकास दिवसह्व का आयोजन किया गया। प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले इस विशेष कार्यक्रम में इस बार ह्लगुड गवर्नेंसह्व को मुख्य विषय बनाकर पंचायत स्तर पर सुशासन की अवधारणा, सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जनसेवा की गुणवत्ता तथा पंचायतों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।
कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को यह संदेश दिया गया कि ग्राम पंचायतें ही सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं और सुशासन की मजबूत व्यवस्था से ही आम लोगों को सरल, सुलभ एवं सम्मानजनक सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। बीडीओ विवेक रंजन के नेतृत्व में पूरे प्रखंड की सभी पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का सफल आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, पंचायत स्तरीय कर्मियों तथा ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई। बीडीओ ने पूर्व में ही सभी पंचायत स्तरीय कर्मियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किया था, जिसके कारण सभी पंचायतों में योजनाओं की समीक्षा और जनसमस्याओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर प्रशासनिक नैतिकता, जवाबदेही, पारदर्शिता और संवेदनशील कार्यसंस्कृति विकसित किए बिना सुशासन की स्थापना संभव नहीं है।सरकारी व्यवस्था में आधुनिक तकनीक, प्रशासनिक नवाचार तथा समयबद्ध सेवा प्रदायगी को बढ़ावा देकर ही ग्रामीण विकास की गति तेज की जा सकती है।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना पर भी विशेष चर्चा हुई। पंचायतों में जलापूर्ति व्यवस्था, अनुरक्षकों के भुगतान, पेयजल आपूर्ति में आने वाली समस्याओं तथा उनके त्वरित समाधान के संबंध में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने अपने सुझाव रखे। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि प्राप्त समस्याओं का नियमानुसार निष्पादन कराया जाएगा ताकि लोगों को स्वच्छ एवं नियमित पेयजल उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही पंचायतों में संचालित अन्य विकास योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में जनसहभागिता को सबसे महत्वपूर्ण बताया गया। बीडीओ विवेक रंजन स्वयं ग्राम पंचायत नीरपुर भरड़िया में आयोजित पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया मिंटू देवी ने की। कार्यक्रम का संचालन नामित सचिव सह राजस्व कर्मचारी रंजीत कुमार पासवान ने किया। इस अवसर पर ग्रामीण आवास सहायक राजीव रंजन, ग्राम कचहरी सचिव सुरेंद्र कुमार तथा कार्यपालक सहायक प्रवीण कुमार सहित पंचायत स्तरीय कर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, चालक गंभीर

**विद्यापतिनगर (एनएसबी) ।** थाना क्षेत्र से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-122बी पर रविवार देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। बजरंगी चौक के समीप सड़क पार कर रहे 75 वर्षीय बुजुर्ग को तेज गति से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान साहित पंचायत निवासी अशरफी चौरसिया (75) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि रविवार रात करीब साढ़े दस बजे वह घर पर भोजन करने के बाद पास स्थित अपने डेरा की ओर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान बजरंगी चौक के समीप तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अशरफी चौरसिया सड़क पर गिर पड़े और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं बाइक चालक भी संतुलन खोकर सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही विद्यापतिनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही दुर्घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। अपर थानाध्यक्ष अमृता राज ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घायल बाइक चालक का इलाज चल रहा है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि एनएच-122बी पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। लगातार हो रही सड़क हादसे पर लोगों ने बजरंगी चौक के समीप यातायात नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम करने तथा वाहनों की रफ्तार पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है।

# दामाद हत्याकांड की सुनवाई में कोर्ट जा रहे वृद्ध को जेसीबी ने कुचला, दर्दनाक मौत

**बेटी गंभीर रूप से घायल, एनएच-122बी पर पांच घंटे जाम, उग्र भीड़ ने पुलिस को भी खदेड़ा , स्वजनों ने जताई साजिश की आशंका,**

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-122बी पर सोमवार को हुए एक दर्दनाक हादसे के बाद दिन भर गहमागहमी बनी रही। बेगूसराय कोर्ट में दामाद हत्याकांड की सुनवाई में शामिल होने जा रहे थाना क्षेत्र स्थित बंगराहा निवासी सुरेश राय ( 65 ) की शेरपुर स्थित चांदनी चौक के समीप जेसीबी की टक्कर से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उनके साथ बाइक पर सवार बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद गुस्साए स्वजनों और ग्रामीणों ने शव के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग 122 बी को घटनास्थल पर जाम कर दिया। आक्रोश इतना बढ़ गया कि मौके पर पहुंची पुलिस को भी लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। करीब पांच घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग-122बी पर यातायात पूरी तरह ठप रहा। बाद में वरीय अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों ने काफी मशक्कत के बाद वार्ता कर आक्रोशित लोगों को शांत करा जाम समाप्त कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि सुरेश राय ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ी। स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। देखते ही देखते आक्रोशित भीड़ ने राष्ट्रीय राजमार्ग-122बी को जाम कर दिया। लोगों ने मृतक के आश्रितों को मुआवजा, जेसीबी चालक की गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। यात्रियों को घंटों सड़क पर फंसे रहना पड़ा। मृतक के भाई विनोद कुमार राय ने घटना पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि करीब 40 दिन पहले बछवाड़ा थाना क्षेत्र के चमथा गांव में सुरेश राय के दामाद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसी मामले की सुनवाई में शामिल होने के लिए वह अपनी बेटी के साथ बेगूसराय कोर्ट जा रहे थे। ऐसे में यह महज सड़क हादसा नहीं लगता। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग करते हुए आशंका जताई कि घटना के पीछे सुनियोजित साजिश भी हो सकती है। घटना की सूचना मिलते ही वरीय पुलिस उपाधीक्षक विवेक कुमार शर्मा, विद्यापतिनगर थाना पुलिस तथा आसपास के थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। शुरूआती विरोध के कारण पुलिस को स्थिति संभालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस अधिकारियों ने स्वजनों और ग्रामीणों से कई दौर की वार्ता की। आश्वासन मिलने के बाद करीब पांच घंटे बाद जाम समाप्त हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है।

वरीय पुलिस उपाधीक्षक श्री शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत होता है, लेकिन मृतक के परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों को भी जांच में शामिल किया गया है। जेसीबी चालक की तलाश की जा रही है और दुर्घटना के हर पहलू की जांच की जा रही है।


सड़क जाम का दृश्य

## जिलाधिकारी एवं आरक्षी अधीक्षक ने की अधिनायक अनुदेशक परीक्षा के तैयारियों की समीक्षा, परीक्षा 29 को, शामिल होंगे 6575 अभ्यर्थी

**(एनएसबी)। समस्तीपुर।** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा दिनांक 29 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाली अधिनायक अनुदेशक प्रारंभिक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा, 2026 के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिलाधिकारी समस्तीपुर रोशन कुशवाहा एवं पुलिस अधीक्षक समस्तीपुर अरविंद प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से समाहरणालय सभागार, समस्तीपुर में समीक्षात्मक बैठक को संबोधित किया। बैठक में परीक्षा की प्रशासनिक एवं सुरक्षा संबंधी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था तथा निर्धारित मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए तथा असामाजिक तत्वों एवं कदाचार फैलाने वाले व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। उन्होंने परीक्षा अवधि में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा अभ्यर्थियों के सुगम एवं सुरक्षित प्रवेश-निकास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बताते चलें कि, इस परीक्षा में कुल 6,576 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा के सफल संचालन हेतु 3 उड़न दस्ता दल, 8 जोनल दंडाधिकारी तथा 14 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है।गठित तीन उड़न दस्ता दलों में क्रमशः नगर आयुक्त, समस्तीपुर ज्ञान प्रकाश, बंदोबस्त पदाधिकारी, समस्तीपुर विजय कुमार तथा जिला पंचायत राज पदाधिकारी विष्णु देव मंडल को प्रतिनियुक्त किया गया है। सभी उड़न दस्ता दलों को परीक्षा अवधि के दौरान नियमित रूप से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का दायित्व सौंपा गया है।बैठक में उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) राजेश सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी सहित सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्राधीक्षक उपस्थित थे।


बैठक में शामिल पदाधिकारी व अन्य

## धूमधाम से मनेगी बाबा गणिनाथ गोविंद जयंती

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के मगरदही घाट स्थित बाबा गणिनाथ विवाह भवन में मध्य देशीय वैश्य कानू संघ के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष बाबा गणिनाथ गोविंद जी की जयंती 5 सितंबर 2026 (शनिवार) को भव्य एवं धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। बैठक की अध्यक्षता विनोद कुमार गुप्ता ने की। इस दौरान संघ के वार्षिक संगठनात्मक चुनाव भी संपन्न हुए, जिसमें सर्वसम्मति से विनोद कुमार गुप्ता को अध्यक्ष चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर राम ईश्वर साह और अशोक साह, सचिव पद पर मनोज कुमार, उप सचिव के रूप में सुदेश चंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष के रूप में प्रो. बसंत कुमार तथा उप कोषाध्यक्ष के रूप में दिनेश कुमार का चयन किया गया। इसके अलावा 25 सदस्यीय कार्य समिति का भी गठन किया गया।बैठक में कोषाध्यक्ष प्रो. बसंत कुमार ने पिछले वर्ष आयोजित जयंती समारोह के आय-व्यय का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। आगामी जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर 2 अगस्त (रविवार) को अगली बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें पूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, श्रद्धालुओं के भोजन, पेयजल, सुरक्षा, पंडाल एवं सजावट सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी तय की जाएगी।कार्यक्रम में जिले के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें चंद्रशेखर साह, चंदन कुमार, प्रेम कुमार गुप्ता, अनिल कुमार, अभिषेक कुमार, अमित कुमार मुन्ना, प्रो. जितेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, दिनेश गुप्ता, आनंद भूषण एवं प्रो. गोपाल प्रसाद गुप्ता सहित अन्य शामिल थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन सचिव मनोज कुमार द्वारा किया गया।



## विविध मांगों को लेकर आर. बी. कालेज के शिक्षकेतर कर्मचारियों ने किया अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर पन्द्रह सूत्री मांगों को लेकर आर. बी. कालेज, दलसिंहसराय के शिक्षकेतर कर्मचारियों ने सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया। महाविद्यालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष प्रभात रंजन एवं सचिव वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में हड़ताल अग्रसर है। कर्मचारियों के पन्द्रह सूत्री मांगों में पूर्व समर्पित ज्ञापनों सहित लिखित बिन्दुओं का क्रियान्वयन, प्रोन्नति प्रभार दिये गये कर्मियों का प्रोन्नति वेतन का निर्धारण व भुगतान सुनिश्चित करने, शेष बचे कर्मियों की पदस्थापना सुनिश्चित करने, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में अहर्ता प्राप्त कर्मियों को रिक्त पदों पर प्रोन्नति प्रभार देने, लोक भवन पटना द्वारा पारित नियम/ परिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करने, चतुर्थ चरण के कर्मियों का सक्षम वेतन के अनुरूप वेतनान्तर का भुगतान करने, न्यायालय से न्याय प्राप्त कर्मियों को न्यायदेश के आलोक में लाभ प्रदान करने, नियम/ परिनियम एवं तथ्यों से परे संचिकाओं का निष्पादन कर कर्मचारियों का आर्थिक एवं मानसिक दोहन- शोषण पर नियमानुसार कार्रवाई करने, महाविद्यालय में प्रधान लिपिक सामान्य/लेखा को प्रशाखा पदाधिकारी नामित करने, सभी स्थानांतरित कर्मियों का किया गया स्थानांतरण वापस करने, कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मियों का बकाये मंहगाई भत्ते का अविलम्ब पूर्ण भुगतान करने, सेवा निवृत्त कर्मियों का नियमों के विपरीत की गई कटौती वापस करते हुए सेवांत लाभ का भुगतान करने, न्यायालय के आदेश के विपरीत प्रोन्नति में तिथियों की हेराफेरी का तुरंत सुधार करने, एमएसीपी का निर्धारण करने, सभी कार्यरत एवं अवकाश प्राप्त कर्मियों का ससमय वेतन भुगतान करने सहित अन्य मांगे शामिल हैं। हड़ताल के दौरान महाविद्यालय की सभी कक्षाएं, सभी कार्यालय, पुस्तकालय एवं प्रायोगिक परीक्षाएं पूर्णतः बंद रहे। मौके पर कर्मचारी शत्रुघ्न साह,मलय कुमार, रामचंद्र सिंह,विजय कुमार, पांचू राम, अंकित मिश्रा आदि मौजूद थे।



## कुसुम सदन में देर शाम तक बहती रही काव्य धारा

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** कुसुम पाण्डेय स्मृति साहित्य संस्थान के तत्वावधान में केन्द्रीय विद्यालय समस्तीपुर के निकट स्थित कुसुम सदन के प्रागंण में दिनांक 26 जुलाई 2026 रविवार की संध्या में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दूर से बड़ी संख्या में रचनाकार उपस्थित हुए। डॉ रामेश गौरीश ने उपस्थित सभी रचनाकारों का हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिन्दी के चर्चित रचनाकार नरेंद्र कुमार सिंह त्यागी तथा संचालन सुप्रसिद्ध गजलकार प्रवीण कुमार चुन्नू ने किया। सुप्रसिद्ध गीतकार एवं पूर्व रेल राजभाषा अधिकारी भुवनेश्वर मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के अध्यक्ष शिवेंद्र कुमार पाण्डेय ने जुलाई महीने में उत्पन्न हिन्दी साहित्य के आधार स्तम्भ राम पुनित ठाकुर तरुण, मार्कण्डेय प्रवासी, पं. देवेन्द्र नाथ शर्मा, मुंशी प्रेमचंद डॉ राम लखन राय, प्रो. (डॉ.) मुन्नी सिन्हा, दिनेश दीन, चन्द्रधर शर्मा गुलेरी, इस्मत चुगताई के कृतित्व तथा व्यक्तित्व पर विशद चर्चा करते हुए उनके प्रति भावभीनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया। राष्ट्र के वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे, पं चन्द्र शेखर तिवारी आजाद, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, के अलावा कारगिल शौर्य के अमर सेनानियों के प्रति भी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डॉ राम सूरत प्रियदर्शी ने मां सरस्वती की आराधना गीत से गोष्ठी का प्रारंभ किया। सावन की फुहार, भोलेनाथ को समर्पित भजन के अलावा गजल, हास्य व्यंग, रोमांटिक एवं पर्यावरण संबंधी भोजपुरी गीत और मैथिली तथा बज्जिका की रचनाएं आकर्षण के केंद्र रहीं। इसी क्रम में डॉ नरेन्द्र कुमार सिंह त्यागी की नवीनतम कृति काव्य कलियां का सामूहिक रूप से लोकार्पण किया गया। इस दौरान डॉ. राम सूरत प्रियदर्शी, राज कुमार चौधरी, शिवेंद्र कुमार पाण्डेय, भुवनेश्वर मिश्र, दिनेश प्रसाद धुरंधर, रामाश्रय राय राकेश, राजकुमार राय राजेश, विष्णु कुमार केडिया, प्रवीण कुमार चुन्नू, दीपक कुमार श्रीवास्तव, डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह, राम लखन यादव, हरि नारायण सिंह हरि, डॉ, नरेंद्र कुमार सिंह त्यागी, शुभम कुमार, डॉ मुकेश कुमार, मो. जावेद समस्तीपुरी, विनोद विनित, कैलाश पोद्दार मनोहर,आदि की रचनाएं खूब पसंद की गई। समापन के पूर्व दिवंगत साहित्य मनीषियों डॉ राम पुनीत ठाकुर तरुण तथा पलटू चौधरी को समवेत रुप से श्रद्धांजलि दी गई। समापन आयुष्मान प्रकाश द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से की गई।


लोकार्पण करते साहित्यकार।

## 29 जुलाई से 20 फरवरी 2027 तक चलेगा संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती का समारोह

**, तैयारी को लेकर कार्यशाला संपन्न**

**समस्तीपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में सोमवार को संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा समस्तीपुर दक्षिणी के जिलाध्यक्ष शशिधर झा ने की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने बताया कि, संत रविदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित यह कार्यक्रम 29 जुलाई 2026 से प्रारंभ होकर 20 फरवरी 2027 तक विभिन्न चरणों में संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य संत रविदास जी के विचारों और उनके सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए श्री झा ने बताया कि इसे चार चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण में संत रविदास जी के जन्मस्थल वाराणसी से कलश में पवित्र मिट्टी लाकर प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक ह्यकलश यात्राह्ण निकाली जाएगी। द्वितीय चरण में संत रविदास जी के मंदिरों एवं अन्य स्थानीय मंदिरों के साधु-संतों का सम्मान समारोह आयोजित होगा। तृतीय चरण में रविदास समाज सहित सभी वर्गों के बीच जाति विहीन समाज और सामाजिक समरसता का संदेश फैलाया जाएगा। वहीं अंतिम चरण में दलित छात्रावासों में जाकर बच्चों से संवाद स्थापित किया जाएगा तथा उन्हें संत रविदास जी के जीवन और आदर्शों से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश की ओर से मुख्य वक्ता के रूप में संजीव साह उपस्थित रहे, जिन्होंने संत रविदास जी के विचारों को आज के सामाजिक परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम का संचालन समस्तीपुर दक्षिणी के महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने किया। बैठक में समस्तीपुर उत्तरी के महामंत्री बैद्यनाथ झा, प्रदेश नेता राकेश पासवान, जिला मंत्री संजीव राय, रविन्द्र पासवान, दीपक महराज, अशोक निषाद, रामबालक कुशवाहा, दिलीप कुशवाहा, महेन्द्र महतो, विष्णुदेव कुशवाहा, नीरज चौधरी, विमलेश चौधरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



मंचासीन जिलाध्यक्ष व अन्य।

## ग्रामीणों ने की सड़क पर की धान रोपाई

**सरायरंजन (एनएसबी)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी के क्षेत्र में वर्षों से उपेक्षित जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों ने विरोध का अजब तरीका अपनाया। प्रखंड क्षेत्र स्थित रायपुर बुजुर्ग पंचायत स्थित जान मोहम्मदपुर वार्ड 01 से उच्च विद्यालय तक जाने वाली मुख्य सड़क के निर्माण में हो रही देरी से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क पर धान रोपकर विरोध प्रदर्शन किया। वर्षों से जारी मांग के बावजूद सड़क न बनने पर ग्रामीण भैयाराम सहनी ने तंज कसते हुए कहा कि सड़क चलने योग्य न होने के कारण धान ही रोप दिया ताकि कुछ फसल मिल सके। वहीं मौके पर मौजूद क्षेत्रीय युवा समाजसेवी संजीव कुमार इन्कलाबी ने स्थानीय जनप्रतिनिधि पर क्षेत्र के विकास की अनदेखी का आरोप लगाते हुए तीखा निशाना साधा और कहा कि चुनाव के दौरान वोटिंग से पहले सड़क बनाने का वादा किया गया था, लेकिन नौ महीने बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस है।

# जमीनी विवाद में गोलीबारी एवं मारपीट मामले में मधुबनी पुलिस की त्वरित कार्रवाई

## घटना में संलिप्त 06 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शिवम धाकड़ बताया है कि 26 जुलाई को सुबह समय करीब 09:30 बजे, लखनौर थाना क्षेत्र के बेलही निवासी रामबिलास मुखिया को सूचना मिली कि उनकी जमीन पर फसल को जमीन हड़पने के नियत से कुछ लोग जबरन ट्रैक्टर से जोत रहे हैं। सूचना मिलने पर वे अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुँचे और विरोध किया, तो आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए हरवे-हथियार से लैश होकर मारपीट किया तथा दिलीप मुखिया को गोली मारकर जख्मी भी कर दिया गया। इसी दौरान आरोपितों द्वारा रामप्रकाश मुखिया के शरीर पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया गया, जिससे उनका जाँघ टूट गया तथा अन्य व्यक्ति भी इस घटना में घायल हुए हैं। तदोपरांत पीडितों द्वारा उक्त घटना की सूचना लखनौर थाना को दी गई। सूचना प्राप्ति उपरांत लखनौर थाना की पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुँची एवं घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं इस संबंध में दिए गये आवेदन के आधार पर 19 नामजद एवं अन्य अज्ञात अभियक्तों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के तहत कांड दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ की गई। उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), मधुबनी द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, झंझारपुर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। गठित टीम द्वारा मानवीय आसूचना संकलन के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त प्राथमिक नामजद 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया हैं एवं घटना में प्रयुक्त दोनों ट्रैक्टरों को जब्त भी कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा हैं एवं अन्य विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं। घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी जारी है। वर्तमान में विधि-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है। जानकारी देते हुए बताया कि विष्णुदेव यादव, पे०-स्व० बैदही शरण यादव,सन्नी कु० उर्फ सुनील यादव, पे०-विष्णुदेव यादव, पवन यादव, पे०-स्व० बैदही शरण यादव, संजीव कुमार, पे०-पवन यादव, राहुल यादव, पे०-विष्णुदेव यादव,प्रकाश उर्फ विकास यादव, पे० फुलदेव यादव, सा०-बेलही, थाना-लखनौर, जिला- मधुबनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है '





घटना के संबंध में जानकारी देते एसपी ग्रामीण शिवम धाकड़ , गिरफ्तार अभियुक्त

## संक्षिप्त खबरें

### विधि-व्यवस्था संधारण की ड्यूटी में अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो: बीडीओ



**जयनगर (एनएसबी)।** राज्य स्तरीय विरोध कार्यक्रम के तहत जयनगर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) राजिव रंजन कुमार ने काला बिल्ला लगाकर कार्य किया। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि विधि-व्यवस्था संधारण की ड्यूटी में अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान पर्याप्त संख्या में सुरक्षा कर्मी उपलब्ध कराए जाने चाहिए। पर्याप्त सुरक्षा बल के बिना बीडीओ को विधि-व्यवस्था की ड्यूटी में लगाना उचित नहीं है। ऐसी स्थिति में अधिकारियों की जान पर खतरा उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को क्षेत्र में विभिन्न परिस्थितियों में काम करना पड़ता है, ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होना आवश्यक है। ज्ञात हो कि जेनजी आंदोलन के दौरान बंद समर्थकों द्वारा दो बीडीओ के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई थी। इस घटना के बाद अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी है। काला बिल्ला लगाकर बीडीओ ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। साथ बीडीओ ने यह भी बताया कि इस संदर्भ में मांगो का एक ज्ञापन पत्र भी राज्य सरकार को भेजा गया ह

### 288 नल-जल योजनाओं एवं 280 चापाकलों के खराब रहने पर कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी से स्पष्टीकरण तलब

**लापरवाह संवेदकों पर आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा-56 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश**

**मधुबनी, (एनएसबी)।**जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने जिले में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा के दौरान खराब पड़े 288 नल-जल योजनाओं एवं 280 चापाकलों पर गंभीर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्यपालक अभियंता, लोक



स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से इस संबंध में तत्काल स्पष्टीकरण तलब किया है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी खराब नल-जल योजनाओं एवं चापाकलों को युद्धस्तर पर अविलंब चालू कराया जाए ताकि आम नागरिकों को निर्बाध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने संबंधित कार्यपालक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पंचायत में खराब पेयजल स्त्रोतों की तत्काल मरम्मत सुनिश्चित करें तथा इसकी प्रतिदिन निगरानी एवं समीक्षा की जाए।जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन संवेदकों की लापरवाही के कारण नल-जल योजनाएँ बंद पड़ी हैं, उनके विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा-56 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर कठोर विधिक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों एवं एजेंसियों को निर्देश दिया है कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी खराब नल-जल योजनाओं एवं चापाकलों को पूर्ण रूप से चालू कर अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### मैराथन दौड़ का किया गया आयोजन युवाओं ने लिया भाग

**बिस्फी (एनएसबी)।**प्रखंड क्षेत्र के कोकिला चौक स्थित विद्यापति फिजिकल एकेडमी द्वारा रविवार क भव्य मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा, अनुशासन और शारीरिक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया. मैराथन दौड़ का प्रारंभ शिक्षाविद सेवानिवृत्त शिक्षक शिवशंकर सर, सब इंस्पेक्टर चंदेश्वर यादव तथा विद्यापति फिजिकल एकेडमी के संस्थापक उदय पासवान एसएसबी हरी झंडी दिखाकर किया. वहीं एकेडमी के प्रशिक्षक विकाश कुमार पासवान ने पूरे आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई. दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने जोश और जुनून के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया. विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथियों द्वारा गोल्ड मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया. इस दौरान उपस्थित अतिथियों और दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ शुभकामनाएँ दीं. उदय पासवान ने कहा कि विद्यापति फिजिकल एकेडमी का यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं को फिटनेस, अनुशासन और खेल संस्कृति से जोड़ने की एक प्रेरणादायक पहल साबित होगा. स्थानीय समाजसेवी राकेश यादव, इंदल कुमार ने इस प्रयास की सराहना करते हुए आयोजको से लगातार जारी रखने की अपील की.

### उर्वरक की कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई, 43 बैग अवैध उर्वरक जब्त

**मधुबनी, (एनएसबी)।**उर्वरक के भंडारण, वितरण एवं बिक्री में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अधिक मूल्य पर बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आनंद शर्मा के निर्देश के आलोक में जिले में लगातार सघन निरीक्षण एवं छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में दिनांक 24 जुलाई 2026 को गुप्त सूचना के आधार पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी, फुलपरास श्री सुमन कुमार एवं कृषि समन्वयक-सह-उर्वरक निरीक्षक श्री मनोरंजन कुमार ने जिला कृषि पदाधिकारी, मधुबनी के निदेशानुसार संयुक्त रूप से फुलपरास थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फुलकाही, पंचायत महथौर खुर्द, मुरली चौक वार्ड संख्या-17 स्थित परमानंद कुमार की किराना दुकान पर छापेमारी की। जांच के उपरांत सभी अवैध उर्वरकों को तत्काल जब्त कर लिया गया। इस मामले में प्रखंड कृषि पदाधिकारी, फुलपरास द्वारा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत फुलपरास थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस संबंध में कांड संख्या-324/26, दिनांक 24.07.2026 अंकित किया गया है। जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी, अवैध भंडारण अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत एवं कठोर कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। जिला प्रशासन किसानों को समय पर उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

### अधूरे नाला निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

**लदनियां (एनएसबी)।**लदनियां प्रखंड अंतर्गत गिधवास पंचायत के वार्ड नंबर-8 में अधूरे नाला निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। इस संबंध में ग्रामीणों ने पंचायत राज पदाधिकारी को आवेदन देकर जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि मुखिया अजय कुमार साह द्वारा नाला निर्माण कार्य शुरू कराया गया था, लेकिन करीब 10 माह पहले नाले की खुदाई कर कार्य अधूरा छोड़ दिया है। निर्माण कार्य अधूरा रहने के कारण बरसात के मौसम में लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खुले नाले के कारण छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मवेशियों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा भी बना हुआ है। बना हुआ नहीं है उस रास्ते से गुजरने वाले स्कूली बच्चे, आंगनबाड़ी केंद्र जाने वाले नवजात शिशु, बुढ़े, बुजुर्गों एवं मवेशियों को चोटिल होते देखा जा रहा है। पंचायत के एक समाजसेवी ने सूचना अधिकार अधिनियम के तहत एक ओर जहां मुखिया के कार्यकाल में हुए विकास योजना का जानकारी मांगा है, वहीं दूसरी ओर पंचायत कार्यालय के जानकारों के अनुसार आधे-अधूरे योजना को पूर्ण दिखा कर लाखों रुपए की राशि का गोलमाल किया गया है।आधे दर्जन योजनाओं का मापी पुस्तिकाएं योजना अभिलेख में नहीं है। उक्त आरोप का सत्यापन निष्पक्ष जांच से ही संभव है । प्रखंड विकास पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मुख्यमंत्री एवं महामुहीम राज्यपाल के नाम प्रेषित ग्रामीणों ने आवेदन में कहा गया है कि अधूरे निर्माण के कारण जलजमाव की समस्या बढ़ गई है

## प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की सफलता के लिए कृषि ऋण वितरण में तेजी लाना आवश्यक : उप विकास आयुक्त

**मधुबनी, (एनएसबी)।**प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं कृषि ऋण वितरण में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को उप विकास आयुक्त, मधुबनी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिले के सभी जिला समन्वयकों, संबंधित नियंत्रक पदाधिकारियों (केसीसी) एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत देश के 100 तथा बिहार के 7 जिलों का चयन कम उत्पादकता, कम फसल सघनता एवं कम कृषि ऋण जैसे तीन महत्वपूर्ण सूचकों के आधार पर किया गया है। मधुबनी जिला भी इस महत्वाकांक्षी योजना में शामिल है। उन्होंने कहा कि योजना की प्रगति की नियमित समीक्षा उच्च स्तर पर की जा रही है। ऐसे में कृषि ऋण वितरण में तेजी लाने के लिए बैंकों की सक्रिय सहभागिता तथा कृषि विभाग एवं बैंकिंग संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि कृषि विभाग द्वारा अब तक कुल 1,088 किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) आवेदन तैयार कर बैंकों को उपलब्ध कराए गए हैं, जबकि इनमें से मात्र 117 आवेदनों का ही निष्पादन किया गया है। इस पर उप विकास आयुक्त ने असंतोष व्यक्त करते हुए सभी बैंकों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें।बैठक में जिला ग्रामीण बैंक प्रबंधक एवं अन्य बैंक प्रतिनिधियों ने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड के लिए मुख्य रूप से आधार कार्ड, आवेदक के नाम से अद्यतन लगान रसीद अथवा अद्यतन भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र तथा पैन कार्ड आवश्यक दस्तावेज हैं। उप विकास आयुक्त ने कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि पात्र एवं इच्छुक किसानों का चयन कर उन्हें आवेदन की प्रक्रिया में सहयोग दें तथा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाकर अधिकाधिक किसानों को योजना से जोड़ें।उप विकास आयुक्त ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में सभी निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए बैंकों को पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सेवा भावना के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में ऋण उपलब्धता बढ़ने से किसानों की आय में वृद्धि होगी तथा जिले के समग्र कृषि विकास को नई गति मिलेगी।

बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, सुदामा ठाकुर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला विकास प्रबंधक (नाबार्ड), जिला सहकारिता पदाधिकारी, उप निदेशक कृषि अभियंत्रण, सहायक निदेशक शस्य, जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका), जिला गव्य पदाधिकारी, सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सहित विभिन्न बैंकों एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक करते उप विकास आयुक्त

## जिलाधिकारी, आनंद शर्मा के हाथों बैटरी चालित ट्राइसाइकिल पाकर प्रसन्न दिखे लाभुक ओमप्रकाश



जिलाधिकारी साइकिल देते

**मधुबनी (एनएसबी)।**जिलाधिकारी, आनंद शर्मा के द्वारा सोमवार को समाहरणालय परिसर में झंझारपुर प्रखंड के बलनी मेहत पंचायत निवासी दिव्यांग लाभार्थी ओमप्रकाश साहू को समाज कल्याण विभाग की दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना के तहत बैटरी चालित ट्राइसाइकिल दिया। विदित हो कि ओम प्रकाश साहू के द्वारा समाज कल्याण विभाग की दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना के तहत बैटरी चालित ट्राइसाइकिल के लिए आवेदन दिया गया था।आवेदन में लाभार्थी ने स्वयं को 40 प्रतिशत से अधिक लोकोमोटर (चलने-फिरने संबंधी) दिव्यांगता से ग्रसित बताया था। आवेदन में अंकित विवरण के अनुसार लाभार्थी की आयु लगभग 30 वर्ष है तथा ये झंझारपुर प्रखंड के बलनी मेहत पंचायत के वार्ड-05 के निवासी हैं। उन्होंने बैटरी चालित ट्राइसाइकिल के माध्यम से रोजगार एवं दैनिक आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद जताई है। आवेदन पत्र में लाभार्थी द्वारा यह भी घोषणा की गई है कि प्रस्तुत सभी जानकारियां उनके सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सत्य हैं तथा किसी भी प्रकार की गलत जानकारी पाए जाने पर वे नियमानुसार कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होंगे।

जिलाधिकारी के हाथों आवेदन के पश्चात ससमय ट्रायसाइकिल पाकर लाभुक ओम प्रकाश साहू काफी प्रसन्न दिखें।जिलाधिकारी ने कहा कि बैटरी चालित ट्राइसाइकिल योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना तथा उनके जीवन को अधिक सुगम बनाना है। इस योजना के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई जाती है, जिससे वे रोजगार, शिक्षा एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आसानी से आवागमन कर सकें। आवेदन संबंधित विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जांच एवं सत्यापन के बाद स्वीकृति की कार्रवाई की गयी थी,जिसके पश्चात लाभुक को बैटरी चलित ट्रायसाइकिल दिया गया है।

## युवा पीढ़ी बनेगी जल एवं पर्यावरण संरक्षण की सबसे बड़ी ताकतः डीपीओ आनंद अंकित



**मधुबनी (एनएसबी)।**स्वच्छता, जल एवं पर्यावरण संरक्षण विषयक क्विज प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई उत्कृष्ट प्रतिभा मधुबनी, जिला गंगा समिति, नमामि गंगे, मधुबनी एवं नगर निगम, मधुबनी के संयुक्त तत्वावधान में आज उच्च माध्यमिक विद्यालय, रामपट्टी में स्वच्छता, जल एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरिता कुमारी ने की। प्रतियोगिता जिला गंगा समिति, नमामि गंगे के जिला परियोजना पदाधिकारी (डीपीओ) आनंद अंकित के निर्देशन में संपन्न हुई।प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं के बीच ज्ञान और जागरूकता का उत्साहपूर्ण प्रदर्शन देखने को मिला। नौ चरणों तक चले रोमांचक मुकाबले के बाद विजेताओं का चयन किया गया। प्रतियोगिता में आदित्य राज ने प्रथम, खुशी कुमारी ने द्वितीय, पारितोष कुमार राय ने तृतीय, आँचल कुमारी ने चतुर्थ तथा सुधांशु शेखर ने पंचम स्थान प्राप्त किया। वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राधा कुमारी को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सभी सफल प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर डीपीओ आनंद अंकित ने कहा कि जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ-साथ प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करती हैं। यदि बचपन से ही जल एवं पर्यावरण संरक्षण के संस्कार विकसित किए जाएँ, तो भविष्य में एक स्वच्छ, स्वस्थ और हरित समाज का निर्माण संभव है।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरिता कुमारी ने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में सामाजिक एवं पर्यावरणीय चेतना विकसित करने का भी केंद्र है। इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने के साथ उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित शिक्षक एवं छात्र छात्राओं को स्वच्छता, जल एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर संकल्प दिलाया गया।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक सह इको क्लब के नोडल शिक्षक शिव कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वच्छता साथी इंद्रदेव यादव, कुलदीप कुमार राम, शिक्षक बिरेंद्र कुमार साह, जमाल अशरफ, रूबी कुमारी, अर्चना रानी, अरुन्धती, अमृता कुमारी, नरेश पासवान, राजा गोपाल शरण, सुरेन्द्र कुमार, कुमारी शीतल, मंटू कुमार पंजियार, मुकेश कुमार, प्रियंका भारती सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती पर भाजपा की कार्यशाला आयोजित

**मधुबनी (एनएसबी)।**भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय के सभागार में सोमवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष राधा देवी ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक सुबोध चौधरी ने किया।कार्यक्रम की शुरूआत वंदे मातरम् गीत के साथ हुई। इसके बाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।मुख्य अतिथि पूर्व बिहार विधान परिषद सदस्य एवं जिला प्रभारी डॉ. अर्जुन सहनी ने कहा कि 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जयंती समारोह के तहत भाजपा प्रदेश कार्यालय से कलश यात्रा एवं पदयात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न जिलों में भ्रमण करेगी। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई 2026 से 20 फरवरी 2027 तक पार्टी द्वारा संत रविदास जी के जीवन, विचार और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने देश-दुनिया को करुणा, समानता और सामाजिक न्याय का संदेश दिया, जो आज भी समाज को अन्याय के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है। विशिष्ट अतिथि विधान पार्षद घनश्याम ठाकुर ने कहा कि संत रविदास ने अपने विचारों और कार्यो से समाज में व्याप्त भेदभाव एवं सामाजिक विद्वेष को समाप्त करने का संदेश दिया। उनकी वाणी प्रेम, समानता और मानवता की प्रेरणा देती है।राष्ट्रीय परिषद सदस्य देवेंद्र कुमार यादव ने कहा कि जन्म से कोई व्यक्ति छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि उसकी पहचान उसके कर्म और गुणों से होती है। उन्होंने संत रविदास के आदर्शों को समाज के लिए आज भी प्रासंगिक बताया।कार्यशाला में जिला महामंत्री रंजीत यादव, सरोज सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मनोज कुमार मुन्ना, जिला उपाध्यक्ष सतीश ठाकुर, प्रशांत ठाकुर, शिव शंकर पाण्डेय, आईटी सेल जिला संयोजक आदित्य झा, कार्यालय मंत्री कन्हैया साह, रणधीर ठाकुर, चंदन पासवान, प्रतिमा रंजन, चन्द्रजीत यादव, सुमन झा, आनंद सिंह, स्वर्णिम गुप्ता, दिलीप ठाकुर, राम प्रकाश ठाकुर, अशोक राम, मनीष रंजन, रवि रंजन, गोपाल ठाकुर, रवि सिंह, पवन झा, हरिनाथ झा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे!





कार्यक्रम में उपस्थित नेता

लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य बताकर पर्यटन मंत्री के पुत्र सहित 3 लोगों से 50 लाख से एक करोड़ तक रंगदारी मांगने वाले का भंडाफोड़

# पटना व मुजफ्फरपुर पुलिस ने शातिर कन्हाई सहनी को दबोचा

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग बड़े और प्रतिष्ठित लोगों से लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप के नाम पर रंगदारी की मांग कर जिले में दहशत की स्थिति बनाकर लोगों से मोटी रकम वसूलने की तरकीब में लगे एक व्यक्ति को पटना और मुजफ्फरपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए उसे वेनकाब कर सोमवार को काँटी से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान काँटी निवासी कन्हाई सहनी के रूप में हुई है। कन्हाई सहनी के पास से पुलिस ने रंगदारी माँगने में उपयोग की गई मोबाइल भी जब्त की है।

यह जानकारी सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। पुलिस पूछताछ में कन्हाई सहनी द्वारा दिए गए स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर सिटी एसपी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के वृदावन स्थित जिस होटल में वह काम करता था, उसी होटल मालिक के मोबाइल नंबर का इस्तेमाल कर उसने 'लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप' के नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया। इसी फर्जी नेटवर्क के जरिए वह बिहार के वरिष्ठ नेताओं, उनके परिजनों और व्यवसायियों को धमकी देकर करोड़ों रुपये की रंगदारी मांग रहा था। मुजफ्फरपुर के अलग अलग तीन थाने में जब लॉरेंस विश्नोई गिरोह का सदस्य बताकर एक प्रॉपर्टी डीलर, दूसरे भाजपा नेता और तीसरे राज्य के पर्यटन मंत्री के पुत्र से अलग अलग तिथि को 50 लाख से एक करोड़



लॉरेंस विश्नोई गिरोह के नाम पर रंगदारी माँगने वाला शातिर कन्हाई सहनी पुलिस गिरफ्त में (पीछे नकाब में) एवंकारनामे का पर्दाफाश करते सिटी एसपी।

रुपए रंगदारी मांगने तथा राशि नहीं देने पर हत्या व बुरा अंजाम भुगतने की धमकी देने से संबंधित पीड़ित व्यक्तियों द्वारा संबंधित थाने में तीन प्राथमिकी दर्ज

### शातिर की गिरफ्तारी के बाद पुलिस और पीड़ित नेताओं ने राहत की सांस ली

कराए जाने के बाद पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच शुरू की। जांच में ब्रह्मपुरा के भाजपा नेता रंजीत सहनी से 50 लाख, साहेबगंज के राजेश कुमार सहनी से 1 करोड़ और बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता के पुत्र से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगे जाने तथा लगातार आ रही धमकियों के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

वही मुजफ्फरपुर एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान यह बात भी सामने आई कि बीते 25 जुलाई 2026 को परबत्ता के पूर्व विधायक डॉ. संजीव कुमार से भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर 1 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। इस संबंध में पटना के कंकड़बाग थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसके बाद पटना पुलिस और मुजफ्फरपुर पुलिस की विशेष टीम ने संयुक्त रूप से तकनीकी साक्ष्यों व मानवीय सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई शुरू की। तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस टीम ने मुजफ्फरपुर के कांटी थाना क्षेत्र में छापेमारी कर कन्हाई सहनी नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पटना पुलिस गिरफ्तार आरोपी को अपने साथ पटना ले गई है, जहां उससे गहन पूछताछ की जा रही है।

मुजफ्फरपुर के सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने बताया कि पुलिस जल्द ही आरोपी को रिमांड पर लेगी, ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस गिरोह में उसके साथ और कौन-कौन लोग शामिल हैं। वही

रंगदारी मांगने वाले इस शातिर की गिरफ्तारी के बाद पुलिस और पीड़ित नेताओं ने राहत की सांस ली है। शुरूआती पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी ने सिर्फ खौफ पैदा कर जल्द पैसा कमाने के नीयत से लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम का सहारा लिया था। फिलहाल पुलिस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं और फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट्स की पड़ताल में जुटी हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### हर हाल में पूरा करें लक्ष्य, राशन कार्ड निर्माण में मिशन मोड पर काम करें : जिलाधिकारी

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी) ।** जिले में नए राशन कार्ड निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए जिलाधिकारी कुमार गौरव ने सभी संबंधित अधिकारियों को मिशन मोड में काम करने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 05 अगस्त 2026 तक निर्धारित लक्ष्य का शत-प्रतिशत हासिल किया जाए, ताकि कोई भी पात्र परिवार



संबंधित अधिकारियो के साथ समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी।

सरकारी योजना के लाभ से वंचित न रहे। समाहरणालय सभागार में सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य सचिव, बिहार द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए गए निदेर्शों के आलोक में राशन कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि जिले को 86,175 नए राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य मिला है, जिसके विरुद्ध अब तक लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। डीएम ने निर्देश दिया कि अगले तीन दिनों के भीतर लंबित आवेदनों के निष्पादन में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड के लिए ऑफलाइन प्राप्त सभी आवेदनों की प्राथमिकता के आधार पर जांच कर उन्हें तुरंत ऑनलाइन दर्ज कराया जाए। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन पात्र आवेदकों के पास जाति, आवासीय या अन्य आवश्यक प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं हैं, उनके प्रमाण-पत्रों का शीघ्र निर्गमन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समय-सीमा के भीतर लक्ष्य पूरा करने के लिए मिशन मोड में कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों के बीच फूड बास्केट का नियमित वितरण सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया, ताकि मरीजों को समय पर पोषण सहायता मिलती रहे। जिलाधिकारी कुमार गौरव ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी तरीके से पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ कार्य करना होगा। बैठक में एसडीओ (पूर्वी एवं पश्चिमी), जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आईसीडीएस जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड परियोजना प्रबंधक (बीपीएम) सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिंह 'विजय बाबू' का निधन, मुजफ्फरपुर-गायघाट में शोक की लहर

**मुजफ्फरपुर/गायघाट(एनएसबी)।** भाजपा मुजफ्फरपुर के वरिष्ठ नेता एवं वर्ष 1995 में गायघाट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी रहे विजय कुमार सिंह उर्फ विजय बाबू का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई। पार्टी नेताओं ने इसे संगठन और गायघाट क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया। निधन की सूचना मिलते ही भाजपा जिला



पार्टी के नेता व पूर्व प्रत्याशी रहे विजय कुमार सिंह के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुँचे जिला भाजपा के नेतागण।

अध्यक्ष विवेक कुमार सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उनके आवास पहुंचे। सभी ने पार्थिव शरीर पर भाजपा का झंडा ओढ़ाकर और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। श्रद्धांजलि देने वालों में भाजपा प्रदेश मंत्री मुकेश कुमार शर्मा, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रवींद्र प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार झा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मनीष कुमार, जिला मंत्री बिकाऊ यादव, मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, जयप्रकाश गामी, सजागर साहनी, शशांक शेखर, पूर्व महामंत्री प्रवीण सिंह, सुनील झा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा नेताओं ने कहा कि विजय बाबू ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में संगठन के विभिन्न दायित्वों का निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन किया। वे कार्यकताओं के लिए केवल एक नेता नहीं, बल्कि एक अभिभावक और मार्गदर्शक थे। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और कार्यकताओं को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पार्टी कार्यकताओं ने कहा कि भाजपा के शुरूआती दौर में गायघाट विधानसभा क्षेत्र में संगठन का जनाधार मजबूत करने में विजय बाबू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनका निधन संगठन के लिए एक ऐसी क्षति है जिसकी भरपाई करना आसान नहीं होगा। भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की।

एसकेएमसीएच में नवजात सौंपने के नाम पर 1700 वसूली का आरोप

## बच्चे के परिजनों ने किया हंगामा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसकेएमसीएच) के मदर एंड चाइल्ड हेल्थ (एमसीएच) विंग में प्रसव के बाद नवजात बच्ची को परिजनों को सौंपने के नाम पर कथित रूप से नर्सिंग स्टाफ द्वारा रुपये मांगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बच्ची को हैंडओवर करने के लिए तीन हजार रुपये की मांग की गई। परिजनों ने 1700 रुपये दिए, लेकिन इसके बाद भी बच्ची नहीं सौंपी गई, जिससे आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया।

जानकारी के अनुसार, केरमा बसौली निवासी अभिषेक कुमार की पत्नी माधुरी ने एसकेएमसीएच के एमसीएच में सामान्य प्रसव के जरिए एक बच्ची को जन्म दिया। परिजनों का आरोप है कि

### अस्पताल के अधीक्षक डॉ. महेश प्रसाद ने विभागाध्यक्ष से मांगी रिपोर्ट

प्रसव के बाद नर्सिंग स्टाफ ने बच्ची को सौंपने के एवज में तीन हजार रुपये बख्शीश की मांग की। रुपये कम होने के कारण उन्होंने 1700 रुपये दे दिए, लेकिन इसके बाद भी और रुपये की मांग करते हुए बच्ची देने से इनकार कर दिया गया। हंगामे के दौरान परिजनों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने के बाद नर्सिंग स्टाफ से बातचीत की गई, जिसके बाद परिजनों को 1700 रुपये वापस कर दिए गए। पुलिस हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। इधर, एसकेएमसीएच के अधीक्षक डॉ. महेश प्रसाद ने कहा कि पूरे मामले की रिपोर्ट विभागाध्यक्ष और इंचार्ज सिस्टर से मांगी गई है। अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रुपये लेने वाले नर्सिंग स्टाफ की पहचान की जाएगी। आरोप सही पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले भी एसकेएमसीएच के एमसीएच में बख्शीश वसूली का मामला सामने आ चुका है। अक्टूबर 2025 में नर्सिंग स्टाफ पर प्रसूता के परिजनों से जबरन रुपये लेने का आरोप सिद्ध होने के बाद तत्कालीन जिला प्रशासन ने संबंधित नर्स को निलंबित किया था। इसके बावजूद अस्पताल में इस तरह की शिकायतें लगातार सामने आना अस्पताल प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही हैं।

## दिल्ली हाईकोर्ट से भाजपा विधायक राजू कुमार सिंह को बड़ी राहत, मिली जमानत

निचली अदालत के फैसले पर भी रोक

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले के साहेबगंज विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक राजू कुमार सिंह को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ी न्यायिक राहत मिली है। हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान उन्हें जमानत प्रदान कर दी। साथ ही निचली अदालत द्वारा सुनाए गए फैसले के प्रभाव पर भी रोक लगा दी है।



साहेबगंज के भाजपा विधायक राजू कुमार सिंह।

हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद विधायक राजू कुमार सिंह को बड़ी राहत मिली है। अदालत के फैसले की जानकारी सामने आते ही उनके समर्थकों और भाजपा कार्यकताओं में खुशी का माहौल देखा गया। बताया जा रहा है कि हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह अंतरिम राहत प्रदान की। अब मामले की आगे की सुनवाई निर्धारित तिथि पर होगी।उधर, राजू कुमार सिंह को मिली इस न्यायिक राहत को लेकर उनके समर्थकों ने इसे न्यायपालिका पर भरोसे की जीत बताते हुए खुशी जताई है। वहीं, मामले की आगे की कानूनी प्रक्रिया पर सभी की नजरें बनी हुई हैं।

नगर निगम बोर्ड बैठक में कई अहम प्रस्ताव पारित

## बाबा गरीबनाथ धाम कॉरिडोर को मिली स्वीकृति से खुशी की लहर



नगर निगम बोर्ड की बैठक में शामिल मेयर वार्ड पार्षदगण एवं अधिकारी गण।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर भवन में सोमवार को मुजफ्फरपुर नगर निगम बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के विकास और जनहित से जुड़े कई अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

सभी माननीय पार्षदों और बोर्ड सदस्यों की सहमति से विभिन्न प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में आगामी श्रावण मास को लेकर तैयारियों की समीक्षा की गई। इसके अलावा नए राशन कार्ड बनाने के लिए विशेष कैंप आयोजित करने, प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। जनकल्याण से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

बैठक के दौरान मुजफ्फरपुर के लिए एक बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि की भी जानकारी साझा की गई। बिहार सरकार ने बाबा गरीबनाथ धाम कॉरिडोर को स्वीकृति प्रदान कर प्रथम चरण के कार्य का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। इस निर्णय से शहरवासियों और शिवभक्तों में उत्साह का माहौल है।

बताया गया कि बाबा गरीबनाथ धाम कॉरिडोर के निर्माण से मंदिर की धार्मिक और सांस्कृतिक गरिमा में वृद्धि होगी। साथ ही धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने, स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होने और मुजफ्फरपुर के समग्र विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। नगर निगम बोर्ड ने उम्मीद व्यक्त की कि श्रावणी मेला और बाबा गरीबनाथ धाम कॉरिडोर जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन से मुजफ्फरपुर की पहचान देश के प्रमुख धार्मिक नगरों में और अधिक मजबूत होगी। "हर-हर महादेव" के जयघोष के साथ बैठक का समापन हुआ।

## आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने जिलाधिकारी को भेजा रिमाइंडर पत्र, जांच तेज करने के निर्देश

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले के नगर परिषद कांटी में हुए कथित सरकारी राशि के दुरुपयोग और आय से अधिक संपत्ति के मामले में आर्थिक अपराध इकाई (एडव), बिहार, पटना ने कड़ा रुख अपनाया है। एडव ने मुजफ्फरपुर के जिला अधिकारी (उ्ट) को एक अनुस्मारक पत्र (रिमाइंडर लेटर) भेजकर इस मामले में निष्पक्ष और गहन जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। यह मामला बार लाइब्रेरी हॉल, सिविल कोर्ट मुजफ्फरपुर के अधिवक्ता मनीष कुमार उर्फ विनोद ठाकुर द्वारा दर्ज कराया गया है।

आवेदन में मुजफ्फरपुर जिलांतर्गत नगर परिषद कांटी के तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण भूषण,

### मुजफ्फरपुर नगर परिषद भ्रष्टाचार मामला

वर्तमान मुख्य पार्षद दिलीप कुमार, नाजिर आनंद राज, सचिव चन्दन कुमार और विश्वनाथ प्रताप सिंह पर गंभीर आरोप हैं। इन सभी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर सरकारी राशि का दुरुपयोग करने, कर चोरी करने और आय से अधिक संपत्ति अर्जित कर उसे अपने परिजनों के नाम पर छिपाने का आरोप लगाया गया है। एडव द्वारा जारी इस पत्र (पत्रांक- 5101 / आ०अ० शाखा) के अनुसार, इस मामले की जांच के लिए पूर्व में भी दिनांक 13 मार्च 2026 को पत्रांक 1947 के माध्यम से जिला प्रशासन को निर्देश भेजे गए थे। कार्रवाई में हो रही देरी को देखते हुए अब आर्थिक अपराध इकाई के पुलिस अधीक्षक ने 15 जुलाई 2026 को दोबारा रिमाइंडर जारी किया है। आर्थिक अपराध इकाई ने मुजफ्फरपुर जिला अधिकारी से बेहद स्पष्ट शब्दों में कहा है कि परिवाद-पत्र में वर्णित सभी आरोपों और तथ्यों की निष्पक्ष, गहन एवं विधिसम्मत जांच सुनिश्चित की जाए और दोषियों के खिलाफ अविलंब आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। इस पत्र की एक प्रति सूचना के लिए मूल आवेदक अधिवक्ता मनीष कुमार को भी ईमेल और डाक के माध्यम से भेजी गई है। इस बड़े कदम के बाद अब मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन और कांटी नगर परिषद के प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मचने की संभावना है।

## एमआईटी से रहस्यमय ढंग से लापता हुआ बीटेक प्रथम वर्ष का छात्र, 22 जुलाई से बंद है मोबाइल

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के छात्रावास से बीटेक प्रथम वर्ष के एक छात्र के रहस्यमय तरीके से लापता होने का मामला सामने आया है। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के प्रथम वर्ष के छात्र साजन कुमार के अचानक गायब होने से परिजनों में चिंता और बेचैनी का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार साजन कुमार मूल रूप से नालंदा जिले के पावापुरी के रहने वाले हैं और एमआईटी के छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। उनके पिता रंजीत कुमार ने बताया कि 22 जुलाई की शाम करीब सात बजे बेटे से उनकी आखिरी बार फोन पर बात हुई थी। इसके बाद से उसका मोबाइल लगातार स्विच ऑफ आ रहा है और किसी भी माध्यम से संपर्क नहीं हो पा रहा है। बेटे से लगातार संपर्क नहीं होने पर बोकारो में रह रहे रंजीत कुमार 24 जुलाई की सुबह मुजफ्फरपुर पहुंचे।

उन्होंने छात्रावास, कॉलेज परिसर और आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, लेकिन साजन कुमार का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजन ब्रह्मपुरा थाना पहुंचे और छात्र की गुमशुदगी की लिखित शिकायत दर्ज कराई।मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एमआईटी के प्राचार्य डॉ. एम.के. झा ने बताया कि छात्र के लापता होने की सूचना मिली है और परिजनों द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। कॉलेज प्रशासन जांच में पुलिस का पूरा सहयोग कर रहा है।

पुलिस कॉलेज परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि छात्र आखिरी बार कब और किस दिशा में गया था। फिलहाल छात्र का कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही छात्र का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## कवि सम्मेलन, पत्रिका विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन

**पटना/मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार एवं 'सामयिक परिवेश' के संयुक्त तत्वावधान में 11वें आदिशक्ति प्रेमनाथ खन्ना तीन दिवसीय समारोह के अंतर्गत पटना संग्रहालय में एक भव्य कवि सम्मेलन, पत्रिका विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

इस मौके पर ममता मेहरोत्रा ने कहा कि पिता की स्मृति में आयोजित यह कार्यक्रम मन को सुकून और नई ऊर्जा प्रदान करता है। कविता मन के भावों एवं सामाजिक जीवन को अभिव्यक्त करने का अत्यंत सुंदर माध्यम है। कार्यक्रम की




समारोह में सम्मानित होते कवि व साहित्यकार गण।।

अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कवि भगवती प्रसाद द्विवेदी ने कि आज के समय में साहित्य की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पिता की स्मृति में प्रतिवर्ष 'सामयिक परिवेश' द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाना सराहनीय एवं अनुकरणीय है।

कार्यक्रम का प्रभावी संयोजन व संचालन लेखिका व कवयित्री सविता राज ने कुशलता से किया। इस अवसर पर देशभर के प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवियों ने सामाजिक सरोकार, मानवीय मूल्य, देश-प्रेम एवं नारी शक्ति पर आधारित कविताएं प्रस्तुत कीं, जिन्हें श्रोताओं ने खूब सराहा।

इस क्रम में कार्यक्रम के मंच से 'सामयिक परिवेश' पत्रिका का विमोचन भी किया गया। साथ ही साहित्य, कला एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे भगवती प्रसाद द्विवेदी, ममता मेहरोत्रा, संजय कुमार कुंदन, रमेश कंवल, सुनील कुमार उपाध्याय, सविता राज, आचार्य विजय गुंजन, रवि किशन, मो.नसीम अख्तर, कुमार विरल, राजप्रिया रानी, मधुरेश नारायण, सुजीत कुमार, कमलनयन श्रीवास्तव, अभिजीत चौरसिया, श्वेता गजल, रामरक्षा मिश्र विमल, अंशु कुमार, विजय पाठक, विभा रानी श्रीवास्तव, मधुरेश नारायण, मुकुंद कुमार, अविनाश बंधु, सागरिका रॉय, नंद किशोर साहू, सुमन कुमार मिश्र,विद्यापति चौधरी, अनीता सिद्धि मिश्रा, पूनम आनंद आदि कवियों ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए स्मृति समारोह को यादगार बनाया। वही कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन ममता मेहरोत्रा ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### कारगिल विजय दिवस पर लायंस क्लब सीतामढ़ी वेस्ट ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर लायंस क्लब सीतामढ़ी वेस्ट द्वारा नगर स्थित कारगिल द्वार पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। क्लब के अध्यक्ष लायन सुधीर कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सदस्यों ने कैंडल जलाकर कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया तथा देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस मौके पर लायन गणेश सराफ, लायन संजय शर्मा,



कैंडल जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते लायंस क्लब के सदस्य।

लायन अशोक कुमार, लायन डॉ. विश्वनाथ बाजोरिया, लायन राजेंद्र कुमार, लायन सुकेश कुमार तथा लायन डॉ. राजीव कुमार 'काजू' ने कहा कि करगिल के वीर सैनिकों का अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उनका त्याग आने वाली पीढ़ियों में राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और देशसेवा की भावना का संचार करता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम्" के गगनभेदी नारों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### कांटी व मड़वन में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के नए भवनों का विधायक ने किया उद्घाटन

**कांटी(एनएसबी)।** कांटी विधानसभा क्षेत्र में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में सोमवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। कांटी एवं मड़वन प्रखंड के अलग-अलग स्थानों पर क्षेत्रीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के नवनिर्मित भवनों का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षित, आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। नए भवनों के निर्माण से छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिलेंगी और शिक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। मड़वन


कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के कई नवनिर्मित भवनो का उद्घाटन करते विधायक।

प्रखंड के भटौना स्थित कस्तूरबा विद्यालय परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह में सीओ पुष्पकल कुमार,जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष मो शमीम, वार्डन पल्लवी, पूर्व प्रमुख मो मोहसीन, मनोज कुमार सिंह, अजय चौधरी, रघुनाथ साह, रामजी महतो, जयकरण राय, धर्मेंद्र पासवान, विनोद शर्मा, नागेन्द्र साह, बालेंद्र सिंह, उदय कुमार, पप्पू मिश्रा, शिक्षक संजीत कुमार, एचएम चंदा सलोनी सहित छात्रा उपस्थित थी। वहीं, कांटी प्रखंड के मधुबन स्थित कस्तूरबा विद्यालय में आयोजित समारोह में वार्डन अन्नू कुमारी, शिक्षक पवन कुमार, मनमोहन सिंह, रघुनाथ झा, दामोदर झा, रविंद्र राय, कन्हाई झा, रामनारायण चौधरी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### उदयशंकर प्र सिंह प्रगतिशील सीनियर सिटीजन्स के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** प्रगतिशील सीनियर सिटीजन्स की आम सभा नगर के जवाहरलाल रोड स्थित आर्य समाज मंदिर सभागार में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में संगठन के अगले सत्र के लिए कमिटी का चुनाव हुआ। आमसभा में उपस्थित संगठन के सभी सदस्यों की सहमति से उदय शंकर प्रसाद सिंह अध्यक्ष चुने गए। जबकि बिमल किशोर उप्पल महासचिव तथा जयचंद्र झा कोषाध्यक्ष चुने गए।



आमसभा में नई कमिटी के चुनाव को लेकर बनी गहमागहमी।

वही नवगठित कमिटी के पदाधिकारियों को जल्द से जल्द चुनाव से संबंधित सभी त्रुटियों को समाप्त करते हुए वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने, आम सदस्यों से सहयोग लिए जाने तथा संगठन को पूर्व की भांति सुदृढ़ बनाए रखने के लिए प्रबंध अधिकारी रखते हुए अगली आमसभा में प्रजातांत्रिक तरीके से नई कमिटी का गठन करने की जिम्मेदारी दी गई। इससे पूर्व संगठन के महासचिव विमल किशोर उप्पल ने संगठन की उपलब्धियों और प्रगति का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। आमसभा की अध्यक्षता उदय शंकर प्रसाद सिँह ने की। वही चुनाव अधिकारी विष्णु देव प्रसाद सिंह की देखरेख में संगठन का चुनाव संपन्न कराया गया। इस अवसर पर संगठन के सभी सदस्य एबं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बिहार पेंशनर समाज सरैया इकाई की बैठक में संगठन को मजबूत कर सदस्यता अभियान चलाने पर जोर

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** बिहार पेंशनर समाज सरैया इकाई की बैठक संगठन के सभापति देवनारायण प्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला संगठन इकाई से सचिव नंदकिशोर तिवारी, संगठन सचिव कुमार जीतेन्द्र, संयुक्त सचिव राम नरेश प्र ठाकुर और अंकेक्षक ब्रजकिशोर चौधरी ने भाग लिया। शाखा सचिव मदन प्र सिंह ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने अपने प्रतिवेदन में सरैया शाखा की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की, जिसे उपस्थित सदस्यों ने अनुमोदित किया।



बैठक में अपनी बात रखते संगठन के पदाधिकारी।

जिला सचिव ने अपने संबोधन में बिहार पेंशनर समाज की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी पेंशनरों से इसकी सदस्यता ग्रहण करने एवं इसे मजबूत बनाने की अपील की। कुमार जीतेन्द्र ने अपने संबोधन में सभी पेंशनरों से संगठित होने की अपील की। ब्रज किशोर चौधरी एवं राम नरेश ठाकुर ने भी संगठन को सूदृद्ध करने का आह्वान किया। बैठक में उपस्थित कुछ सदस्यों द्वारा अपनी व्यक्तिगत समस्याओं का जिक्र किया और पेंशनर समाज के माध्यम से इसका समाधान कराने का अनुरोध किया। जिसके जबाब में सभापति ने इसपर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। साथ ही सभापति द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।

# पूर्व सांसद डॉ. अर्जुन राय व पूर्व लोक अभियोजक विमल शुक्ला समेत कई दिग्गज भाजपा में शामिल


विधायक बैद्यनाथ प्रसाद के साथ डॉ. अर्जुन राय व विमल शुक्ला।


पूर्व सांसद राजद नेता डॉ. अर्जुन राय।


पूर्व लोक अभियोजक विमल शुक्ला।


राजद नेत्री सीमा गुप्ता व पूर्व प्रमुख मोनी गुप्ता।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार भाजपा के सदस्यता अभियान को सोमवार को उस समय बड़ी राजनीतिक मजबूती मिली, जब पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में आयोजित भव्य सदस्यता ग्रहण समारोह में सीतामढ़ी के पूर्व सांसद राजद नेता डॉ. अर्जुन राय, पूर्व लोक अभियोजक विमल शुक्ला, रुन्नीसैदपुर की पूर्व प्रमुख श्रीमती मोनी गुप्ता तथा राजद की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती सीमा गुप्ता ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सभी नेताओं का पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया और उन्हें विधिवत सदस्यता दिलाई।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनहितकारी नीतियों तथा बिहार में एनडीए सरकार के विकास कार्यों से प्रभावित होकर समाज के विभिन्न वर्गों के लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का जनआंदोलन है और नए साथियों के जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।

समारोह को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि भाजपा विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद की विचारधारा पर कार्य करने वाली पार्टी है। उन्होंने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव और जनाधार से पार्टी आगामी चुनावों में और अधिक सशक्त होकर उभरेगी।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सीतामढ़ी जिले के प्रभावशाली नेताओं के भाजपा में शामिल होने से जिले के राजनीतिक समीकरणों पर असर पड़ सकता है। विशेष रूप से पूर्व सांसद डॉ. अर्जुन राय और अन्य नेताओं के समर्थकों के भाजपा में आने से संगठन को ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में मजबूती मिलने की संभावना है।समारोह में रीगा विधायक बैद्यनाथ प्रसाद, परिहार विधायक श्रीमती गायत्री देवी, पूर्व विधायक रामनरेश यादव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रो. उमेश चंद्र झा, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष व डुमरा के पूर्व प्रखंड प्रमुख देवेंद्र साह, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी नवसदस्यों ने भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## तिरहुत स्नातक निर्वाचन में प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

### सीतामढ़ी में अभिषेक झा का जनसंपर्क अभियान, शिक्षकों व स्नातक मतदाताओं से किया संवाद

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** एनडीए समर्थित तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से जदयू प्रत्याशी अभिषेक झा का जनसंपर्क अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। उन्होंने सीतामढ़ी जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर स्नातक मतदाताओं, शिक्षकों तथा एनडीए कार्यकताओं से संवाद स्थापित करते हुए अपने पक्ष में समर्थन मांगा। विभिन्न चुनावी सभाओं एवं मतदाता मिलन कार्यक्रमों में उनका स्वागत किया गया।

शिवहर एवं सीतामढ़ी के डुमरा स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) परिसर में अभिषेक झा ने शिक्षकों से मुलाकात कर उनसे समर्थन की अपील की। उन्होंने कहा कि निर्वाचित होने पर स्नातक मतदाताओं और शिक्षकों से जुड़े मुद्दों को विधान परिषद में प्रभावी ढंग से उठाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान उन्होंने अपने विजन और प्राथमिकताओं से भी शिक्षकों को अवगत कराया।


सभा में मतदाताओं को सम्बोधित करते एनडीए समर्थित तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी अभिषेक झा।

इसके बाद बेलसंड में आयोजित मतदाता मिलन समारोह को संबोधित करते हुए अभिषेक झा ने एनडीए की नीतियों एवं अपनी प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू बेलसंड प्रखंड अध्यक्ष जयमंगल कुशवाहा ने की। समारोह में एनडीए के विभिन्न घटक दलों के नेता, कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

परसौनी प्रखंड के लाइब्रेरी भवन में आयोजित एक अन्य मतदाता मिलन कार्यक्रम में भी अभिषेक झा ने मतदाताओं एवं कार्यकताओं से संवाद किया। इस अवसर पर प्रखंड के कई वरिष्ठ एनडीए नेताओं की उपस्थिति रही। वक्ताओं ने मतदाताओं से अभिषेक झा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। रात्रि में सीतामढ़ी शहर में अभिषेक मिश्रा "शिशु" के आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में अभिषेक झा ने सांसद देवेश चंद्र ठाकुर के साथ मतदाताओं एवं समर्थकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने चुनावी मुद्दों और अपने विजन पर विस्तार से चर्चा करते हुए समर्थन की अपील की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने उपस्थित मतदाताओं से एनडीए प्रत्याशी अभिषेक झा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मतदाताओं से मिल रहे समर्थन के लिए आभार भी व्यक्त किया।

लगातार चल रहे जनसंपर्क अभियान, शिक्षकों से संवाद और मतदाता मिलन कार्यक्रमों के माध्यम से अभिषेक झा अपने चुनाव प्रचार को व्यापक बनाने में जुटे हैं। उनके अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में मतदाताओं से संपर्क का सिलसिला लगातार जारी है।

### गुरुपूर्णिमा पर राघोपुर बखरी स्थित प्राचीन मठ का शुरू होगा पुनर्निर्माण

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** रामायण रिसर्च काउंसिल, सीतामढ़ी के तत्वावधान में गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर 29 जुलाई 2026 (बुधवार) को राघोपुर बखरी स्थित प्राचीन श्रीरामजानकी मठ के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रातः 8:00 बजे से 8:30 बजे के बीच निर्धारित शुभ मुहूर्त में संपन्न होगा। काउंसिल द्वारा जारी आमंत्रण के अनुसार, श्रीजानकी नवमी के शुभ अवसर पर इस प्राचीन मठ के पुनर्निर्माण का भूमि-पूजन बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी के करकमलों से संपन्न हुआ था। अब उसी क्रम में मठ के पुनर्निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया जा रहा है। रामायण रिसर्च काउंसिल ने इस पवित्र एवं ऐतिहासिक अवसर पर श्रद्धालुओं, समाज के प्रबुद्ध नागरिकों तथा धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने और पुनर्निर्माण कार्य के शुभारंभ के साक्षी बनने की अपील की है। गुरुपूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम को धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम में डीएम ने सुनीं जन समस्याएं

## अफसरों को दिया तत्काल कार्रवाई का निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सात निश्चय-3 अंतर्गत सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत सोमवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी रिची पांडेय ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं जहां परिवादों को सुना गया एवं उसके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए।

> **भूमि विवाद, राजस्व संबंधी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आवास योजना, आईसीडीएस, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड, अतिक्रमण जैसे मामले आए**

जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आईसीडीएस, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड,अतिक्रमण, सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी परिवाद प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी श्री पांडेय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसमस्याओं के निष्पादन में जिले के सभी पदाधिकारी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल समाधान निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है। इससे न केवल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तेज हुई है, बल्कि प्रशासन के प्रति आम लोगों का भरोसा भी और अधिक मजबूत हुआ है।



अपने कार्यालय कक्ष में आमजनों की समस्याओं को सुनते जिला पदाधिकारी रिची पांडेय।


## दरभंगा-पूर्णिया एनएच-27 के जर्जर हिस्से की तत्काल मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कराने की गडकरी से लगाई गुहार

नवसंदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर भीमसेरिया ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजकर राष्ट्रीय राजमार्ग-27 (ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर) के दरभंगा से पूर्णिया तक के अत्यंत जर्जर हिस्से की तत्काल मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कराने की मांग की है।

> **उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर भीमसेरिया ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री को भेजा पत्र**

अपने पत्र में उन्होंने कहा कि सोमवार को लघु उद्योग भारती बिहार के अध्यक्ष की हैसियत से "उद्यमी समागम" कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पूर्णिया जाते समय उन्हें स्वयं इस मार्ग से यात्रा करने का अवसर मिला, जहां सड़क की बदहाल स्थिति देखकर वे बेहद चिंतित हुए। उन्होंने बताया कि दरभंगा से पूर्णिया तक का फोरलेन राजमार्ग जगह-जगह बड़े और गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुका है। स्थिति ऐसी है कि वाहन सड़क पर नहीं, बल्कि गड्ढों के बीच चलने को विवश हैं, जिससे प्रत्येक किलोमीटर की यात्रा जोखिम भरी बन गई है।


उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर भीमसेरिया।

उन्होंने कहा कि एनएच-27 उत्तर बिहार ही नहीं, बल्कि पूर्वोत्तर भारत को देश के अन्य राज्यों से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण जीवनरेखा है। प्रतिदिन हजारों मालवाहक वाहन, यात्री बसें, एम्बुलेंस, किसान, उद्योगपति, व्यापारी, छात्र एवं आम नागरिक इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, लोगों की असमय मौतें हो रही हैं तथा उद्योग-व्यापार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। परिवहन लागत और समय दोनों में वृद्धि हुई है, जबकि वाहन क्षतिग्रस्त होने से लोगों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

श्याम सुंदर भीमसेरिया ने पत्र में कहा कि नितिन गडकरी के नेतृत्व में देश में विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे एवं राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण हुआ है। ऐसे में उत्तर बिहार की जनता को भी उनसे अपेक्षा है कि इस महत्वपूर्ण राजमार्ग को उसकी गरिमा के अनुरूप विकसित कराया जाएगा।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री से दरभंगा से पूर्णिया तक एनएच-27 की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराने, पूरे मार्ग के गड्ढों की युद्धस्तर पर मरम्मत कराने तथा निर्माण एजेंसी एवं संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए गुणवत्ता की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने की मांग की है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार इस गंभीर समस्या पर शीघ्र कार्रवाई कर उत्तर बिहार की करोड़ों जनता को राहत प्रदान करेगी तथा एनएच-27 को पुनः सुरक्षित, सुगम और आधुनिक स्वरूप मिलेगा।

### घरेलू सामान की आड़ में शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** गायघाट थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए घर के सामान से लदे एक पिकअप वाहन से 630 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। बरामद शराब और वाहन को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, पिकअप को संदेह के आधार पर रोककर तलाशी ली गई। जांच में पता चला कि वाहन में घर का सामान लोड होने की आड़ में अवैध रूप से विदेशी शराब की बड़ी खेप छिपाकर ले जाई जा रही थी। कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के सरेनी थाना क्षेत्र के बेहतकला निवासी शुभम तिवारी (30 वर्ष), मुजफ्फरपुर जिले के बोचहा थाना क्षेत्र के धरमपुर निवासी सोनू कुमार (22 वर्ष) तथा समस्तीपुर जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र के समरथा निवासी पिंकू महतो (28 वर्ष) के रूप में हुई है।

## सम्पादकीय

### शराबबंदी के बाद नशे की नई सुरंग : क्या सुई के रास्ते फैल रही है मौत

'शराबबंदी' का उद्देश्य समाज को नशे की गिरफ्त से मुक्त कर स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण देना था। लेकिन यदि किसी क्षेत्र में युवाओं के बीच इंजेक्शन के माध्यम से नशीले पदार्थों का सेवन और साझा सिरिंज के इस्तेमाल से बड़ी संख्या में एचआईवी संक्रमण के मामले सामने आते हैं, तो यह केवल स्वास्थ्य विभाग की चिंता नहीं, बल्कि पूरे समाज, प्रशासन और शासन व्यवस्था के लिए गंभीर चेतावनी है।

यदि कम समय में जांच शिविरों के दौरान बड़ी संख्या में एचआईवी संक्रमित युवाओं की पहचान हुई है, तो यह संकेत है कि समस्या लंबे समय से भीतर ही भीतर फैल रही थी। इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि यदि किशोर आयु के बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं, तो मामला केवल नशे तक सीमित नहीं रह जाता, बल्कि यह हमारे सामाजिक ताने-बाने, पारिवारिक निगरानी और सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र की सामूहिक विफलता की ओर भी इशारा करता है।

यह प्रश्न किसी एक गांव, एक जिले या एक राज्य का नहीं है। यह पूरे देश के लिए चेतावनी है कि नशे का स्वरूप बदल रहा है। शराब से लेकर सिंथेटिक ड्रग्स और इंजेक्शन आधारित नशे तक का यह संक्रमण कहीं अधिक खतरनाक है, क्योंकि इसमें केवल व्यक्ति नहीं मरता, बल्कि उसके साथ पूरा परिवार, आने वाली पीढ़ियां और समाज भी संकट में घिर जाते हैं।

एक समय था जब नशे की चर्चा शराब या तंबाकू तक सीमित रहती थी। आज स्थिति यह है कि कुछ स्थानों पर युवा नशीले पदार्थों को इंजेक्शन के माध्यम से शरीर में पहुंचा रहे हैं। जब एक ही सिरिंज का कई लोग साझा उपयोग करते हैं, तो एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी जैसे गंभीर संक्रमण तेजी से फैल सकते हैं। चिकित्सा विज्ञान वर्षों से इस खतरे के प्रति आगाह करता रहा है। इसलिए यदि कहीं ऐसी प्रवृत्ति पनप रही है, तो उसे केवल कानून-व्यवस्था का विषय मानकर नहीं छोड़ा जा सकता।

सबसे अधिक पीड़ादायक तथ्य यह है कि नशे का शिकार बनने वाले अधिकांश युवा वही हैं जिनकी उम्र सपने देखने, पढ़ने, परिवार बसाने और देश के विकास में योगदान देने की होती है। जब 16-20 वर्ष का किशोर नशे के कारण अपना भविष्य, रोजगार, स्वास्थ्य और परिवार सब कुछ खो देता है, तब यह केवल उसकी व्यक्तिगत त्रासदी नहीं रहतीय यह समाज की सामूहिक विफलता बन जाती है।


नशे का कारोबार कभी अकेले नहीं चलता। इसके पीछे आपूर्ति की पूरी श्रृंखला, अवैध नेटवर्क, आर्थिक स्वार्थ और सामाजिक चुप्पी होती है। यदि किसी क्षेत्र में लगातार ड्रग्स उपलब्ध हो रहे हैं, तो यह भी आवश्यक है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां उनके स्त्रोतों तक पहुंचें, तस्करी के नेटवर्क को तोड़ें और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। केवल छोटे उपभोक्ताओं को पकड़ लेने से समस्या समाप्त नहीं होगीय असली चुनौती उन लोगों तक पहुंचने की है जो इस अवैध कारोबार को संचालित करते हैं।

लेकिन केवल पुलिस कार्रवाई भी पर्याप्त नहीं होगी। नशा एक स्वास्थ्य और सामाजिक समस्या भी है। जो युवा इसकी गिरफ्त में आ चुके हैं, उन्हें अपराधी नहीं बल्कि उपचार और पुनर्वास की आवश्यकता है। उन्हें समय पर जांच, परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य सहायता, नशामुक्ति सेवाएं और सामाजिक पुनर्वास उपलब्ध कराना उतना ही जरूरी है जितना तस्करों पर कार्रवाई करना।

एचआईवी को लेकर समाज में आज भी अनेक भ्रांतियां और सामाजिक कलंक मौजूद हैं। संक्रमित व्यक्ति को तिरस्कार नहीं, बल्कि उपचार, सम्मान और सहयोग की आवश्यकता होती है। आधुनिक उपचार से एचआईवी संक्रमित व्यक्ति लंबे समय तक सामान्य जीवन जी सकता है, यदि समय पर जांच, दवा और नियमित चिकित्सकीय देखभाल मिले। इसलिए समाज को बीमारी से लड़ना चाहिए, मरीज से नहीं।

विद्यालयों की भूमिका भी इस समय अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। किशोरों को वैज्ञानिक और आयु-उपयुक्त स्वास्थ्य शिक्षा, नशे के दुष्परिणाम, संक्रमण से बचाव और जीवन कौशल संबंधी जानकारी देना समय की मांग है। परिवारों को भी बच्चों की दिनचर्या, मित्र मंडली और व्यवहार में आने वाले बदलावों पर संवेदनशील निगरानी रखनी होगी। संवाद की कमी अक्सर गलत संगति का रास्ता खोल देती है। स्वास्थ्य विभाग को ऐसे क्षेत्रों में नियमित जांच शिविर, जागरूकता अभियान, परामर्श सेवाएं और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए।

# परीक्षा सुधार से आगे का प्रश्न



**बी कृष्णा**
(ज्योतिष, योग एवं आध्यात्मिक चिंतक)

केंद्र सरकार ने सार्वजनिक परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार के उद्देश्य से एक उच्चस्तरीय परीक्षा सुधार कार्यबल का गठन किया है, जिसकी अध्यक्षता प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ नंदन नीलेकणी को सौंपी गई है। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक नियुक्ति नहीं, बल्कि इस स्वीकारोक्ति का प्रतीक है कि भारत की परीक्षा व्यवस्था को अब पारंपरिक उपायों से नहीं, बल्कि संरचनात्मक, तकनीकी और संस्थागत सुधारों की आवश्यकता है।

निस्संदेह, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, डिजिटल निगरानी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), एन्क्रिप्शन, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण तथा डेटा सुरक्षा जैसी तकनीकें परीक्षा प्रणाली को अधिक विश्वसनीय बना सकती हैं। परंतु इस पूरी बहस के बीच एक प्रश्न बार बार सामने आता है, क्या समस्या केवल पेपर लीक की है, या उससे कहीं अधिक गहरी है।

सच तो यह है कि किसी भी प्रश्नपत्र का लीक होना केवल तकनीकी विफलता नहीं होता, वह समाज की नैतिक चेतना में आए क्षरण का भी संकेत होता है। प्रश्न पत्र तभी बिकता है, जब उसे खरीदने वाले मौजूद हों। रिश्वत तभी चलती है, जब देने और लेने वाले दोनों तैयार हों। फर्जी प्रमाणपत्र तभी बनते हैं, जब उन्हें स्वीकार करने वाली मानसिकता भी समाज में विद्यमान हो। यदि समाज का एक बड़ा वर्ग नियमों को तोड़ने को स्मार्टनेस और जुगाड़ को व्यावहारिकता मानने लगे, तो कोई भी सुरक्षा तंत्र अंततः चुनौती के सामने खड़ा दिखाई देगा।

यही कारण है कि परीक्षा सुधार की चर्चा केवल परीक्षा केंद्रों तक सीमित नहीं रह सकती। यह संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था के नैतिक ताने बाने की चर्चा है।

देश में समय-समय पर विश्वविद्यालयों में अध्यापकों की नियुक्तियों की पारदर्शिता को लेकर प्रश्न उठते रहे हैं। विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती से जुड़े विवाद भी सामने आते रहे हैं। शोध (पीएचड़ी) की गुणवत्ता, शोध-निर्देशन, साहित्यिक चोरी तथा अनुसंधान की विश्वसनीयता पर भी लंबे समय से विमर्श होता रहा है। इन सभी घटनाओं का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव केवल संबंधित अभ्यर्थियों पर ही नहीं पड़ा, बल्कि इन्होंने पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता को भी प्रभावित किया है।

जब एक मेधावी छात्र यह अनुभव करने लगे कि उसकी सफलता केवल उसके परिश्रम पर निर्भर नहीं है, तब समस्या किसी एक परीक्षा की नहीं रह जातीय तब राष्ट्र की प्रतिभा व्यवस्था से विमुख होने लगती है।

यही वह बिंदु है, जहाँ हमें भारत से बढ़ते प्रतिभा पलायन को भी समझना होगा।

अक्सर यह मान लिया जाता है कि विद्यार्थी केवल अधिक वेतन, विदेशी जीवनशैली या आधुनिक प्रयोगशालाओं के आकर्षण में विदेश जाते हैं। यह आंशिक सत्य हो सकता है। किंतु एक बड़ा कारण यह भी है कि प्रतिभाशाली युवा ऐसी व्यवस्था चाहते हैं, जहाँ अवसर का निर्धारण योग्यता से हो, प्रक्रिया पारदर्शी हो और संस्थाओं पर विश्वास किया जा सके। किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूँजी उसके प्रातिक संसाधन नहीं, बल्कि उसकी प्रतिभा होती है। यदि वही प्रतिभा अपने भविष्य के लिए दूसरे देशों पर अधिक विश्वास करने लगे, तो यह गहन आत्ममंथन का विषय है।

परंतु क्या इस समस्या का समाधान केवल सरकार कर सकती है।

यहाँ हमें स्वयं से भी कुछ असुविधाजनक प्रश्न पूछने होंगे।

क्या प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चे से कह सकता है कि यदि सफलता केवल ईमानदारी से मिलेगी, तभी उसे स्वीकार करना है।

क्या हम अपने बच्चों को यह सिखा रहे हैं कि चरित्र, करियर से पहले आता है।

> **परीक्षा सुधार की चर्चा केवल परीक्षा केंद्रों तक सीमित नहीं रह सकती। यह संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था के नैतिक ताने बाने की चर्चा है।**

क्या हम स्वयं कभी सुविधा मिलने पर नियमों को तोड़ने से इंकार करते हैं।

क्या हम किसी भी प्रकार की सिफारिश, अनुचित प्रभाव या अवैध लाभ लेने से स्वयं को रोक पाएँगे।

सच्चाई यह है कि हमारे समाज में नैतिक संकट केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है। सरकारी कार्यालयों से लेकर स्थानीय प्रशासन, व्यावसायिक लेन देन, निर्माण कार्य, लाइसेंस, कर व्यवस्था, यहाँ तक कि धार्मिक आयोजनों और सामाजिक प्रतिष्ठा के अनेक क्षेत्रों में भी नियमों से अधिक जुगाड़ को महत्व देने की प्रवृत्ति दिखाई देती है। जब समाज स्वयं नियमों को सुविधानुसार स्वीकार और अस्वीकार करने लगे, तब केवल कानूनों से परिवर्तन संभव नहीं होता।

कानून भय उत्पन्न कर सकता है, तकनीक निगरानी कर सकती है, दंड अपराध घटा सकता है। किंतु ईमानदारी का निर्माण केवल संस्कार करते हैं।

भारतीय चिंतन ने शिक्षा को कभी केवल रोजगार का साधन नहीं माना। उपनिषदों ने सत्यं वद, धर्म चर का उपदेश दिया। हमारे यहाँ शिक्षा का उद्देश्य केवल कुशल पेशेवर बनाना नहीं, बल्कि उत्तरदायी नागरिक और सुसंस्कृत मनुष्य का निर्माण करना था। यदि शिक्षा व्यवस्था उत्कृष्ट चिकित्सक, अभियंता, प्रशासक और वैज्ञानिक तो तैयार कर दे, किंतु उनमें नैतिक उत्तरदायित्व न हो, तो समाज अंततः उसी संकट का सामना करेगा, जिसका अनुभव आज अनेक क्षेत्रों में हो रहा है।

इसलिए नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता में गठित परीक्षा सुधार कार्यबल का स्वागत अवश्य होना चाहिए। तकनीकी सुधार अनिवार्य हैं और समय की आवश्यकता भी। किंतु हमें यह भ्रम नहीं पालना चाहिए कि केवल तकनीक से समस्या समाप्त हो जाएगी। यदि समाज की नैतिक चेतना जागृत नहीं हुई, तो भ्रष्टाचार नए रास्ते खोज लेगा। हर ताले की एक नई चाबी बन जाती हैय किंतु चरित्र का कोई विकल्प आज तक नहीं बना।

हमें ऐसे विद्यार्थी चाहिए जो प्रश्नपत्र खरीदने से इंकार करें, ऐसे अभिभावक चाहिए जो सफलता से अधिक ईमानदारी पर गर्व करें, ऐसे शिक्षक चाहिए जो ज्ञान को व्यापार न बनने दें, ऐसी संस्थाएँ चाहिए जो केवल योग्यता का सम्मान करें, और ऐसा समाज चाहिए जो जुगाड़ नहीं, पुरुषार्थ को प्रतिष्ठा दे।

सरकार प्रश्नपत्रों की सुरक्षा कर सकती हैं, पर बच्चों के चरित्र की रक्षा केवल परिवार और संस्कार ही कर सकते हैं। यह भी सत्य है कि जब अवसर सीमित हों और सफलता को जीवन मरण का प्रश्न बना दिया जाए, तब कुछ लोग धन, प्रभाव या अन्य साधनों का सहारा खोजते हैं। ऐसे में सबसे अधिक असहाय वही सामान्य अभ्यर्थी होता है, जिसके पास केवल अपना परिश्रम और पुरुषार्थ होता है।

यदि परिवार अपने बच्चों को यह सिखा दें कि सफलता खरीदी नहीं, अर्जित की जाती है, और सरकार तथा संस्थाएँ यह विश्वास दिला दें कि उनकी प्रतिभा का निष्पक्ष सम्मान और मूल्यांकन होगा, तो परीक्षा व्यवस्था की रक्षा के लिए असाधारण उपायों की आवश्यकता बहुत कम रह जाएगी। अंततः किसी भी राष्ट्र का भविष्य प्रश्न पत्रों की गोपनीयता से नहीं, बल्कि परिवारों द्वारा दिए गए सत्य, परिश्रम और ईमानदारी के संस्कारों तथा व्यवस्था द्वारा प्रतिभा को दिए जाने वाले न्यायपूर्ण अवसरों से सुरक्षित होता है।

*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

### सिर्फ एक मंत्री का इस्तीफा नहीं, लोकतांत्रिक सुधारों की शुरुआत होनी चाहिए

**रेयाज आलम**

यद्यपि इस इस्तीफे से तत्कालीन राजनीतिक संकट का समाधान हुआ है, लेकिन इसे देश की शिक्षा व्यवस्था और लोकतांत्रिक संस्थाओं से जुड़े गहरे संकट का अंतिम समाधान नहीं माना जा सकता।

यह उपलब्धि विशेष रूप से जनरेशन जेड के युवाओं की लोकतांत्रिक चेतना, दृढ़ संकल्प और शांतिपूर्ण जनआंदोलन का परिणाम है। देश के युवाओं ने यह साबित कर दिया है कि संगठित और शांतिपूर्ण जनशक्ति लोकतंत्र में जवाबदेही सुनिश्चित कर सकती है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि का पूरा श्रेय युवाओं को मिलना चाहिए।

इस लोकतांत्रिक सफलता में विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन तथा राहुल गांधी की रणनीतिक भूमिका और समर्थन को नजरअंदाज करना भी उचित नहीं होगा। इन प्रयासों ने छात्रों की आवाज को राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

केवल एक मंत्री का इस्तीफा पर्याप्त नहीं है। अब समय आ गया है कि शिक्षा व्यवस्था, परीक्षा प्रणाली, पारदर्शिता, जवाबदेही और संस्थागत सुधारों की व्यापक एवं स्वतंत्र समीक्षा की जाए ताकि जनता का विश्वास पुनः स्थापित हो सके।

ई-20 , परिसीमन, चुनावी व्यवस्था, पुलिसिंग, नागरिक निगरानी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, घृणा भाषण और वैध असहमति के बीच की रेखा, असहमति को अपराध की तरह प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति तथा शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध बल प्रयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी गंभीर लोकतांत्रिक विमर्श और जवाबदेही आवश्यक है।

इस प्रकार के व्यापक सुधार केवल छात्र आंदोलनों से संभव नहीं होंगे। इसके लिए मजबूत जनाधार वाले लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक दलों, नागरिक समाज और युवाओं को मिलकर आगे बढ़ना होगा।

इतिहास गवाह है कि बड़े लोकतांत्रिक परिवर्तन तभी संभव होते हैं जब जनआंदोलन और जिम्मेदार राजनीतिक नेतृत्व साथ मिलकर कार्य करें। छात्रों ने परिवर्तन की एक नई आशा जगाई है। अब आवश्यकता है कि लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष शक्तियाँ संविधान की भावना के अनुरूप इस जनभावना को आगे बढ़ाएँ।

सरकार को परीक्षा प्रणाली में सुधार के लिए ईमानदार प्रयास करने चाहिए, लेकिन अब तक उठाए गए कदम 'बहुत कम और बहुत देर से' उठाए गए प्रतीत होते हैं।

# दिनोंदिन बढ़ रही लघुकथा की लोकप्रियता : प्रो शिवनारायण

### 11वें आदि शक्ति प्रेमनाथ खन्ना समारोह के दूसरे दिन सजी लघुकथाकारों की महफिल




**सामयिक परिवेश** के तत्वावधान में आयोजित 11वें आदि शक्ति प्रेमनाथ खन्ना समारोह के दूसरे दिन लघुकथा उत्सव में वरिष्ठ लघुकथाकार डा भगवती प्रसाद द्विवेदी की अध्यक्षता में तीन दर्जन से अधिक लघुकथाकारों ने अपनी-अपनी लघुकथाओं का पाठ किया। इन्हें सुनने के लिए पटना संग्रहालय में काफी अधिक संख्या में लोग भी जुटें। समारोह में ममता मेहरोत्रा द्वारा संपादित लघुकथा साझा संग्रह शब्द - सेतु का लोकार्पण भी किया गया।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार व नई धारा के संपादक प्रो शिवनारायण ने कहा कि पटना पूरे देश में लघु कथाकारों की गतिविधियों का पुनः एक सक्रिय महत्वपूर्ण केंद्र बन कर उभर रहा है। यहां लघुकथा लिखने वालों में बड़ी संख्या बच्चों और महिलाओं की है, जो अत्यधिक सुखद है। उन्होंने कहा कि लघुकथा की लोकप्रियता दिनोंदिन बढ़ रही है।

> **ममता मेहरोत्रा संपादित लघुकथा साझा संग्रह शब्द-सेतु का लोकार्पण**
>
> **तीन दर्जन लघुकथाकारों ने अपनी लघुकथाओं का किया पाठ**

विशिष्ट अतिथि बिहार संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि पटना में सतीशराज पुष्करणा ने लघुकथा के लिए समर्पित भाव से जो कार्य किया, उसका सुखद परिणाम दिख रहा है।

अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के महासचिव डा. ध्रुव कुमार ने ममता मेहरोत्रा की लघुकथा संग्रह की संपादित पांचवीं पुस्तक शब्द -सेतु के लिए उनकी सराहना करते हुए कहा कि वह अन्य साहित्यिक विद्याओं के साथ लघुकथा सृजन में भी ईमानदारी से जुटी हैं।

अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में डा भगवती प्रसाद द्विवेदी ने लघुकथाकारों को उचित मंच देने के लिए सामयिक परिवेश और अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच जैसी संस्थाओं की सराहना की। डा सी रा प्रसाद, रूपक सिन्हा, सुनील झा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर ऋचा वर्मा (छात्र आंदोलन), पूनम कतरियार (छांव की कीमत), विभा रानी श्रीवास्तव, मिन्नी मिश्रा (मां), पूनम देवा (द्वंद), अनिल रश्मि (सम्मान), डा आशा कुमारी (मां की ओढ़नी), मधु दिव्या (टोकन), आलोक चोपड़ा (प्रतिक्रिया), नूतन सिंहा (टूटी खाट की जन्नत), आशा रघुदेव (मंच), अहमद रजा हाशमी (गुनाहगार), तनुजा सिंह (आदमी), श्रुत कीर्ति अग्रवाल (मुठ्ठी भर धूप), पंकज प्रियम (दुखी आत्मा), रीता कुमारी (भोजन), विद्या चौधरी (ब्याहता), रजनी प्रभा (सजा), बिन्देश्वर प्रसाद गुप्ता (सबसे बड़ा दुःख) ने अपनी लघुकथा का पाठ किया।

इनके अतिरिक्त सम्राट समीर की अगुआई में किलकारी से जुड़े डेढ़ दर्जन बाल- लघुकथाकारों ने भी अपनी लघुकथाओं के पाठ से श्रोताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा। इनमें अनुराग (प्रेम धर्म), अतुल राय (दिखावा), खुशी कुमारी (असली कीमत), सुमन कुमार (शब्द पराये नहीं), श्रेया कुमारी (रिश्ते की वापसी), आति राज (पसंद), पीहू कुमारी (कौन भूल गया), अमितेश राज (यादें), रंजना कुमारी (हिसाब), वैष्णवी कुमारी (जीव की जान), आदित्य घोष (ईमानदारी), सत्यम कुमार (पछतावे की थाली), वेदांत श्री (गहराई), अपेक्स राज (चिंता, चिता सम्मान), राज्यवर्धन सिंह (उम्र), कशिश कुमारी (बंद खिड़की) एवं सम्राट समीर ने चोट शीर्षक से अपनी लघुकथा पढ़ीं।

अतिथियों का स्वागत सामयिक परिवेश की अध्यक्ष ममता मेहरोत्रा, संचालन सम्राट समीर एवं धन्यवाद ज्ञापन संयोजक डा ध्रुव कुमार ने किया।

## ऐप के माध्यम से पानी की गुणवत्ता, फिल्टर की स्थिति और दैनिक उपयोग की जानकारी प्राप्त करने की सुविधा

**यूरेका फोर्ब्स** ने अपने प्रीमियम वॉटर प्यूरीफायर पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए एक्वागार्ड एस्पायर ग्लो 4 एक्स और एक्वागार्ड एनरिच रिट्ज प्रो 4 एक्स लॉन्च किए हैं। दोनों नए मडल नैनोपोर लॉन्ग-लाइफ फिल्टर तकनीक, 12-स्तरीय जल शुद्धिकरण प्रणाली, 4 गुना अधिक फिल्टर लाइफ और 4 साल की बिना शर्त वारंटी के साथ आते हैं, जिससे उपभोक्ताओं को लंबे समय तक सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक पेयजल के साथ कम रखरखाव का लाभ मिलता है।




इन वॉटर प्यूरीफायर में आरओ, यूवी, एक्टिव कॉपर और अल्कलाइन तकनीकों का संयोजन है, जो पानी में मौजूद सीसा, पारा, आर्सेनिक, कीटनाशकों के अवशेष और माइक्रोप्लास्टिक जैसे हानिकारक तत्वों को प्रभावी ढंग से हटाता है। एक्वागार्ड एस्पायर ग्लो 4 एक्स में टीडीएस इंडिकेटर, मरकरी-फ्री यूवी एलईडी और इंटेलिजेंट हेलो लाइट्स जैसी सुविधाएँ हैं, जबकि एक्वागार्ड एनरिच रिट्ज प्रो 4 एक्स में वाई-फाई आधारित स्मार्ट फीचर्स और 304 ग्रेड स्टेनलेस स्टील स्टोरेज टैंक दिया गया है। उपभोक्ता यूरेका फोर्ब्स कंज्यूमर ऐप के माध्यम से पानी की गुणवत्ता, फिल्टर की स्थिति और दैनिक उपयोग की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं।

एक्वागार्ड एनरिच रिट्ज प्रो 4 एक्स की कीमत 37,000 और एक्वागार्ड एस्पायर ग्लो 4 एक्स की कीमत 38,000 है। दोनों उत्पाद यूरेका फोर्ब्स की आधिकारिक वेबसाइट और प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर उपलब्ध हैं।

## पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के बीच, अल्ट्रावायलेट ने ईवी पर स्विच करने को पहले से कहीं ज्यादा बना दिया आकर्षक

**पूरे भारत** में पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के बीच, अल्ट्रावायलेट ने आज एक नई पहल की घोषणा की है। इसका मकसद देश भर में दो-पहिया वाहन खरीदने के इच्छुक लोगों के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अपनाना आसान और फायदेमंद बनाना है। जैसे-जैसे खरीदार वाहन खरीदने और उसे रखने की लागत पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं, अल्ट्रावायलेट इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अपनाने के आर्थिक और परफार्मेस से जुड़े फायदों को उजागर कर रही है, साथ ही इस बदलाव को पहले से कहीं ज्यादा फायदेमंद बना रही है।




इस ऑफर के तहत, राइडर्स अपनी राइडिंग हिस्ट्री और गाड़ी के इस्तेमाल के आधार पर अल्ट्रावायलेट मोटरसाइकिल खरीदने पर 30,000 तक का फायदा पा सकते हैं। पेट्रोल से तय की गई दूरी को ओनरशिप बेनिफिट में बदलकर, अल्ट्रावायलेट इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के सबसे बड़े फायदों में से एक को सामने ला रही है : परफर्मेंस, टेक्नोलॉजी, भरोसे या राइडिंग अनुभव से समझौता किए बिना बार-बार होने वाले फ्यूल के खर्च से आजादी।

इस घोषणा पर बात करते हुए, अल्ट्रावायलेट के सीईओ और को- फाउंडर नारायण सुब्रमण्यम ने कहा, पेट्रोल की बढ़ती कीमतें कुछ समय से चर्चा का विषय रही हैं, लेकिन ग्राहकों को ईंधन पर निर्भरता से दूर जाने में सीधे तौर पर मदद करने के लिए बहुत कम कदम उठाए गए हैं। अल्ट्रावायलेट में, हमारा मानना है कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर बढ़ने के लिए ऐसे ठोस उपायों की जरूरत है जो ईवी के मालिक बनने को ज्यादा आसान और आकर्षक बनाएं। यह हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईवी अपनाने की प्रक्रिया को तेज करने के विजन के भी अनुरूप है। इस प्रोग्राम के जरिए, हम पूरे भारत में टू-व्हीलर खरीदने के इच्छुक लोगों को ज्यादा भरोसे के साथ यह बदलाव करने में मदद कर रहे हैं, साथ ही उन्हें कम रनिंग कॉस्ट, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और बेहतर ओनरशिप अनुभव का फायदा भी मिल रहा है। जैसे-जैसे इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का दायरा बढ़ रहा है, हमारा फोकस देश भर के राइडर्स के लिए इस बदलाव को आसान और फायदेमंद बनाकर इसे तेजी से अपनाने पर है।

लगातार प्रोडक्ट इनोवेशन, रिटेल नेटवर्क के विस्तार, ग्राहकों के बीच बढ़ती लोकप्रियता और इंटरनेशनल मार्केट में लगातार तरक्की के जरिए, अल्ट्रावायलेट ने भारत के प्रमुख ईवी ब्रांड्स में से एक के तौर पर अपनी स्थिति मजबूत की है। जैसे-जैसे यह कैटेगरी मैच्योर हो रही है, कंपनी ऐसे प्रोडक्ट्स बनाने पर ध्यान दे रही है जिनमें एडवांस्ड टेक्नोलाजी, जबरदस्त परफर्मेंस और बेहतरीन ओनरशिप वैल्यू का मेल हो।


## प्रवचन

# स्वयं को धनवान और बुद्धिमान सिद्ध न करें : जीयर स्वामी

> **भगवती, भैरव और सोखा के नाम पर बलि देने वाले पाते हैं नरक**
>
> **धनी के बावजूद कृपण होना ही धनपिशाच**

अपने को धनवान समझकर दूसरे को अपमानित नहीं करना चाहिए। ईश्वर अगर धन प्रदान किये हैं, तो उसका स्वयं एवं समाज के हित में उपयोग करें न कि धन का प्रदर्शन और दुरुपयोग करें। धनवान और बुद्धिमान को अपने बारे में बताने की जरुरत नहीं पड़ती, एक समय के बाद समाज उनकी पहचान कर आदर देने लगता है। धन रहने के बावजूद भी जो न खाता है न खिलाता है, उसे धनपिशाच कहा जाता है।

धन सम्पत्ति व्यक्ति की निजी आवश्यकताओं की पूर्त्ति के साथ-साथ समाज के जरुरतमन्द लोगों के लिए भी है। आज इस तथ्य को समझकर कार्यान्वियन करने में ही व्यक्ति और समाज का कल्याण है। धन के प्रति व्यक्ति के एकाधिकार के कारण ही सामाजिक अत्तर्कलह पैदा हो रहे है। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चदंवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

श्री जीयर स्वामी श्रीमद् भागवत महापुराण के पांचवे अध्याय में वर्णित 15 से 28 नरकों की चर्चा कीं। उन्होंने कहा कि पूयोद नरक-शौचाचार से हीन होकर अधम नारियों के साथ समागम करने वाले इस नरक में जाते हैं।

प्राणरोध नरक-ब्रह्मण आदि उच्च वर्ण में जन्म लेकर कुत्ता आदि अस्पृश्य पशु पालन और पशु-पक्षियों का शिकार करने वाले इस नरक में जाते हैं। विषसन नरक-पाखंड भरे यज्ञों में पशुओं का वध करने वाले इस नरक का भोग करते हैं।

लालाभक्ष नरक-अपनी भार्या के मुख में वीर्यपात कराने वाले कामातुर द्विज इस नरक में जाकर वीर्यपान करते हैं। सारमेयादन नरक-दूसरे के घर में आग लगाने, विष देकर मारने एवं लूटने वाले इस नरक को भोगते हैं। अवीचिमान् नरक-गवाही और व्यापार में असत्य आचारण करने वाले लोग इस नरक की यातना सहते हैं। अयःपान नरक-ब्राह्मण-ब्रह्मणी या वत रखने वाला प्रमादवष मद्यपान करता है तो उसे यमदूत इसी नरक में गिरा देते हैं।

क्षारकर्दम नरक-स्वयं अधम होकर उच्च होने की चेष्टा और उच्च कुल में उत्पन्न लोगों का सम्मान नहीं करने वाले इस नरक में जाते हैं। रक्षोगण भोजन नरक-नरबलि देकर भद्रकाली, सोखा एवं भैरव आदि का पूजन करने वाले तथा प्रसाद रुप में उस मांस का भक्षण करने वाले स्त्री-पुरुष इस नरक में जाते हैं।

शूलप्रोत नरक-निरपराध पशुओं का वध करने वाले इस नरक की यातना सहते हैं। दंदषूक नरक-उग्र स्वभाव और क्रोधी लोग इस नरक में जाते हैं।

अवटनिरोधन नरक-दूसरे प्राणियों को गड्ढे, घान की कोठी और गुफा में बंद कर सताने वाले इस नरक के गामी होते हैं। अक्षि पर्यावर्तन नरक-अपने घर आये अतिथि को क्रोध भरी कुटिलता से देखने वाले स्त्री-पुरुश इस नरक में जाते हैं।

सूचीमुख नरक-अपने को धनवान मान दूसरे को टेढ़ी नजर से देखने, बात-बात पर संदेह करने और धन संग्रह के बावजूद समाज में खर्च नहीं करने वाले धनपिशाच कहलाते हैं। इस लक्षण के स्त्री-पुरुश इसी नरक का भोग करते हैं।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए अभिषेक कुमार सम्मानित

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** बिहार सरकार के ष्सेवा, संकल्प एवं समर्पणष कार्यक्रम के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से षि क्षेत्र में उत्ष्ट कार्य करने वाले जिले के नौ कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।जिला पदाधिकारी एवं जिला षि पदाधिकारी, मोतिहारी ने चयनित कर्मियों को सम्मानित किया। इनमें पहाड़पुर प्रखंड के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक (बीटीएम) अभिषेक कुमार भी शामिल रहे। उन्हें किसानों के प्रति समर्पण, षि क्षेत्र में उत्ष्ट कार्य तथा नवाचारपूर्ण योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।सम्मान मिलने पर अभिषेक कुमार ने इसे किसानों के सहयोग और विभाग के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि आगे भी किसानों को बेहतर तकनीकी सलाह एवं षि योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करते रहेंगे।इस उपलब्धि पर षि विभाग के अधिकारियों, कर्मियों तथा क्षेत्र के किसानों ने अभिषेक कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कवलपुर चौक मस्जिद के समीप इंडियन प्लाईबोर्ड एण्ड हार्डवेयर स्टोर का हुआ शुभारंभ

**तुरकौलिया(एनएसबी))।** अरेराज-मोतिहारी मुख्य सड़क पर कवलपुर मस्जिद के पास इंडियन प्लाईबोर्ड एण्ड हार्डवेयर स्टोर का शुभारंभ हुआ है। जिसका उदघाटन जिप प्रतिनिधि हेमंत किशोर वर्मा, तुरकौलिया पश्चिमी पंचायत के मुखिया रामजनम पासवान, उपसरपंच अजमल कमाल उर्फ लाल, सफी अहमद व विनय सहनी ने फीता काट कर किया। अतिथियों ने कहा कि प्लाई और हार्डवेयर का समान खरीदने के लिए ग्राहकों को अब शहर जाने की जरूरत नही पड़ेगी। सभी समान अब एक ही छत के निचे सस्ते दामों पर उपलब्ध रहेगा। प्रोपराइटर आरिफ आलम ने बताया कि दुकान में सभी समान ब्रांडेड मिलेगास मौके पर ड0 अफजल आलम, पूर्व मुखिया डा0 बेबी आलम, मोहम्मद शरीफ अंसारी, आबिद अली अंसारी, हाजी अख्तर हुसैन, शिक्षक कलाम अंसारी, मोहसिन अंसारी, अमजद हुसैन, मजहर हुसैन, फारूक आजम, फिरोज आलम उर्फ सोनू, साजिद अनवर, मुशर्रफ आलम, अजहरुद्दीन आलम, नजरे आलम, इमरान, सोनू आलम, नवाबुल आलम आदि मौजूद थे।

### राज्यस्तरीय कराटे प्रतियोगिता में टीआईएस के 33 छात्रों ने जीता पदक


**चकिया।** शहर के साहेबगंज रोड स्थित ट्रान्सेंडेंस इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में 33 पदक जीत कर स्कूल के साथ-साथ शहर व जिला का नाम रोशन किया है। स्कूल के अध्यक्ष नासिर जमाल,सचिव सएम नासिर तथा शिक्षकों ने विजेता छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है। इस दौरान सचिव सएम नासिर ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि मार्शल आर्ट न केवल आत्मरक्षा सिखाता है बल्कि यह जीवन में मानसिक और शारीरिक अनुशासन भी लाता है। साथ हीं कहा कि बीते 26 जुलाई को ढाका में आयोजित राज्यस्तरीय ओपन इन्विटेशनल कराटे चौंपियनशिप प्रतियोगिता में स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 स्वर्ण, 11 रजत तथा 11 कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके लिए कराटे कोच तनवीर हयात खान को बेहतर मार्गदर्शन के लिए बधाई दी।

### छपरा में बीड़ीओ पर हुए हमले के विरोध में अरेराज बीडीओ ने काली पट्टी लगाकर किया विरोध प्रकट

**अरेराज(एनएसबी)।** छपरा में बिहार बंद के दौरान पथराव में दो बीडीओ के घायल होने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों में रोष व्याप्त है। अधिकारियों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने हेतु मुख्यमंत्री को ज्ञापन सोपा गया है। अरेराज बड़ीओ आदित्य नारायण दीक्षित ने बताया कि बिहार बंद के दौरान विधि व्यवस्था की देखरेख में ड्यूटी में तैनात छपरा सदर की बीडीओ ष्टि पाठक और रिवीलगंज के बीडीओ रितेश कुमार उपद्रवियों के पथराव में गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बाद पूरे राज्य में प्रशासनिक अधिकारियों में गहरा आक्रोश है। संघ ने इसे सरकारी अधिकारियों पर हमला बताते हुए दोषियों के विरुद्ध कडी करवाई की मांग की है।बीडीओ श्री दीक्षित ने बताया कि सुरक्षा मिलने तक काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि संघ ने मांग किया है कि संवेदनशील विधि व्यवस्था ड्यूटी पर प्रतिनियुक्ति के पहले पर्याप्त सुरक्षा बल, सुरक्षा प्रबंधन और मानक कार्य प्रणाली (सीओपी) लागू की जाए साथही कहा कि जब तक सरकार इन मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेती तब तक प्रखंड विकास पदाधिकारियों को विधि व्यवस्था ड्यूटी से अलग रखा जाए। विरोध के प्रतीक के रूप में पूरे राज्य के बीडीओ अपने नियमित सरकारी कार्य करते हुए काली पट्टी धारण कर विरोध प्रकट करेंगे।

# अधिनायक अनुदेशक भर्ती परीक्षा 29 जुलाई को, 12 केंद्रों पर 7,464 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**मोतिहारी(एन एस बी )।** बिहार गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग में विज्ञापन संख्या-05ध्2026 के अंतर्गत अधिनायक अनुदेशक के पद पर चयन हेतु प्रतियोगिता परीक्षा 29 जुलाई 2026 (बुधवार) को पूर्वी चंपारण जिले के 12 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा एक पाली में पूर्वा 11रू00 बजे से अपरा 1रू00 बजे तक होगी, जिसमें कुल 7,464 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव के निर्देश पर समाहरणालय स्थित ड़ राजेंद्र प्रसाद सभागार में अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) श्री शैलेंद्र कुमार भारती की अध्यक्षता में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं केंद्राधीक्षकों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को परीक्षा संचालन से जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



बैठक करते अधिकारी।

केंद्राधीक्षकों को सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा, जैमर, घड़ी, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल तथा साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त स्टेटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी सुबह 9रू00 बजे तक अपने-अपने केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे। अभ्यर्थियों का प्रवेश सुबह 9रू30 बजे से प्रारंभ होगा तथा 10रू30 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

अभ्यर्थियों की तीन चरणों में फ्रिस्किंग की जाएगी। प्रथम जांच मुख्य द्वार पर, द्वितीय परीक्षा केंद्र के भीतर तथा तृतीय जांच परीक्षा कक्ष में होगी। परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र एवं एक वैध फोटो पहचान पत्र साथ रखना अनिवार्य होगा।परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, घड़ी, इरेजर, शार्पनर तथा किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रनिक उपकरण या गैजेट ले जाने की अनुमति नहीं होगी। सभी अभ्यर्थियों को आवंटित रोल नंबर के अनुसार निर्धारित सीट पर बैठना होगा। परीक्षा ड्यूटी में प्रतिनियुक्त कर्मियों, अधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को भी मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रनिक उपकरण अपने पास रखने की अनुमति नहीं होगी।विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में सशस्त्र बल एवं महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग हेतु महिला कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी परीक्षा केंद्रों के 200 गज की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत परीक्षा अवधि तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी। साथ ही परीक्षा केंद्रों के 200 गज के दायरे में स्थित सभी फोटोस्टेट एवं साइबर कैफे परीक्षा के दिन बंद रहेंगे। परीक्षा केंद्रों पर मीडिया के प्रवेश पर भी रोक रहेगी।आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो परीक्षा के दिन दूरभाष संख्या 06252-242418 पर कार्यरत रहेगा।संयुक्त ब्रीफिंग में अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अरुण कुमार, वरीय उप समाहर्ता अमरेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी सहित प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सभी केंद्राधीक्षक उपस्थित थे।

## अपने कर्तव्यों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करना भी है सच्ची राष्ट्रभक्ति : प्रो. मृगेंद्र

**मोतिहारी(एनएसबी)।** एलएनडी कलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के महाविद्यालय इकाई के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस का आयोजन अत्यंत सम्मान एवं देशभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो (ड) मृगेंद्र कुमार, ड सुबोध कुमार, ड रविरंजन सिंह,प्रो राकेश रंजन कुमार, ड दुर्वादल भट्टाचार्य, ड प्रभाकर कुमार, ड जौवाद हुसैन, राजीव कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सामूहिक राष्ट्रगान के उपरांत कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले कारगिल युद्ध के अमर एवं वीर शहीद जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात् महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मृगेंद्र कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रभक्ति केवल देश की सीमाओं तक ही सीमित नहीं रहती बल्कि अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन,अपने ज्ञान,दर्शन,अनुशासन,समाजसेवा के द्वारा भी देश की सेवा की जा सकती है। इतिहास विभागाध्यक्ष ड़ सुबोध कुमार ने कारगिल युद्ध की अनेक पहलुओं से सभा को अवगत कराया। उर्दू विभागाध्यक्ष ड. जौवाद हुसैन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कारगिल युद्ध के ऐतिहासिक महत्व व भारतीय सेना के पराक्रम पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में छात्र अनुराग एवं शुभम ने एक विशेष डिजिटल प्रेजेंटेशन के माध्यम से कारगिल युद्ध में अपने जीवन का बलिदान देने वाले वीर योद्धाओं की शौर्यगाथाओं का भावुक एवं सजीव चित्रण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मंच उज्ज्वल कुमार तथा माही कुमारी के द्वारा काफी संजीी से किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय मीडिया प्रभारी ड़ प्रभाकर कुमार के द्वारा किया गया।



उद्घाटन करते प्राचार्य व अन्य।

## माउंट लिटेरा जी स्कूल में अग्नि सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल आयोजित

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिला अगिशमन पदाधिकारी श्रीमती तृप्ति सिंह के निर्देश पर अनुमंडल अगिशमन पदाधिकारी श्री अशोक कुमार (वर्तमान में प्रभार में) के नेतृत्व में माउंट लिटेरा जी स्कूल, ढाका रोड, भारोलिया, मोतिहारी में अगि सुरक्षा जागरूकता को लेकर एक व्यापक मक ड्रिल का आयोजन किया गयास मक ड्रिल के दौरान गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में आग पर काबू पाने के उपायों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही भवन अथवा बहुमंजिला इमारत में आग लगने की स्थिति में रेस्क्यू अभियान चलाकर लोगों के जान-माल की सुरक्षित निकासी और बचाव के तरीकों की जानकारी दी गई। अगिशमन पदाधिकारी ने आपातकालीन सहायता के लिए विभाग के दूरभाष नंबर 7485805980 एवं 7485805981 साझा किए तथा बताया कि किसी भी आपात स्थिति में 101 या 112 डायल कर तत्काल सहायता प्राप्त की जा सकती हैस मक ड्रिल के सफल आयोजन में प्रधान अगिक पिंटू राय, अगिक चालक सुनील कुमार यादव, अगिक मुकेश पंडित तथा बिहार होमगार्ड के कर्ण कुमार एवं कमलेश कुमार की सक्रिय सहभागिता रही।



जानकारी देते अगिशमन विभाग के अधिकारी एवं कर्मी।

## रोटरी क्लब ऑफ चकिया ने मनाया 12वां स्थापना दिवस

**चकिया(एनएसबी)।** रोटरी क्लब अफ चकिया का 12वां स्थापना दिवस रविवार को देर शाम शहर के मुजफ्फरपुर रोड स्थित एक निजी होटल के सभागार में समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष धर्म प्रकाश, रो देववत प्रिय मुखर्जी, रो केसर सिंह, रोटरी क्लब अफ चकिया के नव मनोनीत अध्यक्ष संदीप तुलस्यान, नव मनोनित सचिव रामानंद पटेल आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में नए सत्र 2026-27 के लिए क्लब के नव मनोनित अध्यक्ष संदीप तुलस्यान को निवर्तमान अध्यक्ष तथा सचिव के रूप में नव मनोनीत रामानंद पटेल को निवर्तमान सचिव ने कलर एक्सचेंज कर पदभार सौंपा। समारोह में बेहतर कार्य करने वाले सदस्यों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। बेस्ट रोटेरियन अफ द ईयर का सम्मान रो प्रकाश कुमार को जबकि बेस्ट अटेंडेंस अवार्ड रो अवधेश कुमार को तथा समय पर सदस्यता शुल्क जमा करने के लिए




स्थापना दिवस में मुख्य अतिथि के साथ रोटेरियन।

रो जितेंद्र कुमार को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन रो केशर कुमार सिंह ने किया। मौके पर सभापति सह रोटेरियन पवन सर्राफ,मुजफ्फरपुर रोटरी के पूर्व अध्यक्ष ए बी सारण, प्रीति सारण,रोटेरियन स्टैनली पिल्लई,अमरजीत कुमार, ड रोहित सिंह,गुंजन तुलस्यान,हरि किशोर पाठक, अंकित राज, रवि गुप्ता,जयप्रकाश यादव,विकास कुमार, मनोज चौधरी, हरजीत सिंह राजू सहित अन्य मौजूद थे।

## जिलाधिकारी ने आंबेडकर कल्याण छात्रावास का किया औचक निरीक्षण

### छात्रों की समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी )।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने रविवार को चाँदमारी स्थित ड़ आंबेडकर कल्याण छात्रावास संख्या-01 एवं 02 का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा छात्रावासी छात्रों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने



निरीक्षण करते डीएम व एसपी ।

जिला कल्याण पदाधिकारी को छात्रों की सभी समस्याओं का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने छात्रों को शांतिपूर्ण वातावरण में अध्ययन कर बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया।छात्रों की मांग पर जिलाधिकारी ने अनलाइन यूपीएससी कोर्स की सुविधा उपलब्ध कराने तथा अन्य आवश्यक प्रतियोगी पुस्तकों की व्यवस्था करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। साथ ही जिला कल्याण पदाधिकारी एवं छात्रावास समन्वयक को नियमित रूप से छात्रावास का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करने का भी निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने छात्रावास परिसर में निर्माणाधीन 100-आसन क्षमता वाले नए छात्रावास भवन का भी निरीक्षण किया और उसका हस्तांतरण यथाशीघ्र सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।मौके पर पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात, सहायक समाहर्ता राजष्ण झा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अरुण कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी संतोष कुमार पांडेय, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी (सदर) जितेंद्र कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी (कोटवा) आनंद मोहन बिहारी सहित छात्रावास के छात्र उपस्थित थे।

# गवर्नमेंट अचीवमेंट्स एंड स्कीम्स एक्सपो 2026 में एमजीसीयू को प्रथम पुरस्कार

**मोतिहारी(एनएसबी )।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू), मोतिहारी ने भारत मंडपम, नई दिल्ली में 25 से 27 जुलाई, 2026 तक आयोजित श्गवर्नमेंट अचीवमेंट्स एंड स्कीम्स एक्सपो2026श में उत्ष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

यह सम्मान विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्ष्टता, नवाचार आधारित पहलों, सुढ़ शोध परिवेश तथा छात्र-केंद्रित शैक्षणिक कार्यक्रमों के प्रभावी प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया।तीन दिवसीय एक्सपो के दौरान विश्वविद्यालय के प्रदर्शनी स्टल पर विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों तथा विभिन्न सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों का लगातार आगमन रहा। आगंतुकों ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, आधुनिक अधोसंरचना, शोध सुविधाओं और गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता की सराहना की।विश्वविद्यालय की ओर से ड़ उमेश पात्रा ने आगंतुकों को विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों, शोध सुविधाओं तथा प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रदर्शनी का प्रमुख आकर्षण शैक्षणिक परामर्श सत्र रहा, जिसमें विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को सत्र 2026-27 के प्रवेश तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप प्रारंभ किए गए पाँच वर्षीय एकीत यूजी-पीजी कार्यक्रमों की विशेषताओं से अवगत कराया गया।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र ड़ ष्ण कुमार, ड़ सूरज जायसवाल एवं श्रवण कुमार शर्मा ने भी स्टल का भ्रमण कर विश्वविद्यालय की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। एक्सपो में बीएचयू, इग्नू, एनआईटी जमशेदपुर, एनआईटी मिजोरम, सीएसआईआर, दिल्ली मेट्रो रेल कर्पोरेशन, ओएमएफईडी सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों ने भाग लिया।कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव ने कहा कि यह राष्ट्रीय सम्मान विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्ष्टता, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है तथा भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।




कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

## संक्षिप्त खबरें

### चकिया में लो वोल्टेज व बार-बार बिजली कटने से लोगों का भड़का गुस्सा,दिया धरना

**चकिया।** लगातार घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित रहने और विद्युत विभाग की कार्यशैली से निराश लोगों का सोमवार को गुस्सा भड़क गया। सोमवार को समाजसेवी सुनील सिंह के अध्यक्षता में बड़ी संख्या में लोगों ने विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कार्यालय परिसर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति समेत अन्य मांगों को लेकर करीब चार घंटे तक धरना दिया। बताया गया कि वार्ड सात समेत अन्य वार्डों में लंबे समय से विद्युत आपूर्ति अनियमित है। लो वोल्टेज रहता है। तथा बार-बार बिजली कटने से लोगों को भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही क्षेत्र में सपोर्टिंग ट्रांसफार्मर नहीं होने के कारण ओवरलोड की समस्या बनी रहती है, जिससे बार-बार फल्ट होता है। प्रदर्शनकारियों ने जर्जर विद्युत तारों को शीघ्र बदलने और विद्युत व्यवस्था को स्थायी रूप से दुरुस्त करने की भी मांग की। धरने के दौरान लोगों ने विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया, जिससे उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। इस बाबत कार्यपालक अभियंता संतोष कुमार ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि अतिरिक्तट्रांसफार्मर लगाने के लिए विभाग को प्रस्ताव भेज दिया गया है। ट्रांसफार्मर उपलब्ध होते ही उसे स्थापित कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि बिजली आपूर्ति में आ रही अनियमितता को जल्द दूर कर क्षेत्र के लोगों को बेहतर विद्युत सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यपालक अभियंता के आश्वासन के बाद करीब चार घंटे तक चला धरना समाप्त हो गया। हालांकि वार्डवासियों ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे फिर से आंदोलन करने को बाध्य होंगे।धरना में प्रवीण सम्राट,संदीप गुप्ता,रौशन कुमार,गुलाम रब्बानी उर्फ राजू,तौशिफ आलम, रणजीत सिंह ,अभिषेक राणा, अजय श्रीवास्तव, धीरज राम, जखीर आलम सहित अन्य शामिल थे।

### कृषि उत्पाद बाजार समिति का डीएम-एसपी ने किया औचक निरीक्षण

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने सोमवार को षि उत्पाद बाजार समिति (वि) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने फेज-प्प के अंतर्गत निर्मित विभिन्न भवनों का जायजा लिया)स जिला षि पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि फेज-प्प के तहत एक प्रशासनिक भवन, एक निबंधन कार्यालय तथा कर्मियों के लिए एक कैंटीन का निर्माण कराया गया है।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी, सदर मोतिहारी अरुण कुमार को बाजार समिति परिसर



निरीक्षण करते डीएम एवं एसपी ।

में अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाने तथा भवनों के हस्तांतरण की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया।मौके पर सहायक समाहर्ता एवं सहायक दंडाधिकारी राजष्ण झा, जिला षि पदाधिकारी मनीष कुमार, सहायक निदेशक (शस्य) तथा जिला षि विपणन पदाधिकारी, मोतिहारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### विराट रामायण मंदिर में श्रावण मास की तैयारी शुरू

#### भक्तगण लघु सहस्त्रलिंगम का दर्शन कर सकेंगे

#### भीड़ की संभावना को देखते हुए अरघा लगने की है योजना

**कल्याणपुर(एनएसबी)।** विराट रामायण मंदिर में सावन महीने की शुरुआत से पूर्व तैयारियां शुरू हो गई है। डिजनीलैंड, झूले, खेल, तमाशा आदि लगना प्रारंभ हो गया है। इस वर्ष 30 अगस्त से पावन सावन माह की शुरुआत होगी। जिसमें चार सोमवार पड़ेगा। भक्तगण सावन माह में सहस्त्रलिंगम मंडप में लघु सहस्त्रलिंगम का दर्शन कर सकेंगे। दर्शन के लिए अरघा लगाया जायेगा। विश्व के सबसे ऊंचे सहस्त्रलिंगम शिवलिंग की स्थापना हो चुकी है। जिससे तामिलनाडु के महाबलिपुरम के शिल्पकार ने बनाया है। महावीर मंदिर न्यास बोर्ड के सचिव सायण कुणाल ने बताया कि भक्तों के दर्शन करने की भीड़ को देखते हुए तामिलनाडु के शिल्पकार ने लघु सहस्त्रलिंगम बनाया। जिसमें 1008 छोटे छोटे शिवलिंग बनाया गया है। यह भी ब्लैक ग्रेनाइट से बना है। सचिव सायण कुणाल ने बताया की रुद्राभिषेक का शुल्क तय कर दिया गया है। रुद्राभिषेक के लिए 1100 सौ रुपए प्रति पूजन शुल्क लगेगा। पूजा में प्रयुक्त होने वाले समस्त पूजन सामग्री यजमान को स्वयं साथ लाना होगा। विद्वान आचार्य द्वारा रुद्राभिषेक कराया जायेगा।वैसे सावन का महिना शंकर भगवान की पा पाने व पूजा पाठ का उतम संयोग है घ्। स्कन्द पुराण से लेकर वायु पुराण तक प्रत्येक प्रमुख ग्रंथों में श्रावण मास को सर्वश्रेष्ठ मास घोषित किया गया है। इस माह में अर्पित एक बूंद जल भी शंकर भगवान को अत्यंत प्रसन्न करता है। इस सहस्त्राशिवलिंगम पर जल अर्पित करने से 1008 शिवलिंग पर जल डालने का पुण्य होगा। विराट रामायण मंदिर में 17 जनवरी को पीठ पूजा के साथ मंदिर निर्माण में तेजी आई है। विश्व के सबसे उंचे सहस्त्राशिवलिंगम की पीठ पूजा के बाद स्थापना के दिन पूर्व मुख्यमंत्री नितीश कुमार, मंत्री सांसद विधायक सहित गणमान्य लोग पीठ पूजा के समय उपस्थित थे।




परिसर में स्थापित लघु सहस्त्रलिंगम का दर्शन करते श्रद्धालु।

### जन सुराज के प्रतिनिधिमंडल की शिकायत के बाद चुनाव आयोग का आश्वासन, जीविका दीदियां रहेंगी चुनावी प्रक्रिया से बाहर

**पटना।'** जन सुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस कन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जीविका दीदियों की चुनावी प्रक्रिया में भागीदारी को लेकर बिहार मुख्य चुनाव अधिकारी के समक्ष उठाए गए सवाल पर बात रखी। मनोज भारती ने कहा कि रविवार को जब हम मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलने गए तो उन्होंने आश्वासन दिया कि बांकीपुर उपचुनाव में किसी भी गैर-सरकारी या अर्ध-सरकारी कर्मचारी, जैसे जीविका दीदियों और आंगनबाड़ी सेविकाओं समेत अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं होगी। इससे संबंधित एक निर्देश उन्होंने पटना के जिला अधिकारी को भी दिया है। आज हमारा एक शिष्टमंडल जिला अधिकारी से भी मुलाकात करेगा। हमारे शिष्टमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से यह भी कहा कि बांकीपुर उपचुनाव में बीजेपी की तरफ से 30 सांसद, 201 विधायक, तमाम पूर्व विधायक और पूर्व विधान पार्षद अपने-अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ पूरे बांकीपुर क्षेत्र में हैं। इन सभी के लिए सरकारी सुविधाओं, गाड़ियों और सरकारी संस्थानों का इस्तेमाल भी चुनाव की आदर्श आचार संहिता के खिलाफ है। इसका संज्ञान चुनाव पदाधिकारी को लेना चाहिए। जन सुराज द्वारा ज्ञापन दिए जाने पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस बात पर सहमति जताई कि जो कुछ हो रहा है, वह उचित नहीं है और इस पर आवश्यक कार्रवाई होनी चाहिए। हमने 17 जुलाई को दिए गए ज्ञापन में यह भी कहा था कि इतने वीवीआईपी बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों के साथ बांकीपुर में घूम रहे हैं, जिससे लोगों को डराने और धमकाने का काम किया जा रहा है। वहीं, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुमार सौरभ ने कहा कि बांकीपुर विधानसभा से जन सुराज के प्रत्याशी प्रशांत किशोर जी ने रविवार को प्रेस कन्फ्रेंस कर बताया था कि किस प्रकार इस उपचुनाव में आदर्श आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इसका सच भी उन्होंने मीडिया के सामने रखा था। उन्होंने कहा था कि अर्ध-सरकारी और गैर-सरकारी कर्मचारियों, जिनमें जीविका दीदियां और आंगनबाड़ी सहायिकाएं शामिल हैं, इनकी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बांकीपुर उपचुनाव में नियुक्ति नहीं होनी चाहिए। इसके लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया था कि अगर ऐसा नहीं होता है तो हम चुनाव आयोग के खिलाफ धरने पर बैठेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### डिंपी गर्ग पूर्व मध्य रेलवे के होंगे नए महाप्रबंधक



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** पूर्व मध्य रेलवे को नया नेतृत्व मिलने जा रहा है डिंपी गर्ग नए महाप्रबंधक होंगे। वर्तमान जी एम छत्रपाल सिंह पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक हैं। उन्होंने 13 जुलाई 2024 को पदभार ग्रहण किया था 31 अगस्त, 2026 को सेवानिवृत्त होंगे। ऐसे में रेलवे ने छत्रपाल सिंह की सेवानिवृत्ति के मद्देनजर डिंपी गर्ग को पूर्व मध्य रेल का जीएम बनाने का निर्णय लिया है श्री गर्ग की नियुक्ति एक सितंबर से होगी। वे वर्तमान में उत्तर रेलवे में प्रधान मुख्य मैकेनिकल इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले वे दिल्ली मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। जहां उनके कार्यकाल में परिचालन, सुरक्षा और यात्री सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य हुए। डिंपी गर्ग रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक के पद पर भी कार्य कर चुके हैं। उन्होंने रेलवे के मैकेनिकल, सुरक्षा और परिचालन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्व निभाए हैं।

### संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी की 650वीं जयंती को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी की 650वीं जयंती समारोह को लेकर भारतीय जनता पार्टी, सहरसा जिला के



तत्वावधान में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला अध्यक्ष साजन शर्मा जी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यशाला में जयंती समारोह को भव्य एवं सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा कार्यकत्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई।बैठक में सहरसा जिला प्रभारी सुनील कुमार, जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव एवं रिंकी देवी, जिला महामंत्री अनमोल भगत एवं भैरवानंद झा, जिला मीडिया प्रभारी सुमित कुमार सोनू, सह-मीडिया प्रभारी अमर ज्योति, जिला प्रवक्ता अभिनंदन कुशवाहा, सुगामनी देवी, सुभाष झा, अखिलेश पांडेय, दिनेश यादव, अभिलाष कुमार, शशि सोनी,अमर यादव सहित विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष एवं पार्टी के वरिष्ठ कार्यकत्ता उपस्थित रहे।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास महाराज जी ने समाज में समानता, समरसता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष रूद्रानंद कुमार, सोनू गुप्ता, कृष्णा साह, किशोर कुमार, ललन जायसवाल, अनिल यादव सहित अनेक कार्यकत्ता उपस्थित थे।

### गुरूवार से होगी सावन मास की शुरूआत, 03 अगस्त को होगी पहली सोमवारी, मंदिरो में गुंजेंगे हर हर महादेवः पंडित तरुण झा

**सहरसा (एनएसबी)।** ब्रज किशोर ज्योतिष संस्थान एवं फाउंडेशन डॉ० रहमान चैक सहरसा बिहार के संस्थापक एवं कोशी क्षेत्र के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा जी ने बताया है की देवाधिदेव महादेव का प्रिय मास सावन की शुरूआत 30 जुलाई गुरूवार को हो रही है,और 28 अगस्त शुक्रवार को सावन मास का समापन होगा,पहली सोमवारी 03 अगस्त को है और इसी दिन नव विवाहिता हेतु मधुश्रावणी पूजा प्रारम्भ होगी व मौना पंचमी भी इसी दिन होगा,बताते चलें की श्रावण सोमवार व्रत के दिन भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा विशेष विधि विधान से की जाती है। सोमवार का व्रत करने से सुख समृद्धि और उन्नति एवं मनोकामना पूरी होती है,श्रावण को मनोकामना पूर्ति का महीना भी कहा जाता है, क्योंकि भोलेनाथ ही ऐसे देवता है जिनकी सच्चे मन से पूजा की जाए तो वह बेहद जल्द प्रसन्न हो जाते हैं,मान्यता है की श्रावण सोमवार के दिन भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा अत्यंत लाभकारी मानी जाती है! श्रावण मास के दौरान भगवान शिव को जल एवं गंगाजल के साथ-साथ पुष्प, बेलपत्र, धतूरा, मंदार पुष्प गाय का कच्चा दूध, विजया पत्र, मधु, गुड, इत्र, पंचामृत आदि एवं माता पार्वती की श्रृंगार सामग्री चढ़ाना शुभ माना जाता है, भगवान भोलेनाथ व माँ पार्वती का विधि विधान के साथ पूजा जलाभिषेक, रुद्राभिषेक करना अच्छा माना जाता है। इस विशेष समय में शिव पूजन, पार्थिव पूजन, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय अनुष्ठान भी अति लाभदायक सिद्ध होगा। संभव हो तो शिव चलीसा ओम नमः शिवाय का जप एवं महामृत्युंजय के मन्त्र का जप अवश्य करें,इसके साथ ही सोलह सोमवार का व्रत भी आरंभ किया जा सकता है। पहला सोमवार व्रत 03 अगस्त 2026 है। श्रावण का दूसरा सोमवार व्रत 10 अगस्त, श्रावण का तीसरा सोमवार व्रत 17 अगस्त को है।

### विधायक ईआईपी गुप्ता नें विधानसभा में याचिका समिति में उठाये जनहित सें जुड़े आवश्यक मुद्दे

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सोमवार को बिहार विधानसभा के याचिका समिति के बैठक में सहरसा सदर विधायक ई.आईपी गुप्ता ने बैठक में भाग लिया।वही बैठक में जल संसाधन विभाग, उच्च शिक्षा विभाग के कई मुद्दों को याचिका समिति की समीक्षा बैठक में उठाकर कारवाई की मांग की।जिसके अंतर्गत जमुई में बारनार जलाशय योजना से बन रहे बांध के अंदर डूब जाने वाले 111 घरों का पुनर्स्थापित करने, उनको जमीन के बदले जमीन और घर के बदले घर देने की बात और एक घर के बदले एक नौकरी की देने की निर्देश याचिका समिति के तरफ से विभाग को दिया गया।साथ ही पटना उच्च न्यायालय सीडब्लूजेसी 4176/2022 के द्वारा पारित आदेश जिसमें सहरसा सहित कोशी के बाढ़ पीड़ितों के जमीन और बाढ़ से संबंधित मामलों को तय समय सीमा के अंदर निपटाने के लिए कोशी डेवलपमेंट अथॉरिटी बनाने की बात कही थी। उसका क्या हुआ। विशेष सचिव, जल संसाधन विभाग ने कहा कि सर आपने इस मामले को विधानसभा में उठाया है जिसका संज्ञान बिहार सरकार ने लिया है और इस बाबत आपको विभाग सभी जानकारी जल्द उपलब्ध कराएगी। क्या कोशी के जनता को हर साल बाढ़ के विभीषिका से बचाने के लिए भारत सरकार या बिहार सरकार, नेपाल सरकार के साथ कोई समझौता अभी तक किया है कि नहीं? कितनी विडम्बना है कि उनका जवाब था, नहीं। बांध का निर्माण एक बेहद संवेदनशील निर्माण कार्य होता है। क्या हम इसमें बिलो बिड टेंडर के वय व्यवस्था को खत्म कर सकते है कि नहीं? उनका जवाब सकारात्मक था कि बिलो बिड टेन्डर व्यवस्था को खत्म करने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री जी के पास विचाराधीन है। विधायक ई.आईपी गुप्ता ने कहा कि जनता के हर एक समस्याओं के समाधान करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे और अगर सरकार जनता के समस्याओं को अनदेखी करेगी तो सड़क से सदन तक आवाज को बुलंद करते रहेंगे।




### कारगिल विजय दिवस पर गोस्वामी लक्ष्मीनाथ फाउंडेशन ने दी शहीद रमन कुमार झा को श्रद्धांजलि व पुष्पांजलि


**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर रविवार को गोस्वामी लक्ष्मीनाथ फाउंडेशन द्वारा शहीद रमन कुमार झा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि सह 2 मिनट का मौन व्रत एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन के संयोजक राहुल झा ने की, जबकि संचालन रविशंकर झा ने किया। इस अवसर पर शहीद रमन झा के पिता फूल झा विशेष रूप से उपस्थित रहे।सभा में फाउंडेशन के उपाध्यक्ष रूपेश कुमार,सुमन झा,शंकर चैधरी बंटी झा,अनुज चैधरी,सोनू देव, मानस मिश्रा,सौरव कुमार,प्रभु कामत,मो. शाकिब सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, युवा और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को याद किया।राहुल झा वक्ता के रूप में बोलते हुए फाउंडेशन संयोजक राहुल झा ने कहाआज कारगिल विजय दिवस हमें याद दिलाता है कि हमारी आजादी और चैन की नींद शहीदों की कुबार्नी की बदौलत है। शहीद रमन कुमार झा हमारे गौरव हैं। उन्होंने देश की मिट्टी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्योछावर कर दिए।रमन झा सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि कर्तव्य, साहस और देशभक्ति की मिसाल हैं। उनकी शहादत हमें सिखाती है कि राष्ट्र पहले, स्वयं बाद में। आज जब हम सुरक्षित हैं, तो इसके पीछे ऐसे वीरों का खून और पसीना है। गोस्वामी लक्ष्मीनाथ फाउंडेशन का संकल्प है कि हम शहीदों के परिवारों को कभी अकेला महसूस नहीं होने देंगे और आने वाली पीढ़ी को रमन झा जैसे नायकों की कहानी सुनाते रहेंगे, ताकि देशभक्ति की लौ कभी बुझे नहीं।



# बिराटपुर-मरनमा जर्जर सड़क से आमजन बेहाल, मधेपुरा सांसद के द्वारा चैड़ीकरण की मांग में अटका निर्माण कार्य, सांसद के पत्र के बाद रुका काम, लोगों में बढ़ा आक्रोश

**बीते वर्ष 9 जून को पूर्व मंत्री र●ेश सादा ने किया था शिलान्यास**





दिनेश चन्द्र यादव
संसद सदस्य (लोक सभा)
दिनांक: 24.6.2025

अपर मुख्य सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।
महोदय,
ग्रामीण कार्य प्रमंडल सिमरी बख्तियारपुर अन्तर्गत MMGSUY अन्तर्गत बिराटपुर से गोलमा होते हुए मरनमा सडक का निर्माण हो रहा है। यह काफी महत्वपूर्ण पथ है जो दो प्रखंडों को जोड़ती है। जानकारी मिलि है कि उक्त पथ के चौड़ीकरण का प्रावधान नहीं है। जबकि इसपर काफी गाडियों का परिचालन होता है।
आग्रह है कि उक्त पथ के चौड़ीकरण का प्रावधान करने की कृपा करेंगे।
(दिनेश चन्द्र यादव)

जर्जर सड़क, सांसद का पत्र

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र की लाइफलाइन मानी जाने वाली बिराटपुरहगोलमा-मरनमा सड़क का निर्माण कार्य चैड़ीकरण की मांग को लेकर बीच में ही रुक जाने से आमजन भारी परेशानी झेल रहे हैं। अधूरी सड़क बरसात में अब गड्ढों में तब्दील होकर टापू बन चुकी है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को रोजाना मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में यह चर्चा भी है कि जदयू के दो वरिष्ठ नेताओं के बीच राजनीतिक खींचतान का असर इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना पर पड़ा है। मालूम हो कि उस समय स्थानीय विधायक सह बिहार सरकार के मंत्री रत्नेश सादा के प्रयासों से विधानसभा चुनाव से पहले इस बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण योजना को मंजूरी मिली थी। बीते वर्ष 9 जून को उन्होंने भव्य समारोह में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया था। शिलान्यास के बाद लोगों में काफी उत्साह था, क्योंकि यह सड़क सोनवर्षा विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख व्यापारिक और संपर्क मार्गों में शामिल है। करीब 4.74 करोड़ की प्राक्कलित लागत से सिन्कॉन इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, पटना को बिराटपुर से गोलमा, मरनमा होते हुए पतरघट चैक तक सड़क निर्माण का कार्य सौंपा गया था। एजेंसी ने तेजी से काम शुरू करते हुए कई जेसीबी मशीनों की मदद से सड़क का समतलीकरण भी पतरघट चैक तक पूरा कर दिया था। लेकिन सूत्रों के अनुसार एक ही दल के दो नेताओं के आपसी राजनीतिक द्वंद में सड़क निर्माण कार्य भेंट चढ़ गई। इस दौरान सड़क निर्माण की जब जानकारी स्थानीय सांसद दिनेशचंद्र यादव को मिली तो इसी बीच सांसद दिनेश चंद्र यादव ने बीते 24/06/25 को ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर सड़क के चैड़ीकरण की मांग की। अपने पत्र में उन्होंने उल्लेख किया कि यह सड़क दो राज्यमार्गों एवं दो प्रखंडों को जोड़ती है, जहां लगातार जाम की समस्या रहती है। इसलिए भविष्य की जरूरतों को देखते हुए सड़क का चैड़ीकरण आवश्यक है। सांसद के पत्र के बाद विभाग ने निर्माण कार्य पर फिलहाल रोक लगा दिया। जिससे फिलहाल एक साल से सड़क निर्माण अधर में लटक गया है और स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। सड़कों में विभिन्न स्थानों पर गड्ढा बन गया और बरसात मे टापू का नजारा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सांसद के द्वारा सड़क चैड़ीकरण की मांग नहीं उठती तो अब तक सड़क बनकर तैयार हो चुकी होती। सूत्रों के अनुसार, चैड़ीकरण की प्रक्रिया फिलहाल आसान नहीं है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण समेत कई प्रशासनिक और तकनीकी प्रक्रियाओं से गुजरना होगा, जिसमें लंबा समय लग सकता है। ऐसे में निर्माण कार्य ठप रहने से आमजन सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि राजनीतिक मतभेदों का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। लोगों ने विभाग और जनप्रतिनिधियों से जल्द समाधान निकालकर सड़क निर्माण कार्य पुनः शुरू कराने की मांग की है, ताकि वर्षों से लंबित इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना का लाभ क्षेत्रवासियों को मिल सके। वहीं इस संबंध में सोनवर्षा के स्थानीय विधायक सह बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा ने बताया कि इस मामले मे जो भी गतिरोध है उसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा।

## 28 एवं 29 को एमएलटी. कॉलेज मैदान में होगा भव्य श्रीव्यास गुरु पूर्णिमा महोत्सव, तैयारी पूरी



तैयारी में जुटे उत्सव समिति के सदस्य

**सहरसा शहर (एनएसबी)।।** जगतगुरु परमहंस स्वामी आगमानंद जी महाराज के पावन सान्निध्य में श्रीव्यास गुरु पूर्णिमा महोत्सव 2026 का दो दिवसीय भव्य आयोजन 28 एवं 29 जुलाई को एमएलटी. कॉलेज खेल मैदान, सहरसा में आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में उत्सव समिति सदस्य डा रजनीश रंजन, डा मनीषा रंजन, निगम वार्ड पार्षद आशीष रंजन एवं ज्योति कुमार सिंह ने दी। उत्सव समिति के सदस्यों ने बताया कि महोत्सव की सभी तैयारियाँ लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आधुनिक जर्मन हैंगर पंडाल, विशाल मंच, आवास, पेयजल, चिकित्सा सहायता, महाप्रसाद, वाहन पार्किंग तथा स्वयंसेवकों की व्यापक व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि 28 जुलाई को प्रातः से पंजीकरण एवं दीक्षा कार्यक्रम प्रारंभ होगा। दिनभर आध्यात्मिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन एवं सत्संग का आयोजन होगा। वहीं 29 जुलाई को गुरु पूजन, गुरु दर्शन, आध्यात्मिक प्रवचन अंत में प्रभु गुरुदेव जी के आशीर्वचन के साथ आयोजन का विश्राम होगा। उत्सव समिति ने बताया कि महोत्सव में बिहार सहित झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली एवं अन्य राज्य सहित विदेशों से हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को सफल बनाने के लिए शिव शक्ति योगपीठ के वरीय पदाधिकारी आज पहुंच रहें हैं साथ ही विभिन्न समितियों के स्वयंसेवक लगातार सेवा कार्य में जुटे हुए हैं। उत्सव समिति ने सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, पूर्णिया, अररिया, खगड़िया, मानसी, भागलपुर, बांका, बेगूसराय, नवगछिया सहित कोसी एवं सीमांचल क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार महोत्सव में शामिल होकर पूज्य गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की।

## संभावित बाढ़ को लेकर जिलाधिकारी ने की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक, सभी विभागों को समयपूर्व तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश



बैठक में निर्देष देते जिलाधिकारी

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने तथा आमजन की सुरक्षा एवं राहत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्री दीपेश कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाढ़ पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को समयबद्ध एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुकेश कुमार अपर समाहर्ता, निशांत अपर समाहर्ता, गौरव कुमार उप विकास आयुक्त, सुजीत कुमार बरनवाल, जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सहरसा एवं सिमरी बख्तियारपुर, संबंधित प्रखंडों के बीडीओ, सीओ, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य प्रमंडल तथा बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों से जुड़े अभियंता उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने संभावित बाढ़ प्रभावित प्रखंडों के बीडीओ एवं सीओ को संयुक्त रूप से सभी बाढ़ संभावित स्थलों एवं बाढ़ आश्रय स्थलों का शीघ्र निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी आश्रय स्थलों पर आवश्यकतानुसार पेयजल, शौचालय, स्वच्छता एवं भवनों की मरम्मत जैसी मूलभूत सुविधाएं समय रहते उपलब्ध कराई जाएं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को सभी बाढ़ आश्रय स्थलों पर पेयजल की उपलब्धता का आकलन करने तथा चापाकलों की मरम्मत एवं आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त चापाकल स्थापित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को तटबंधों का नियमित निरीक्षण एवं सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों से जुड़े अभियंताओं को सभी तटबंधों पर चल रहे सुरक्षा एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में नावों की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में पंजीकृत नावों की उपलब्धता का सत्यापन करने तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त नावों के पंजीकरण हेतु प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों का संचालन निर्बाध रूप से किया जा सके।डी,म ने कहा कि संभावित बाढ़ की चुनौती से निपटने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ पूरी सतर्कता एवं तत्परता से कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि बाढ़ पूर्व तैयारियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं, जिससे आमजन की सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित की जा सके।

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद बनमा ईटहरी के तीन राजस्व कर्मचारी फिलहाल अपने अंचल में ही करेंगे कार्य

जयकांत कुमार

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** पटना उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश के बाद बनमा ईटहरी अंचल में कार्यरत तीन राजस्व कर्मचारी संतोष कुमार, अनुपम कुमार और झुनू कुमार फिलहाल अपने वर्तमान पदस्थापन स्थल पर ही कार्य करते रहेंगे। इस संबंध में समाहरणालय, सहरसा से आदेश जारी कर पूर्व में जारी स्थानांतरण आदेश के क्रियान्वयन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी गई है। समाहरणालय से जारी आदेश के अनुसार, बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा राज्य स्तरीय स्थानांतरण के तहत सहरसा जिले के राजस्व कर्मचारियों का अन्य जिलों में स्थानांतरण किया गया था। इसी बीच मामले की सुनवाई के दौरान पटना उच्च न्यायालय ने अंतरिम आदेश जारी किया, जिसके आलोक में जिला प्रशासन ने स्थानांतरण संबंधी आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है। जिला प्रशासन ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अगले आदेश तक संबंधित राजस्व कर्मचारियों से पूर्व की भांति राजस्व संबंधी कार्य कराना सुनिश्चित करें। इसके तहत बनमा ईटहरी अंचल में कार्यरत संतोष कुमार, अनुपम कुमार एवं झुनू कुमार भी फिलहाल अपने वर्तमान कार्यस्थल पर ही सेवाएं देते रहेंगे। समाहरणालय द्वारा जारी आदेश की प्रति सभी संबंधित राजस्व कर्मचारियों, अंचल अधिकारियों एवं विभागीय पदाधिकारियों को सूचना एवं अनुपालन के लिए भेज दी गई है।


## मेडल लाओ, नौकरी पाओ, योजना के तहत नियुक्ति प्राप्त पैरा एथलीट मोहम्मद मेराज आलम का जिला खेल कार्यालय में हुआ सम्मान



मेराज को सम्मानित करते अधिकारी

**सहरसा (एनएसबी)।** बिहार सरकार की मेडल लाओ, नौकरी पाओ योजना के तहत नियुक्ति प्राप्त करने वाले सहरसा के पैरा एथलीट मोहम्मद मेराज आलम का सोमवार को जिला खेल कार्यालय, खेल भवन, सहरसा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी कुमारी तोसी ने खेल एवं खिलाड़ियों की ओर से उन्हें मिथिला की सांस्कृतिक पहचान पाग, चादर, मोमेंटो एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि मोहम्मद मेराज आलम ने वर्ष 2016, 2017 एवं 2018 में आयोजित पैरा ओलंपिक एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं की 200 मीटर, 400 मीटर एवं रिले दौड़ स्पधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत एवं कांस्य पदक अर्जित किए थे। उनके इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बिहार सरकार द्वारा 24 जुलाई 2026 को पटना में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए जिला खेल पदाधिकारी श्रीमती कुमारी तोसी ने कहा कि मोहम्मद मेराज आलम की यह उपलब्धि जिले के उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि उनकी सफलता यह संदेश देती है कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर खिलाड़ी न केवल राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत सकते हैं, बल्कि अपने खेल कौशल के माध्यम से सम्मानजनक रोजगार भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मेराज आलम की उपलब्धि से प्रेरित होकर जिले के अधिक से अधिक खिलाड़ी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सहरसा, बिहार एवं भारत का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे। इस अवसर पर जिला खेल कार्यालय के प्रधान सहायक महेंद्र राम, शारीरिक शिक्षक नीतीश मिश्रा, मोहम्मद मोनू, राहुल कुमार, दिलीप मंडल, योगेंद्र पंडित सहित खेल विभाग के पदाधिकारी, कर्मी एवं विभिन्न खेलों से जुड़े खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने मोहम्मद मेराज आलम को शुभकामनाएं दीं। उपस्थित लोगों ने सहरसा से अधिकाधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर भी बल दिया।

## 16 वीं हॉकी नेशनल चैंपियनशिप 2026 में सहरसा के नीरज कुमार का चयन



चयनित खिलाड़ी

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिला के एक खिलाड़ी नीरज कुमार का 16वीं हॉकी राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2026 के लिए चयन किया गया है।यह मैच तमिलनायडू के कोयंबटूर मे 28 जुलाई से मैच होगा। बिहार के हॉकी के मुख्य कोच गेविन फरेरा के द्वारा सहरसा में ट्रायल लेकर के 4 खिलाड़ियों का सेलेक्शन किया गया। जिसमें प्रियांशु राज,नीरज कुमार,ओबेदुर रहमान असदुल्लाह। राजगीर के हॉकी के मैदान में नेशनल चैंपियनशिप हेतु पूर्व से ही कई खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत बहुत सारे खिलाड़ियों मे से कुल 18 खिलाड़ियों को चुना गया।जिसमे सहरसा के नीरज कुमार का भी चयन किया। सभी खिलड़ियों को बिहार के राष्ट्रीय कोच बनकर शशि राणा व मैनेजर मनोज कुमार कोयंबटूर 16 वीं नेशनल हॉकी चैंपियनशिप 2026 खेलने के लिए लेकर गए। सहरसा के लिए गौरव की बात है, नगर निगम आयुक्त प्रभात कुमार झा बहुत-बहुत शुभकामनाएं बधाई के साथ देते हुए अपने लौटकर आने पर मिलने के लिए चर्चा किये। जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार के संरक्षण मे सहरसा मे हॉकी आगे बढ़ रहा है। जिला खेल पदाधिकारी तोसी कुमारी,कहरा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अभिलाषा पाठक ने बहुत ही बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। जिला हॉकी के अध्यक्ष सुनील कुमार झा ने नीरज को अपना बेहतर प्रदर्शन कर राष्ट्रीय खेल मे सहरसा और बिहार का मान बढ़ाने की कामना की। हॉकी संघ के सचिव प्रमोद कुमार झा के देखरेख मे हॉकी आगे बढ़ रहा है। संघ के सभी पदाधिकारी मुख्य संरक्षक डॉ रेणु सिंह संरक्षक टी एन सिंह,कुमार अनिर बेन चैधरी लाजवंति झा, मोहन साह, अमित ठाकुर चैयरमेन डॉ अजय कुमार सिंह एमएलसी कोसी, उप चेयरमैन डॉ रमण कुमार अध्यक्ष सुनील कुमार झा, उपाध्यक्ष डॉ शशि शेखर सम्राट ,शंभू प्रसाद यादव, प्रभाकरण देव संयुक्त सचिव कुमार अमर ज्योति, कोषाध्यक्ष गोपाल चैधरी सर्वेश कुमार, आशीष रंजन, शशिभूषण, बलबीर कुमारआदि मनोहर उच्च विद्यालय के प्रधानाध्याक मिथलेश कुमार, जिला स्कूल के प्रधानाध्यापक कपिल देव ने बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामना देते हुए ढेर सारा आशीष दिए।

# महिला को डायन बता पीटा

## बच्चे की मौत के बाद महिला को बताया डायन

दैनिक नवसंदेश

**बेलदौर।** पचौत पंचायत के मुरली गांव में बच्चे की बीमारी से हुई मौत के बाद पड़ोसियों ने डायन का आरोप लगाकर एक परिवार के साथ मारपीट की। घटना को लेकर पीड़िता ने थानाध्यक्ष को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार मुरली गांव निवासी नईम की पत्नी सकीला खातून ने रविवार को बेलदौर थाने में इस मामले में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

आवेदन में उन्होंने अपने ही वार्ड के 10 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है। आवेदिका ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनके वार्ड के निवासी कर्ण सादा के पांच वर्षीय नाती मिथुन कुमार की रविवार आधी रात को बीमारी के कारण मौत हो गई थी। इस घटना के बाद आक्रोशित होकर नामजद आरोपियों ने बच्चे की मौत का इल्जाम आवेदिका पर लगाना शुरू कर दिया। आरोप है कि सभी नामजद आरोपी लामबंद होकर आवेदिका के घर पर आ धमके और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पूरे परिवार के साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने उनकी पुत्रवधु (शौकत की पत्नी सबाना खातून) के साथ भी हाथापाई की और जबरन उसकी सोने की नथुनी छीन ली। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पीड़िता की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी एक महिला ने गोगरी थाना में लिखित आवेदन देकर अपनी नाबालिक बच्ची के साथ कथित रूप से दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाया है। आवेदन के आधार पर पुलिस से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है।

**बच्ची के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने आरोपित को पकड़ किया पुलिस के हवाले**

पीड़िता ने अपने आवेदन में कहा है कि उसकी नाबालिक बच्ची के साथ गांव के ही एक अधेड़ व्यक्ति द्वारा रेप करने का प्रयास किया। बच्ची हो हल्ला करना चाहती तो उसके मुंह को बंद कर दिया जाता। एन मौके पर जब मैं पहुंची तो हो हल्ला किया तब जाकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और गोगरी पुलिस को सुपुर्द किया गया। महिला का कहना है कि आसपास मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और उसे गोगरी थाना पुलिस के हवाले कर दिया। आवेदन में आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। इस संबंध में गोगरी थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार ने कहा कि उन्हें लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। केस दर्ज कर लिया गया है।मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के बाद विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## गोलीबारी का फरार आरोपित गिरफ्तार

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** रोहियामा गांव में दो माह पूर्व हुई गोलीबारी कांड के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे नामजद आरोपित को सहरसा जिले से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त रोहियामा गांव निवासी पप्पू पासवान है। पुलिस सूत्रों के अनुसार वह कांड संख्या 137/26 का नामजद आरोपी है और घटना के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था। मामले के अनुसंधानकर्ता अभिषेक कुमार ने आरोपित को सहरसा जिले के सौर बाजार थाना क्षेत्र स्थित भवटिया सुहत गांव से दबोचा। पप्पू पासवान वहां अपने फूफा सीताराम पासवान के घर में शरण लिए हुए था। उल्लेखनीय है कि लगभग दो महीने पहले डुमरी पंचायत के रोहियामा गांव में जमीन विवाद को लेकर दिनेश पासवान नामक व्यक्ति को गोली मार दी गई थी। घटना के बाद पीड़ित की पत्नी पूनम देवी के लिखित आवेदन पर पुलिस ने पप्पू पासवान सहित कुल आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि सटीक सूचना के आधार पर आरोपित को गिरफ्तार किया गया।

## छत निर्माण को लेकर मारपीट पांच लोगों पर मामला दर्ज

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** वार्ड संख्या-18, बड़ीचक जमालपुर में छत ढलाई के दौरान हुए विवाद को लेकर महिला ने पांच लोगों के खिलाफ गोगरी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, बड़ीचक निवासी जानकी देवी ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले रुपये से वह अपने घर की छत ढलाई का कार्य करा रही थीं। इसी दौरान पड़ोसी मोला सिंह, सत्यानंद सिंह, अरविंद कुमार, नरेश कुमार तथा पिंटू कुमार वहां पहुंचे और छत की ढलाई रोकते हुए सेंटरिंग का पाट खोलने लगे। महिला का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके पुत्र अमित कुमार और अशोक कुमार के साथ भी मारपीट की गई। घटना का वीडियो बनाने के दौरान मोबाइल फोन भी छीनकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान उनकी कान की बाली खोल लिया तथा परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के आवेदन के आधार पर गोगरी थाने में कांड संख्या 265/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच पुलिस पदाधिकारी को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

**प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले रुपये से करायी जा रही थी घर की छत की ढलाई**

## जदयू कार्यालय में मनी डॉ. कलाम की 11वीं पुण्यतिथि



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के कचहरी रोड स्थित जदयू कार्यालय में सोमवार को जदयू नेताओं के द्वारा भारत के पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन भारत रत्न ड एपीजे अब्दुल कलाम की 11 वीं पुण्यतिथि स्मृति दिवस के रूप में मनायी गई। सर्वप्रथम उपस्थित नेताओं ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और नमन किया। साथ कलाम साहब अमर रहे, जब-तक सूरज चांद रहेगा, कलाम तेरा नाम रहेगा जैसे गगनभेदी नारे लगाए गए। मौके पर जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज कुमार पटेल ने कहा कि कलाम साहब सदैव राष्ट्र के भविष्य युवाओं के दिलों में राष्ट्र निर्माण का अलख जगाते रहे। यही कारण है कि आज वे होनहार हर नौजवानों के दिल में वास कर रहे हैं। जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने कहा कि वे न केवल महान वैज्ञानिक और राष्ट्र भक्त थे, बल्कि सी, ईमानदारी और ज्ञान -दीप के प्रतिक थे। जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन देश के अंतरिक्ष, रक्षा, विज्ञान और देश की सेवा में समर्पित कर दिया।वे विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए शिक्षा को महत्व दिये। उनके अगि की उड़ान सहित विभिन्न सफल संघर्ष और ओजस्वी ति हमलोगों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। जिला उपाध्यक्ष रामविलास महतो, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मो0 शहाब उद्दीन, जिला महासचिव राजीव रंजन तथा बिससूत्री सदस्य फिरदोस आलम ने कहा कि कलाम के वो कथन जो सूरज की तरह चमकने के लिए सूरज की तरह जलना सिखने को कहा गया वो हमसभी देश वासियों के लिए आज भी अनुकरणीय है। वहीं जिला महासचिव राजेश सिं, पंकज चौधरी एवं जदयू नेत्री पूनम जयसवाल ने कहा कि कलाम साहब आज भले ही हम देश वासियों के बीच नहीं हैं पर उनकी पाक-साफ तियां सदैव मार्गदर्शन कराते रहेंगी। इस अवसर पर जदयू जिला महासचिव अनुज कुमार शर्मा, जदयू नेता हर्षवर्धन कुशवाहा, संजय प्रजापति एवं सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## 25 लाख हिन्दू परिवारों से संपर्क और एक लाख हनुमान चालीसा केंद्र स्थापित करने का संकल्प



**अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, उत्तर बिहार प्रांत की योजना बैठक में दी गयी जानकारी**

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** आर्य समाज भवन, बारो (बरौनी) में अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, उत्तर बिहार प्रांत की योजना बैठक हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के क्षेत्र संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह, प्रांत अध्यक्ष विनोद लाट, प्रांत महामंत्री अजय गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जवाहर झा, हिन्दू हेल्पलाइन के प्रांत अध्यक्ष नितिन कुमार, उपाध्यक्ष सुधीर पासवान, किसान मंच के महेंद्र यादव तथा राष्ट्रीय बजरंग दल के महामंत्री रंजीत सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

बैठक में उत्तर बिहार के सभी जिलों से संगठन के दायित्ववान कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की तथा संगठन विस्तार, सेवा कार्यो एवं आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। अपने उद्बोधन में क्षेत्र संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि संगठन के संस्थापक हिन्दू हृदय सम्राट डॉ. प्रवीण तोगड़िया के मार्गदर्शन में देशभर में 25 लाख हिन्दू परिवारों तक पहुंचकर संगठन के सेवा, सुरक्षा और संस्कार आधारित कार्यो की जानकारी पहुंचाने का अभियान चलाया जाएगा। साथ ही एक लाख से अधिक हनुमान चालीसा केंद्रों के माध्यम से समाज में धार्मिक जागरण, सामाजिक समरसता एवं हिन्दू एकता को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि संगठन का ध्येय अब हिन्दू ही आगे के संकल्प के साथ सेवा, संगठन और संस्कार के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ना है। प्रांत अध्यक्ष विनोद लाट ने संगठन की कार्यपद्धति, उद्देश्यों एवं अनुशासन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सभी कार्यकर्ताओं से प्रत्येक गांव, नगर एवं वार्ड तक संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया। हिन्दू हेल्पलाइन के प्रांत अध्यक्ष नितिन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. प्रवीण तोगड़िया के नेतृत्व में हिन्दू हेल्पलाइन के माध्यम से देशभर में अनेक सेवा प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संकट में पड़े लोगों की सहायता, चिकित्सा सहयोग, गौसेवा, धार्मिक एवं सामाजिक जागरण तथा मानव सेवा के कार्य संगठन की प्राथमिकता हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा को ही सर्वोच्च साधना मानकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का संकल्प लें। बैठक में संगठन विस्तार के दृष्टिकोण से खगड़िया की अनीता देवी को राष्ट्रीय महिला परिषद (प्रांत अध्यक्ष), अनीता कुमारी को खगड़िया जिला राष्ट्रीय महिला पारिषद का जिला अध्यक्ष तथा पंकज सिंह (बेगूसराय) को राष्ट्रीय बजरंग दल का प्रांत अध्यक्ष सहित विभिन्न दायित्वों की घोषणा की गई।

उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम, भारत माता की जय एवं वन्दे मातरम के उद्घोष के साथ समाज सेवा, हिन्दू एकता और राष्ट्रहित में समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

## 8 सूत्री मांगों को लेकर परबत्ता में सीपीएम का धरना-प्रदर्शन



प्रखंड मुख्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन करते सीपीएम के नेता और कार्यकर्ता।

**परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)।** नगर पंचायत क्षेत्र स्थित प्रखंड मुख्यालय के मुख्य द्वार पर सोमवार को भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) (सीपीएम) के दर्जनों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपनी 8 सूत्री मांगों को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रखंड एवं अंचल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। धरना में बड़ी संख्या में पार्टी समर्थकों की मौजूदगी से परिसर देर तक आंदोलन के नारों से गूंजता रहा।

धरना को संबोधित करते हुए सीपीएम अंचल मंत्री सह लोकल कमेटी परबत्ता के सचिव नवीन चौधरी ने कहा कि केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों से आम जनता की बदहाली लगातार बढ़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाजनकारी राजनीति के कारण मेहनतकशों की एकता कमजोर हो रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था चरमरा चुकी है, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं तथा गरीबों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग और आईसीडीएस व्यवस्था को भी बदहाल बताते हुए व्यापक सुधार की मांग की। जिला कमेटी सचिव मंडल सदस्य सुनील मंडल ने कहा कि आंदोलन के माध्यम से प्रशासन के समक्ष 8 प्रमुख मांगें रखी गई हैं। इनमें भूमिहीन एवं बेघर परिवारों को पांच डिसमिल जमीन देकर वासगीत पर्चा उपलब्ध कराना, जीएन बांध पर बसे कटाव पीड़ितों का पुनर्वास, महंगाई, भ्रष्टाचार और गिरती कानून व्यवस्था पर रोक, सामाजिक सुरक्षा पेंशन का नियमित भुगतान, कटे हुए राशन कार्डो का पुनर्निर्माण, जन वितरण प्रणाली में घटिया चावल की आपूर्ति बंद करना, परबत्ता नगर पंचायत की जलजमाव से मुक्ति, अधूरे नाले को पूर्ण किया जाए, स्वास्थ्य सुविधाओं और होल्डिंग टैक्स की समस्या का समाधान तथा मनरेगा का नाम बदलने के प्रस्ताव को वापस लेने की मांग शामिल है। धरना-प्रदर्शन में कामरेड ओमप्रकाश, सुबोध शर्मा, रामचरित शर्मा, गीता देवी, द्रोपदी देवी , मंटू मिश्र समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो चरणबद्ध आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

**आठ सूत्री मांगों को लेकर पार्टी ने शुरू किया आंदोलन**

## अपनी बदहाली के आंसू बहा रहा बुनियाद केन्द्र

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियाद केंद्र इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। कहने को तो यह अनुमंडल स्तरीय बुनियाद केंद्र है, जहाँ गरीब-गुरबा, बुजुर्गो और दिव्यांगों को सभी प्रकार की स्वास्थ्य व पुनर्वास सुविधा मिलनी चाहिए, लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। केंद्र में एक भी डॉक्टर के पदस्थापित नहीं रहने के कारण रोजाना दूर-दराज से आने वाले गरीब मरीज बिना इलाज और काम कराए बैरंग लौटने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि केंद्र के प्रबंधक अनीक कुमार भी पिछले कई दिनों से बिना सूचना के गायब हैं। जिम्मेदारों के नदारद रहने से बुनियाद केंद्र की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सरकार द्वारा गरीबों की सहूलियत के लिए यहां लाखों रुपये की लागत से भेजी गई आधुनिक मेडिकल सामग्रियां और उपकरण रखरखाव के अभाव में जंग खा रहे हैं। डक्टरों और कर्मचारियों की इस मनमानी से स्थानीय ग्रामीणों और मरीजों में गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि जब केंद्र पर डॉक्टर और जिम्मेदार अधिकारी ही नहीं रहेंगे, तो सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीबों तक कैसे पहुंचेगा।

## नीट क्वालिफाई युवराज सम्मानित

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** नीट क्वालीफाइड कर युवराज कुमार ने बलहा, मानसी सहित खगड़िया जिले का मान बढ़ाया है। ये डॉक्टर बनकर अपने समाज का नाम रौशन करेंगे। उक्त बातें सोमवार को मानसी बीडीओ राजीव कुमार ने नीट में सफल हुये युवराज कुमार को सम्मानित करते हुए कहीं। संतोष चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि बीडीओ राजीव कुमार एवं विशिष्ट अतिथि सीओ लीलावती कुमारी ने युवराज को अंग वस्त्र, सम्मान पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सीओ लीलावती कुमारी ने युवराज की मां की ममता और पिता के त्याग को सलाम करते हुए उन्हें साधुवाद दिया। सम्मानित अतिथि डॉ. शंभु शरण शर्मा एवं बीस सूत्री सदस्य राजाराम सिंह ने कहा कि युवराज की इस उपलब्धि से बलहा ग्राम, पंचायतवासी हर्षित हैं। मेडिकल क्षेत्र में बच्चे रुचि लेंगें। अध्यक्षीय संबोधन में ट्रस्ट अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि युवराज की इस उपलब्धि से ग्रामीण बच्चों में प्रेरणा जगी है। मंच संचालक मुकेश सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापक सुदाम कुमार ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में भी सफलता मिल रही है। मौके पर युवराज की मां कंचन देवी, राजेंद्र महतो, अमन कुमार, अजीत कुमार, श्रीशांत, प्रियकांत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## जलजमाव से निजात को डीएम को दिया आवेदन

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** नगर पंचायत क्षेत्र में जलजमाव की समस्या से परेशान दर्जनों ग्रामीणों ने जिला पदाधिकारी को एक लिखित आवेदन देकर गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से समस्या के जल्द से जल्द समाधान की मांग की है। सौंपे गए आवेदन के अनुसार, बेलदौर-आलम नगर मुख्य सड़क से रुकमणी कन्या उच्च विद्यालय की ओर जाने वाला मार्ग जो एफसीआई गोदाम से सटकर गुजरता है, जो स्कूल आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं के लिए मुख्य रास्ता है। इस रास्ते में थोड़ी सी भी बारिश होने पर जलजमाव हो जाता है। कीचड़ और पानी भरने के कारण स्कूली बच्चों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पर रहा है। मामले को लेकर समाजसेवी मिथिलेश कुमार मिट्ठू, अर्जुन शर्मा, धीरज कुमार, अशोक शाह, रामविलास शाह, नाजरीन खातून, मुरारी कुमार, राजकुमार, प्रकाश शाह, मुकेश शाह, गौतम कुमार और राजाराम समेत दर्जनों ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त किया।ग्रामीणों का आरोप है कि नगर पंचायत बेलदौर के कार्यपालक पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की घोर लापरवाही के कारण यह रास्ता वर्षो से उपेक्षित है।

## परबत्ता में रसोइया-सह-सहायकों को मिला सुरक्षा, स्वच्छता और पोषण का प्रशिक्षण

**परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)।** सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण मध्या भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्य विद्यालय परबत्ता में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत रसोइया-सह-सहायकों का प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों से एक-एक रसोइया-सह-सहायक ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान भोजन निर्माण, भंडारण, वितरण, स्वच्छता, खाद्य सुरक्षा तथा आपातकालीन परिस्थितियों में बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में अधिकारियों ने कहा कि भोजन तैयार करने से पहले रसोईघर की साफ-सफाई,खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, एक्सपायरी तिथि की जांच, स्वच्छ पेयजल का उपयोग तथा व्यक्तिगत स्वच्छता सुनिश्चित करना अनिवार्य है। रसोइयों को साफ एप्रन पहनने, हाथों को साबुन से धोने, नाखून छोटे रखने और भोजन बनाते समय स्वच्छता के सभी मानकों का पालन करने का निर्देश दिया गया। बच्चों को भोजन परोसने से पहले हाथ धुलवाने, गर्म एवं ताजा भोजन परोसने तथा भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चखना पंजी में हस्ताक्षर करने की जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण में भोजन वितरण के बाद रसोईघर, बर्तन एवं उपकरणों की सफाई, कचरा प्रबंधन, एलपीजी गैस सिलेंडर एवं रेगुलेटर की सुरक्षा तथा विद्यालयों में फर्स्ट एड बक्स और थर्मामीटर की उपलब्धता पर भी विशेष बल दिया गया। किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र, अस्पताल, थाना एवं संबंधित अधिकारियों को तत्काल सूचना देने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षक कुमार मनीष, सूरजकांत प्रसाद एवं डीपीएम संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि मध्या भोजन योजना केवल बच्चों का पेट भरने की व्यवस्था नहीं, बल्कि उनके बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और सर्वांगीण विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है।

## अन्डर-15 में मानव कुमार बने शतरंज प्रतियोगिता के विजेता



कुमार मानव को पुरस्कृत करते अतिथि।

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** एलआईबी कोशी क्षेत्र के संयोजक ई. रविन्द्र यादव के नेतृत्व में मधेपुरा में अंतरजिला ओपन और अन्डर 15 शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया, जिसमें खगड़िया के सात शतरंज सितारों ने भाग लिया। अन्डर 15 में 76 खिलाड़ियों के बीच खेलते हुए खगड़िया के स्टार शतरंज खिलाड़ी मानव कुमार ने अन्य खिलाड़ी को पछाड़कर प्रथम स्थान प्राप्त कर बिजेता बने।

मानव को प्रतियोगिता के प्रतीक चिह्न और तीन हजार रुपए नगद देकर सम्मानित किया गया। नवमें स्थान पर उभरते हुए अंतरराष्ट्रीय रेटेड शतरंज खिलाड़ी नेवक कुमार रहें। नेवक कुमार को पांच सौ रुपए देकर सम्मानित किया गया। मंयक कुमार, सौरभ कुमार और आलोक कुमार की स्तिथि सामान्य रही। ओपन में शुभम कुमार को आठवां स्थान प्राप्त हुआ और उत्सव कुमार सामान्य रहें। उक्त बातों की जानकारी नशा मुक्त भारत शतरंज अकादमी के संस्थापक सचिव प्रेम कुमार यशवंत ने दी है। यशवंत ने आगे बताया कि इससे पहले भी कई अंतरजिला शतरंज खेल में मानव कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए खगड़िया जिला को गौरवान्वित किया है। अकादमी के अध्यक्ष अभय कुमार बिक्की और उपाध्यक्ष विवेक भगत ने संयुक्त रूप से कहा कि खगड़िया में शतरंज खेल को बढ़ावा देने के लिए अकादमी लगातार प्रयास कर रही है। 46 निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता और दर्जनों निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण अकादमी की ओर से किया जा चुका है। खगड़िया शतरंज ऊंचाई की ओर जा रहा है। मधेपुरा के उक्त प्रतियोगिता में चीफ आर्बिटर की भूमिका निभाने वाले खगड़िया के ही तेज तर्रार फिडे आर्बिटर चन्द्रराज थे।

**मधेपुरा में किया गया अंतर जिला ओपन और अन्डर 15 शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन**

**इस प्रतियोगिता में कुल 76 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा**

# डुमरिया बुजुर्ग ने एकलव्य किशनगंज को हराया

**परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड के डुमरिया बुजुर्ग स्थित अतिप्राचीन भगवती मंदिर प्रांगण में दिवंगत नाट्य निर्देशक, उद्घोषक एवं समाजसेवी हरिनंदन मिश्र की पुण्य स्मृति में आयोजित दो दिवसीय डे-नाइट वलीबल टूर्नामेंट का शानदार समापन हुआ। रोमांचक फाइनल मुकाबले में डुमरिया बुजुर्ग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एकलव्य किशनगंज को 3-2 से हराकर चमचमाती शील्ड पर कब्जा जमा लिया।

फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और अंतिम अंक तक दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। डुमरिया बुजुर्ग की टीम की जीत के बाद पूरा मैदान तालियों और जयघोष से गूंज उठा। देर रात तक चले मुकाबले का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे। प्रतियोगिता की शुरुआत दिवंगत हरिनंदन मिश्र के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं उनकी स्मृति में पांच मिनट का मौन रखकर की गई। इसके बाद ग्रामीण बुजुर्ग महेंद्र चौधरी, निरंजन चौधरी, सच्चिदानंद चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।



टूर्नामेंट में शामिल खिलाड़ी।

टूर्नामेंट में नयागांव, डुमरिया खुर्द, एकलव्य किशनगंज, पूर्णिया, भागलपुर, बेगूसराय, बरौनी, कबेला, भरसो, राका सहित कई टीमों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना और अनुशासन का परिचय दिया। विजेता एवं उपविजेता टीम को सियादतपुर अगुवानी पंचायत की पूर्व मुखिया रीना देवी, मुखिया देवेंद्र शर्मा सहित अन्य अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान किया। मुकाबले में सुधाकर राय एवं मुरारी मिश्र ने अंपायर व निर्णायक की भूमिका निभाई, जबकि सोनू मिश्र और चिरंजीवी कुमार ने स्कोरर की जिम्मेदारी संभाली। आयोजन समिति के सदस्यों अविनाश कुमार उर्फ छोटू, सौरभ सिंह, रजनीश कुमार, राजीव कूंवर, सतीश मिश्रा एवं पूर्व मुखिया रीना देवी ने कहा कि यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि हरिनंदन मिश्र के खेल प्रेम और सामाजिक सरोकारों को जीवंत रखने का प्रयास है। आयोजन में सैकड़ों खेलप्रेमियों की मौजूी ने ग्रामीण खेल संस्कृति और सामाजिक एकजुटता की शानदार मिसाल पेश की।

**हरिनंदन मिश्र की स्मृति में आयोजित डे-नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का खेला गया फाइनल**

## संक्षिप्त खबरें

### करंट से किशोर की मौत

**फतुहा।** थाना क्षेत्र के कोल्हर गांव में सोमवार को करंट की चपेट में आने से एक 13 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। कोल्हर निवासी ज्ञानी पासवान का 13 वर्षीय पुत्र अमरजीत निवासी घर से निकलकर खेत पर जा रहा तभी वह खेत में गिरे बिजली के करंट प्रवाहित टूटे तार की चपेट में आकर बुरी तरह घायल हो गया। घटना के बाद परिजन उसे लेकर फतुहा अस्पताल ले गए जहां डक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### जन समस्या को ले पूर्व अंचल सचिव की अध्यक्षता में बैठक

**सोनपुर (एनएसबी)** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सोनपुर अंचल परिषद की आवश्यक बैठक हुई जिसकी सूचना सोनपुर अंचल सचिव ड नरेंद्र राय ने दिया बैठक की अध्यक्षता पूर्व अंचल सचिव कमरेड ब्रज किशोर शर्मा ने किया। जिसमें सभी लोगों ने जनसमस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें मुख्य फैसला लिया गया रू सोनपुर अंचल के सभी पंचायतों मे पदयात्रा कर जनसमस्याओं को एकत्रित करने तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन, नया राशन कार्ड, गलत तरीके से कटे हुए राशन कार्ड को पुनः जोड़ने, दाखिल खारिज मे दलालो एवम बिचौलियों से मुक्ति तथा अन्य समस्याओं को लेकर अगस्त से अगस्त तक अभियान चलाया जाएगा। इसका समापन अगस्तके साथ किया जाएगा। अंचल परिषद ने दिल्ली में होने वाली रैली (बदलाव जरूरी है) में सोनपुर अंचल से लोग भाग लेंगे साथ ही पटना के राजभवन मार्च में लोग भाग लेंने की संभावना है। साथ ही एक अति महत्वपूर्ण फैसला लिया गया जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में चार दशकों से सबलपुर दियारा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र को रौशन करने वाले लालू प्रसाद यादव उच्च विद्यालय में नए भवन निर्माण में बाधा डालने वाले असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने एवं भवन निर्माण कार्य में विफल पदाधिकारियों के खिलाफ आगामी अगस्त से अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन अनुमंडल कार्यालय पर किया जाएगा धरनेको अपार संख्या में आम लोगों को आमंत्रित किया गया है।

### आपदा से पहले तैयारी, तभी सुरक्षित होगी जिंदगी

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** आपदा कभी सूचना देकर नहीं आती, लेकिन समय रहते की गई तैयारी अनगिनत जिंदगियों को सुरक्षित बना सकती है। इसी सोच को व्यवहार में उतारते हुए शनिवार को विद्यालय में मुख्यमंत्री सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के अंतर्गत ष्बाढ़ से बचाव हेतु कौशल विकास एवं प्रशिक्षण तथा अभ्यास (मक ड्रिल)ष का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बाढ़ जैसी प्रातिक आपदा के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान बच्चों को सुरक्षित निकासी की पूरी प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया। उन्हें बताया गया कि आपदा के समय घबराहट नहीं, बल्कि धैर्य, अनुशासन और सूझबूझ ही सबसे बड़ा सहारा होती है। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को समझाया कि बाढ़ आने पर अफवाहों से दूर रहें, विद्यालय एवं परिवार द्वारा निर्धारित सुरक्षित मार्ग का ही उपयोग करें और प्रशासन के निर्देशों का पूरी गंभीरता से पालन करें।कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि बाढ़ के पानी में कभी प्रवेश नहीं करना चाहिए, तेज बहाव से दूर रहना चाहिए तथा बिजली के खंभों, खुले तारों और विद्युत उपकरणों से सुरक्षित दूरी बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। आवश्यकता पड़ने पर तुरंत ऊँचे एवं सुरक्षित स्थानों की ओर जाना चाहिए। साथ ही बच्चों में मानवीय संवेदनाओं का विकास करते हुए उन्हें प्रेरित किया गया कि आपदा की घड़ी में छोटे बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की सहायता करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है।मक ड्रिल में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और गंभीरता के साथ भाग लिया। अभ्यास के माध्यम से उनमें आत्मविश्वास का संचार हुआ और आपातकालीन परिस्थितियों में सही एवं त्वरित निर्णय लेने की समझ विकसित हुई। विद्यालय परिवार ने स्पष्ट संदेश दिया कि आपदा प्रबंधन केवल सरकारी व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है, जिसकी शुरुआत विद्यालय से ही होती है।कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं सुरक्षित रहेंगे, अपने परिवार को जागरूक करेंगे और समाज में आपदा सुरक्षा के प्रति जनजागरण का संदेश फैलाएंगे।

# अगरतला-देवघर एक्सप्रेस से 3 .144 किलो गांजा बरामद, मुंगेर स्टेशन पर तस्कर गिरफ्तार

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** रेलवे सुरक्षा बल एवं सीआईबी जमालपुर ने मुंगेर रेलवे स्टेशन पर मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 3.144 किलोग्राम गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजा की अनुमानित बाजार कीमत 1.57 लाख रुपये आंकी गई है।

आरोपी को जब्त मादक पदार्थ के साथ जीआरपी जमालपुर के हवाले कर दिया गया।जहां उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।गिरफ्तार आरोपित की पहचान मोहम्मद बाबर पिता मोहम्मद असलम, निवासी चौरंबा, थाना वासुदेवपुर, जिला मुंगेर के रूप में हुई है।आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार सीआईबी जमालपुर को गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रेन संख्या 15626 अगरतला-देवघर एक्सप्रेस से गांजा की खेप मुंगेर लाई जा रही है। सूचना मिलते ही



गिरफ्तार तस्कर एवं बरामद गांजा की जानकारी देते आरपीएफ।

सहायक सुरक्षा आयुक्त हीरा प्रसाद सिंह के निर्देश पर निरीक्षक सुधांशु कुमार सुधा के नेतृत्व में आरपीएफ पोस्ट जमालपुर एवं सीआईबी की संयुक्त टीम गठित कर मुंगेर स्टेशन पर निगरानी शुरू कर दी गई।सुबह करीब 7रू40 बजे ट्रेन के प्लेटफर्म संख्या-1 पर पहुंचते ही एक युवक अंतिम जनरल कोच से उतरकर प्लेटफर्म के गलत दिशा से तेजी से भागने लगा। टीम को उस पर संदेह हुआ तो जवानों ने पीछा कर प्लेटफर्म संख्या-2 के जमालपुर छोर पर स्थित शेड के पास उसे दबोच लिया। पूछताछ में पहले उसने अपनी पहचान छिपाने का प्रयास किया, लेकिन बाद में उसने अपना नाम-पता बताते हुए बैग में गांजा होने की बात स्वीकार कर ली।इसके बाद एनडीपीएस अधिनियम की निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए राजपत्रित अधिकारी हीरा प्रसाद सिंह की उपस्थिति में आरोपी के बैग की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान भूरे रंग की टेप से लिपटे दो पैकेट बरामद हुए, जिनका वजन क्रमशः 1.577 किलोग्राम और 1.567 किलोग्राम पाया गया।

दोनों पैकेटों में कुल 3.144 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी बरामद मादक पदार्थ से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।आरपीएफ ने जब्त गांजा,आरोपी और संबंधित दस्तावेज जीआरपी जमालपुर को सौंप दिए।आरपीएफ अधिकारियों ने कहा कि रेलवे मार्ग से मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बिहार प्रदेश इकाई तत्काल प्रभाव से भंग

## मिथिलेश कुमार बने कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष

**सोनपुर (एनएसबी)** गोरखपुर, उत्तर प्रदेश, विश्वस्तरीय पत्रकार हितों के लिए सतत संघर्षशील अग्रणी संस्था इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सेराज अहमद कुरैशी ने संगठनात्मक मजबूती, सक्रियता और अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बिहार प्रदेश इकाई को तत्काल प्रभाव से भंग करने की घोषणा की है। यह निर्णय राष्ट्रीय कोर कमेटी एवं संस्थापक सदस्यों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के उपरांत लिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सेराज अहमद कुरैशी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वर्ष 2024 से बिहार प्रदेश इकाई पूर्णतः निष्क्रिय रही है। प्रदेश स्तर के अधिकांश पदाधिकारियों द्वारा संगठन की सदस्यता ग्रहण नहीं की गई, न ही प्रदेश स्तरीय बैठकें, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सदस्यता अभियान अथवा पत्रकार हित से जुड़े किसी महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



मिथिलेश कुमार।

इसके अतिरिक्त संगठन के विस्तार, पत्रकारों की समस्याओं के समाधान तथा संगठनात्मक गतिविधियों में भी अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखाई गई। उन्होंने कहा कि इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन एक अनुशासित, सक्रिय एवं पत्रकार हितों के लिए समर्पित संगठन है। संगठन में केवल पद धारण करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक पदाधिकारी की जिम्मेदारी है कि वह संगठन के उद्देश्यों को धरातल पर उतारे, पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करे तथा संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाए। निष्क्रियता और संगठनात्मक दायित्वों की उपेक्षा किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व ने बिहार प्रदेश इकाई को तत्काल प्रभाव से भंग करने का निर्णय लिया है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि बिहार में शीघ्र ही संगठन की बैठक आयोजित कर नई, सक्रिय एवं मजबूत प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। नई प्रदेश टीम में ऐसे समर्पित, कर्मठ और सक्रिय पत्रकारों को स्थान दिया जाएगा जो संगठन की विचारधारा और उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हों। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह भी घोषणा की कि नई प्रदेश कार्यकारिणी के गठन तक संगठन के कार्यों के सुचारु संचालन के लिए निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मिथिलेश कुमार (नवादा) को बिहार प्रदेश का कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है। वे अंतरिम अवधि में संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान, जिला इकाइयों के पुनर्गठन, पत्रकारों से संवाद स्थापित करने तथा नई प्रदेश कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएंगे। सेराज अहमद कुरैशी ने बिहार के सभी पत्रकार साथियों से आह्वान किया कि वे संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर आगे आएं तथा पत्रकार हित, पत्रकार सुरक्षा कानून, निष्पक्ष पत्रकारिता और संगठनात्मक एकता के उद्देश्य को सशक्त बनाने में सक्रिय योगदान दें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई प्रदेश टीम के गठन के बाद बिहार में संगठन पहले से अधिक मजबूत, सक्रिय और प्रभावशाली रूप में कार्य करेगा तथा पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की लड़ाई को और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाएगा। यह जानकारी संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सेराज अहमद कुरैशी द्वारा जारी एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

## राणा विगहा विद्यालय में बच्चों की फाइलेरिया जांच, 36 विद्यार्थियों के रक्त नमूने लिए गए

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** जनस्वास्थ्य सुरक्षा एवं फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत बाढ़ प्रखंड के मध्य विद्यालय राणा विगहा में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वर्ग प्रथम एवं द्वितीय के विद्यार्थियों का फाइलेरिया जांच के लिए रक्त नमूना संग्रह किया। जांच अभियान के दौरान कुल 36 बच्चों के सैंपल लिए गए।स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विद्यालय परिसर में बच्चों का क्रमवार स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए आवश्यक सावधानियों के साथ रक्त नमूने एकत्र किए। इस दौरान बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी गई तथा अभिभावकों से अपील की गई कि वे जांच रिपोर्ट एवं स्वास्थ्य संबंधी सलाह का पालन करें।विद्यालय प्रशासन ने अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीम को हरसंभव सहयोग प्रदान किया। नोडल शिक्षक प्रवेंद्र कुमार ने बताया कि यह जांच अभियान बच्चों में फाइलेरिया जैसी बीमारी की समय पर पहचान एवं रोकथाम के उद्देश्य से चलाया गया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों के स्वास्थ्य एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, दोनों के प्रति समान रूप से प्रतिबद्ध है।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि समय पर जांच एवं उपचार से फाइलेरिया जैसी बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। विद्यालय में आयोजित इस अभियान को सफल बनाने में शिक्षकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की सक्रिय भूमिका रही।

## अमृत भारत योजना के बंदरबांट का शिकार हो गया स्टेशन जमालपुर : पप्पू

**जमालपुर (मुंगेर)।** पूर्व रेलवे मालदा डिवीजन द्वारा मडल स्टेशन जमालपुर के मुख्य द्धार पर फूड वैन लगाने का समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सह जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा के संयोजक पप्पू यादव ने विरोध किया है जिसे लेकर सपाध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमण्डल मंडल जमालपुर स्टेशन के प्रबंधक को डीआरएम के नाम एक ज्ञापन सौप इस पर पुनर्विचार करने की मांग की है।सपाध्यक्ष पप्पू यादव ने अपने सौपें ज्ञापन में कहा की पूर्व रेलवे मालदा डिवीजन द्वारा मडल स्टेशन जमालपुर के मुख्य द्वार पर फूड वैन का संचालित करने की योजनाघ है, जो कही से भी उचित प्रतीत नहीं होता है श्री यादव ने आगे कहा की जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा लंबे



स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन देते समाजवादी पार्टी।

समय से स्टेशन के बाहर छोटे-छोटे स्टल का निर्माण करवा कर जमालपुर स्टेशन के इर्द गिर्द वर्षो से रेहड़ी और ठेला लगाने वाले दुकानदारों को आवंटित करने की मांग करती रही है बावजूद मोर्चा की मांगों को दरकिनार कर फूड वैन योजना के बहाने स्थानीय दुकानदारों को जो यहां रेहड़ी ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता हैं उसको उजाड़ने की साजिश कर रही है जो कहीं से भी न्याय संगत और शहर हीत मे प्रतीत नहीं होता है।क्योंकि स्थानीय पुलिस आरपीएफ और जीआरपी लगातार ठेला और रेहड़ी लगाने वाले पर कभी अतिक्रमण तो कभी जाम के नाम पर लाठियां बरसाती रही है और दलाल वसूली करते रहे हैं,ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि फूड वैन के नाम पर रेलवे खुद अतिक्रमण और जाम को बढ़ावा देने के लिए आगे आई है जबकि रेलवे स्टेशन परिसर में अमृत भारत योजना के तहत करोड़ों रूपये के लागत से दो मंजिला कमर्शियल बिल्डिंग बनकर तैयार है फिर रेलवे किस परिस्थितियों में फूड वैन की योजना लाई है क्या यह बिल्डिंग औचित्य विहीन हो गई है या इस बिलडिंग का निर्माण केवल कमिशन के बंदरबांट की योजना के तहत किया गया था।श्री यादव ने डीआरएम से फुड वैन योजना पर पुनर्विचार कर ऐसी योजना लाने की मांग की है जिससे कि रेलवे के साथ-साथ स्थानीय दुकानदार की भी योजना का लाभ मिले ज्ञापन सौपने के उपरांत सपाध्यक्ष पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अगर रेलवे इस मामले में संज्ञान नही लेती है तो हम इसका पुरजोर विरोध करेगेघ्घ्।मौके पर समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकान्त झा मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति सचिव राज कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

## शहर में बेखौफ अवैध लॉटरी का कारोबार कार्रवाई नहीं होने से उठ रहे सवाल

**जमालपुर(मुंगेर)।** जमालपुर शहर एवं ईस्ट कलोनी थाना क्षेत्र में अवैध लटरी का कारोबार बेखौफ जारी रहने का आरोप लग रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस धंधे के कारण मजदूर वर्ग, दैनिक वेतनभोगी और युवा तेजी से इसकी चपेट में आ रहे हैं, जबकि संचालक मोटी कमाई कर रहे हैं। शहर के कई प्रमुख चौक-चौराहों और चाय-पान की दुकानों पर खुलेआम लटरी की बिक्री होने का दावा किया जा रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार स्टेशन चौक स्थित रोटी गली, बलीपुर, रेलवे नंबर-1 एवं 2 स्कूल के समीप ईह रोड, फरीदपुर, छह नंबर गेट, भारत माता चौक, जनता मोड़, खलासी मोहल्ला, सदर बाजार, लोको रोड, आर्य समाज चौक, रेलवे कलोनी मोड़, सोनारपट्टी गली, जुबली बेल, दौलतपुर चौक, दरियापुर, सब्जी मंडी, नया गांव, मंगरौरा, आशिकपुर, अल्बर्ट रोड, हरि सभा चौक, रेलवे अस्पताल मोड़ और वर्कशप रोड सहित कई इलाकों में यह कारोबार संचालित हो रहा है। आरोप है कि पिछले छह माह के दौरान पुलिस की ओर से इस अवैध कारोबार के विरुद्ध कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं।सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता मनोज क्रांति, शंकर सिंह सहित कई लोगों ने पुलिस अधीक्षक और स्थानीय थाना पुलिस को लिखित एवं मौखिक रूप से शिकायत देकर अवैध लटरी पर रोक लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो इसका सामाजिक दुष्प्रभाव और बढ़ेगा। वहीं, स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के बावजूद जमीनी स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही है।

# डकरा नदी में वृद्ध डूबे एसडीआरएफ की टीम तलाश में जुटी

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** सफियासराय थाना क्षेत्र स्थित डकरा नदी में सोमवार को नदी पार करने के दौरान 60 वर्षीय एक वृद्ध के डूब जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल उनकी तलाश शुरू की, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर प्रशासन को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर नदी में सर्च अपरेशन शुरू कराया गया। समाचार लिखे जाने तक वृद्ध का कोई सुराग नहीं मिल सका था।डूबे वृद्ध की पहचान कासिम बाजार थाना क्षेत्र निवासी वासु यादव के पुत्र महेंद्र यादव (60) के रूप में हुई है। बताया गया कि महेंद्र यादव कई वर्षो से डकरा नदी किनारे बथान



गंगा किनारे ग्रामीणों से बात करते सीओ।

बनाकर गाय एवं अन्य मवेशियों का पालन-पोषण करते थे और वहीं रहकर जीवन-यापन करते थे। सोमवार को किसी आवश्यक कार्य से नदी पार करने के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चले गए और डूब गए।घटना की जानकारी मिलते ही सफियासराय थानाध्यक्ष संजीत कुमार और जमालपुर की अंचल अधिकारी प्रीति कुमारी घटनास्थल पर पहुंचे तथा स्थिति का जायजा लिया।पैक्स अध्यक्ष चिंटू कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों ने काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम मोटरबोट और अन्य संसाधनों की सहायता से लगातार खोजबीन कर रही है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### सोनपुर मंडल द्वारा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 08वीं जिला रैली का शुभारंभ

**सोनपुर (एन एसबी)** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला संघ, सोनपुर द्वारा आयोजित 08वीं जिला रैली का शुभारंभ आज दिनांक 27 जुलाई 2026 को अपर मंडल रेल प्रबंधक, सोनपुर एवं मुख्य जिला आयुक्त (स्काउट) श्री सुमन कुमार तांती के कर-कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह पाँच दिवसीय जिला रैली 27 जुलाई 2026 से 31 जुलाई 2026 तक आयोजित की जा रही है, जिसमें विभिन्न जिला संघों के स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर एवं यूनिट लीडर उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे हैं। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री सुमन कुमार तांती ने कहा कि स्काउटिंग केवल एक संगठन नहीं, बल्कि अनुशासन, सेवा, नेतृत्व, आत्मनिर्भरता एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को विकसित करने वाला एक सशक्त आंदोलन है। उन्होंने कहा कि रैली के माध्यम से प्रतिभागियों को नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, निर्णय लेने की क्षमता, आत्मविश्वास तथा विपरीत परिस्थितियों में कार्य करने का



एनसीसी अधिकारी सहित कैडेट ।


व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से स्काउट प्रतिज्ञा एवं नियमों का पालन करते हुए समाज एवं राष्ट्र की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सह जिला आयुक्त (स्काउट) श्री दिलीप कुमार ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि जिला रैली स्काउट एवं गाइड आंदोलन की सबसे महत्वपूर्ण गतिविधियों में से एक है। इस प्रकार के आयोजन बच्चों एवं युवाओं में अनुशासन, चरित्र निर्माण, नेतृत्व क्षमता, सेवा-भाव, सहयोग, भाईचारे एवं राष्ट्रीय एकता की भावना का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का उद्देश्य प्रत्येक युवा को एक जिम्मेदार, संवेदनशील एवं आदर्श नागरिक के रूप में विकसित करना है तथा जिला रैली इसी उद्देश्य की पूर्ति का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने आगे बताया कि पाँच दिवसीय रैली के दौरान प्रतिभागियों के लिए स्काउटिंग एवं गाइडिंग से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इनमें टेंट पिचिंग, गांठ एवं बंधन (ज्ञदवजे - ैींपदहे), प्राथमिक उपचार, ध्वज शिष्टाचार, मानचित्र अध्ययन, अनुमान परीक्षण, पायनियरिंग, आपदा प्रबंधन, सामुदायिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, सांस्तिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीत, लोकनृत्य, योग, खेलकूद तथा नेतृत्व विकास से संबंधित अनेक गतिविधियाँ शामिल हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रतिभागियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना तथा उनमें सेवा, अनुशासन एवं आत्मविश्वास की भावना को सुढ़ करना है। इस पाँच दिवसीय जिला रैली में जिला संघ, सोनपुर से 150, जिला संघ, दानापुर से 26 तथा जिला संघ, गढ़हरा से 22 स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर एवं यूनिट लीडर सहित कुल 198 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागी प्रशिक्षण सत्रों, साहसिक गतिविधियों, प्रतियोगिताओं एवं सांस्तिक कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए अपने कौशल, नेतृत्व क्षमता एवं सेवा-भाव का प्रदर्शन करेंगे। रैली के दौरान प्रतिभागियों को अनुभवी प्रशिक्षकों एवं स्काउट पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे स्काउटिंग के सिद्धांतों को व्यवहारिक रूप से सीख सकें तथा अपने विद्यालय, कार्यस्थल एवं समाज में एक जिम्मेदार, अनुशासित एवं जागरूक नागरिक के रूप में अपनी भूमिका का प्रभावी निर्वहन कर सकें। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, आपदा प्रबंधन एवं सामुदायिक सेवा से संबंधित व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। रैली के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर एवं यूनिटों को समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन प्रतिभागियों के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, आपसी सहयोग, नेतृत्व विकास तथा राष्ट्रीय एकता और अखंडता की भावना को सुढ़ करने का महत्वपूर्ण अवसर सिद्ध होगा। उद्घाटन समारोह में जिला संघ के पदाधिकारी, स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन, रोवर लीडर, रेंजर लीडर, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण अनुशासन, उत्साह, सेवा-भाव एवं राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत रहा। यह पाँच दिवसीय जिला रैली प्रतिभागियों के लिए सीखने, नेतृत्व विकसित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा स्काउटिंग के मूल सिद्धांतसेवा, अनुशासन, चरित्र निर्माण और राष्ट्रभक्तिको आत्मसात करने का एक महत्वपूर्ण अवसर सिद्ध होगी।

### कच्चे घरों से पक्के मकानों तक कहीं रिश्तों की नींव तो नहीं दरक गई

#### उच्च माध्यमिक विद्यालय राणा की अध्यापिका अर्चना कुमारी ने सामाजिक बदलाव पर जताई चिंता

#### कहा आधुनिकता के साथ अपनापन भी बचाना होगा

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** उच्च माध्यमिक विद्यालय राणा में पदस्थापित विद्यालय अध्यापिका अर्चना कुमारी ने बदलते सामाजिक परिवेश पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ष्कच्चे घर थे, मगर रिश्ते पक्के थे, आज पक्के घर हैं, पर वह अपनापन कहीं खो गया।ष उन्होंने कहा कि भौतिक विकास और आधुनिक सुविधाओं के विस्तार के बावजूद परिवारों और समाज में आत्मीयता, संवाद और संवेदनशीलता लगातार कम होती जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले सीमित संसाधनों के बीच भी परिवार और पड़ोस रिश्तों की गर्माहट से जुड़े रहते थे, जबकि आज सुविधाओं से भरपूर जीवन में भी लोग भावनात्मक रूप से अकेले होते जा रहे हैं। मोबाइल और सोशल मीडिया ने संवाद का स्वरूप बदल दिया है, लेकिन दिलों की दूरियाँ कम नहीं हो सकी हैं।अर्चना कुमारी ने कहा कि बच्चों को केवल सफल करियर ही नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार, नैतिक मूल्य, सहानुभूति और पारिवारिक जिम्मेदारी भी सिखाई जानी चाहिए। उनका मानना है कि मजबूत परिवार ही मजबूत समाज और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला हैं।उन्होंने लोगों से अपील की कि व्यस्त जीवन में भी माता-पिता, बुजुर्गों, बच्चों, मित्रों और पड़ोसियों के लिए समय निकालें। उनका कहना था कि जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति धन नहीं, बल्कि विश्वास, प्रेम और अपने लोगों का साथ है। आधुनिकता तभी सार्थक होगी, जब उसके साथ रिश्तों की गर्माहट और मानवीय संवेदनाएँ भी सुरक्षित रहें।



अर्चना कुमारी।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम ने सुनी 34 आवेदकों की फरियाद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने ईज ऑफ लिविंग के अंतर्गत जिला जनता दरबार का आयोजन किया। इस अवसर पर कुल 34 आवेदकों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं जिनकी जिला पदाधिकारी ने गंभीरतापूर्वक सुनवाई की और संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध एवं प्रभावी निष्पादन सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र न्यायोचित राहत एवं आवश्यक सेवाओं का लाभ प्राप्त हो सके। इधर, **चरपोखरी** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सोमवार को बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के तहत सबका सम्मान-जीवन आसान नीति के अंतर्गत जनता दरबार का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने जनता दरबार में आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### 2 किलो 70 ग्राम गांजा, तीन मोबाइल बरामद, बाइक जब्त

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** कारनामेपुर पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ तस्कर को भीमपट्टी काली मंदिर के पास से रविवार को गिरफ्तार किया जबकि उसका शागिर्द भाग निकला। उसके पास से 2 किलो 70 ग्राम गांजा व तीन मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस ने एक बाइक जब्त कर ली है। गिरफ्तार तस्कर करनामेपुर थाना क्षेत्र के भरौली गांव का निवासी शिवम कुमार मिश्रा है। पुलिस अधीक्षक राज ने बताया कि कारनामेपुर थाना क्षेत्र के भीमपट्टी काली मंदिर के पास मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री की सूचना के बाद करनामेपुर थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर भीमपट्टी काली मंदिर के पास घेराबंदी कर छापेमारी की गयी।

### दिल्ली में हुई 11.27 लाख ठगी के मामले में दो गिरफ्तार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** दिल्ली के साइबर थाना नॉर्थ वेस्ट की पुलिस ने ठगी के मामले में अलग-अलग इलाके में छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में सिन्हा थाना क्षेत्र के सिन्हा गांव निवासी अमन कुमार तथा पटना जिले के जक्कनपुर थाना क्षेत्र के बिग्रहपुर निवासी देवेंद्र कुमार हैं। अमन कुमार वर्तमान में आरा टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज में रहता है। अमन की गिरफ्तारी आरा से जबकि दीपेन्द्र की गिरतारी पटना से हुई है। बताया जाता है कि 18 अप्रैल को दिल्ली निवासी विजय अग्रवाल ने साइबर थाना नर्थ वेस्ट में एफआईआर दर्ज कराया था, जिसमें 11 लाख 27 रुपया की ठगी का आरोप लगाया था। गिरफ्तार दोनों आरोपितों को पुलिस दिल्ली ले गई।

### प्रस्तावित इको-टूरिज्म परियोजना की समीक्षा बैठक

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में बाणासुर इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क में प्रस्तावित इको-टूरिज्म परियोजना की समीक्षा बैठक हुई। इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क का उद्घाटन 15 जून को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया था। बैठक में डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग की राज्य स्तरीय टीम ने प्रस्तावित इको-टूरिज्म परियोजना की विस्तृत कार्ययोजना पर प्रस्तुतीकरण दिया। प्रस्तुतीकरण में परियोजना के अंतर्गत विकसित की जाने वाली विभिन्न पर्यटन सुविधाओं, आगंतुकों के लिए प्रस्तावित आकर्षणों, पर्यावरण संरक्षण के उपायों तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं पर्यटन की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। जिला पदाधिकारी ने प्रस्तुतीकरण की सराहना करते हुए परियोजना को और अधिक आकर्षक, नवाचारी एवं पर्यटक-अनुकूल बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि परियोजना को स्थानीय आवश्यकताओं एवं प्राकृतिक परिवेश के अनुरूप और आकर्षक बनाया जाए तथा पर्यटकों के लिए आधुनिक, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण सुविधाओं का समुचित प्रावधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने परियोजना में ऐसे नवाचारों को शामिल करने पर बल दिया, जो इसे राज्य के प्रमुख इको-टूरिज्म स्थलों में स्थापित कर सके। जिला पदाधिकारी ने कहा कि इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क केवल पर्यटन का केंद्र ही नहीं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का भी महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ परियोजना की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला मत्स्य पदाधिकारी, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग की राज्य स्तरीय टीम के सदस्य तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### भोजपुर जिला पेंशनर समाज की बैठक सम्पन्न



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के रमना पकड़ी रोड स्थित आनंद हॉस्पिटल के चैंबर में भोजपुर जिला पेंशनर समाज की बैठक हुई। बैठक के मुख्य अतिथि कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह (बिहार राज्य पेंशनर समाज के अध्यक्ष) थे। पूर्व अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा ने उन्हें सम्मानित किया। डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि पूरे पेंशन समाज के हितों की रक्षा की जाएगी और उनकी समस्याओं को सुलझाया जाएगा। कोई भी समस्या होने पर वे जिला कार्यालय को सूचित करें। डॉ. सिन्हा ने कहा कि पेंशनर समाज के हितों की रक्षा, समाज हित में है, क्योंकि ये परिवार और समाज के अनुभवी परामर्शदाता हैं। बैइक में जिला पेंशनर समाज के सचिव राजेंद्र कुमार सिंह, पूर्व प्राचार्य डॉ. योगेंद्र सिंह, दशरथ कुमार, धनंजय सिंह, रमेश कुमार, रंग बहादुर सिंह, बलदेव पांडेय तथा दिनेश कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे। कर्नल आरपी सिंह और डॉ. मदन मोहन द्विवेदी भी पेंशनर समाज की मीटिंग में शामिल हुए।

### प्लास्टिक मुक्त बिहार अभियान में जुटे एनएसएस स्वयंसेवक

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** महाराजा बहादुर रामरण विजय प्रसाद कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक मुक्त बिहार अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर प्लास्टिक मुक्त परिसर का संदेश दिया। अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सभी स्वयंसेवकों को एनएसएस की ओर से मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अंकिता ओझा, डॉ. रविकांत, कैंपस एंबेसडर नीतीश कुमार सिंह और स्वयंसेवक में साक्षी, मुस्कान, अमित, बिट्टू, रूपाली, सुमंत, श्रुति, सिमरन, कल्पना, अविनाश, सुधांशु, मोहित, आकाश, सोफिया, तीम, रोशनी श्रीवास्तव, सानिया प्रवीण, गौरव कुमार केसरी, राजनंदिनी सहित कई मौजूद रहे।

## चन्दन पांडेय ने विदेशी धरती पर बढ़ाया भारत का गौरव




**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** आरा प्रखंड के ग्राम बड़की सनदियां के निवासी चन्दन पांडेय ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव बढ़ाते हुए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। उन्हें 25 से 27 जुलाई तक नाखोन सी थम्मरत, थाईलैंड में आयोजित प्रतिष्ठित थाईलैंड गो सुपर सीरीज 2026 (इंटरनेशनल ओपन गो टूर्नामेंट) के पुरस्कार वितरण समारोह में आमंत्रित विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया। पांडेय ने विभिन्न देशों के विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। किसी भारतीय खेल प्रशासक के लिए इस प्रकार के प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय आयोजन में पुरस्कार वितरण समारोह का हिस्सा बनना न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि भारत तथा इंडो एमेच्योर गो एसोसिएशन (आईएजीए) के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय सम्मान और विश्वसनीयता का भी प्रतीक है। पांडेय वर्तमान में इंडो एमेच्योर गो एसोसिएशन में प्रशासनिक सचिव के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। दयाशंकर पांडेय के पुत्र चन्दन पांडेय ने साधारण परिवार से निकलकर खेल प्रशासन के क्षेत्र में मेहनत, समर्पण और दूरदर्शिता के बल पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। खेलों के विकास एवं प्रशासन में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए बिहार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग ने उन्हें बिहार राज्य खेल संशोधन अधिनियम, 2013 में संशोधन हेतु गठित समिति का सदस्य भी नामित किया था।

## नीतीश ने बखोरापुर काली मंदिर में की पूजा-अर्चना



**आरा/बडहरा (दैनिक नवसंदेश)।** पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बड़हरा प्रखंड के बखोरापुर स्थित मां काली मंदिर में मत्था टेका। उन्होंने माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त कर पूरे बिहार की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि माता रानी का दरबार सिद्ध पीठ दरबार है। माता रानी की

**पूर्व मुख्यमंत्री ने की बिहार की समृद्धि की कामना**

कृपा पूरे बिहारवासियों पर बनी रहे। साथ में संदेश विधायक राधा चरण साह, बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, जगदीशपुर विधायक सह मंत्री श्रीभगवान कुशवाहा सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

सभी अतिथियों को मंदिर ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल तथा मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने माता की चुनरी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष बीडी सिंह कर रहे थे। साथ में रविशंकर सिंह, लक्ष्मण तिवारी सहित काफी संख्या में लोग थे। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष बीडी सिंह ने कहा कि माता रानी की प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैल चुकी है। सभी जगह से लोग माता रानी का दर्शन करने आते हैं। यह हम लोगों के लिए गर्व की बात है। मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल ने कहा कि हम सब आजीवन माता रानी का सेवा करते रहेंगे। यहां आने वाले अतिथियों का स्वागत होता रहेगा। पूर्व सीएम के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी एक दिन पहले से ही लगे हुए थे। काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे। काफिले में काफी संख्या में गाड़ियां थीं।

# काली पट्टी बांध बीडीओ ने निभायी अपनी ड्यूटी



**सारण में प्रदर्शन के दौरान ड्यूटी पर रहे दो बीडीओ के घायल होने के बाद संवेदनशील ड्यूटी के दौरान सुरक्षा की कर रहे मांग**

दैनिक नवसंदेश

**आरा/बड़हरा/कोईलवर/जगदीशपुर/संदेश (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार ग्रामीण विकास सेवा संघ (बीआरडीएसए) के राज्यव्यापी आह्वान पर सोमवार को भोजपुर के सभी 14 प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर कार्यालयों में सरकारी कार्य किया। अधिकारियों ने सारण जिले में विधि-व्यवस्था संधारण के दौरान दो प्रखंड विकास पदाधिकारियों के गंभीर रूप से घायल होने की घटना पर चिंता जताते हुए सरकार से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। कोईलवर के बीडीओ वीर बहादुर पाठक ने बताया कि 25 जुलाई को सारण जिले में विधि-व्यवस्था ड्यूटी के दौरान छपरा सदर की बीडीओ ृष्टि पाठक एवं रिविलगंज के बीडीओ रितेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सरकार प्रखंड विकास पदाधिकारियों से विधि-व्यवस्था जैसे जोखिमपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कराती है, लेकिन उन्हें दंडाधिकारी का अधिकार प्राप्त नहीं है। यदि बीडीओ को ऐसे कार्यो में लगाया जाता है तो उन्हें दंडाधिकारी का दर्जा भी दिया जाना चाहिए, ताकि वे अपने दायित्वों का प्रभावी और सुरक्षित ढंग से निर्वहन कर सकें। बड़हरा बीडीओ निलेश कुमार ने कहा कि जब सरकार बीडीओ को संवेदनशील और जोखिमपूर्ण ड्यूटी में प्रतिनियुक्त करती है, तब उनकी सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था करना भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री के नाम भेजे गए ज्ञापन में संघ ने बडी प्रोटेक्टर, दंगा हेलमेट, शील्ड, लेग गार्ड, आर्म गार्ड सहित अन्य सुरक्षात्मक उपकरण उपलब्ध कराने की मांग की है। इसके अलावा प्रत्येक बीडीओ के साथ कम-से-कम दो प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मियों की स्थायी प्रतिनियुक्ति, संवेदनशील विधि-व्यवस्था ड्यूटी के लिए मानक कार्यप्रणाली (एसओपी) लागू करने तथा ड्यूटी के दौरान गंभीर रूप से घायल होने पर उच्च स्तरीय अस्पताल में पूर्णतः सरकारी खर्च पर उपचार सुनिश्चित करने की मांग भी की गई है। संघ ने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेती, राज्यभर के बीडीओ नियमित सरकारी कार्य करते हुए काली पट्टी बांधकर अपना शांतिपूर्ण विरोध जारी रखेंगे।

## महादलित बच्चों के बीच ड्रेस पाठ्य सामग्री व छाता वितरित



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** श्री हनुमान मंदिर बड़ी मठिया प्रांगण में विशेष समाज सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महादलित बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस, पाठ्य सामग्री, छाता एवं अन्य दैनिक जरूरतों के सामान का वितरण किया गया।

अध्यक्षता जीयर स्वामी जी महाराज के प्रधान शिष्य एवं बड़ी मठिया के महंत अयोध्या नाथ स्वामी ने की। इस अवसर पर पद्म श्री से सम्मानित तथा 'नई आशा' के संस्थापक डॉ भीम सिंह भवेश एवं शहर के कई गणमान्य व्यक्तियों ने बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया। महंत अयोध्या नाथ स्वामी ने बच्चों को शिक्षा और संस्कारों का महत्व समझाते हुए एक प्रेरक कथा सुनाते हुए कहा कि दूरदराज के गाँव में एक गरीब बालक रहता था। उसके पास न तो पढ़ने के लिए किताबें थीं और न ही पहनने को कपड़े। लेकिन उसके मन में सीखने की एक गहरी लगन थी। वह रोज आश्रम के बाहर बैठकर गुरुजी की बातें चुपचाप सुनता और मिट्टी पर उंगलियों से अक्षर लिखकर अभ्यास करता था। उसकी इस निष्ठा और लगन को देखकर गुरुजी ने उसे आश्रम में बुला लिया और उसे शिक्षा दी। वही बालक आगे चलकर अपनी विद्वता और सेवा भाव के कारण पूरे राज्य में आदरणीय बना। यह कथा हमें सिखाती है कि हमारी परिस्थितियाँ चाहे जैसी भी हों, यदि हमारे मन में कुछ सीखने और आगे बढ़ने की सच्ची लगन है, तो कोई भी कठिनाई हमें रोक नहीं सकती। साधन केवल एक माध्यम हैं, असली शक्ति आपकी लगन और मेहनत में है। पद्मश्री भवेश ने मठ के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा और बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराना ही सच्ची मानव सेवा है।

मौके पर कई प्रमुख समाजसेवी, नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पुनीत कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

## डॉ. मदन मोहन अध्यक्ष और राजेश सचिव बने

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** रेड क्रॉस भवन सभागार में रविवार को लायंस क्लब आरा मौर्या के नए सत्र के पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण समारोह हुआ। समारोह के चेयरमैन जयप्रकाश नारायण थे। संचालन उमेश कुमार सिन्हा ने किया। इस मौके पर पद्मश्री ड़ जितेंद्र कुमार सिंह, भोजपुर सिविल सर्जन ड़ शिवेंद्र कुमार सिन्हा तथा पूर्व एसीएमओ के़ एऩ सिन्हा ने संयुक्त रूप से समारोह का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार खेतान थे। समारोह के गेस्ट अफ अनर नंदा गर्ग, संजय अवस्थी थे। ड. के़ एऩ सिन्हा ने नए लायंस क्लब मेंबर राकेश कुमार सिंह, बबली कुमारी एवं जय प्रकाश को लायन सदस्यता की शपथ दिलाते हुए लायंस क्लब के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। कहा कि हमारा लायंस क्लब आज करीब 200 देश में है। इसके 14 लाख से भी ज्यादा सदस्य है। 47000 क्लब पूरे विश्व में है। यह विश्व में सबसे बड़ी स्वयंसेवी संस्था है। लायंस क्लब का लक्ष्य अंधापन दूर करना, पर्यावरण की रक्षा करना है। इसका स्लोगन है "वी सर्व"। क्लब के वर्तमान सत्र के अध्यक्ष ड़मदन मोहन द्विवेदी और सेक्रेटरी राजेश कुमार गुप्ता बने। सभी गणमान्य लोगों ने लायंस क्लब के सेवा कार्यो की प्रशंसा की एवं उन्हें हमेशा सहयोग देने का वादा किया। नए अध्यक्ष ड़ मदन मोहन द्विवेदी ने अपने सत्र में कई सेवा कार्यक्रमों को बढ़-चढ़ कर शत प्रतिशत करने का संकल्प किया।

**लायंस क्लब आरा मौर्या कपल का पदभार ग्रहण**

## 30 मरीजों का निःशुल्क जांच व परामर्श



**निःशुल्क फिजियोथेरेपी जांच सह परामर्श शिविर का किया गया आयोजन**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** विष्णु नगर जेड चौक के समीप फिजियोहील एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में रविवार को निःशुल्क फिजियोथेरेपी जांच सह परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 40 से अधिक मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया। इस दौरान 30 मरीजों का आधुनिक तकनीक से निःशुल्क जांच कर इलाज हेतु परामर्श दिया गया। वही 13 रेगुलर एवं पुराने मरीजों का भी प्राइमरी फिजियोथेरेपी दिया गया। कैंप में रजिस्ट्रेशन कराने वाले मरीजों को इलाज में विशेष लाभ दिया गया। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. दिव्य प्रकाश ने बताया कि फिजियोहिल-एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर शहर का एकमात्र स्पेशलाइज्ड इन आर्थोपेडिक एंड न्यूरोलजिकल रिहैबिलिटेशन सेंटर है। डॉ. प्रकाश ने बताया अब 23 अगस्त को निःशुल्क फिजियोथेरेपी एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। कैंप को सफल बनाने में आभा, रेशमा एवं संगीता का सक्रिय योगदान रहा है।

### मवि यादव विद्यापीठ में जागरूकता कार्यक्रम

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मौलाबाग स्थित मध्य विद्यालय यादव विद्यापीठ में सोमवार को 'विधि पालक युवक' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व महिला थानाध्यक्ष द्वारा किया गया। इसके तहत विद्यार्थियों (विशेषकर छात्रों) को महिलाओं व बालिकाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों (जैसे छेड़छाड़, पक्सो एक्ट एवं साइबर फ्रड अभद्र टिप्पणियां) से संबंधित कड़े दंडात्मक प्रावधानों व कानूनी परिणामों की जानकारी दी गई।

## भरत के पिता ने कहा-जन सुराज से प्रचार के लिए नहीं आया कोई फोन

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस एनकाउंटर में मारे गए बिलौटी गांव निवासी भरत तिवारी के परिवार की ओर से जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर पर लगाए गए आरोपों के बाद शुरू हुए राजनीतिक विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। सोशल मीडिया पर इस मामले के तेजी से ट्रेंड करने के बीच सोमवार को जन सुराज पार्टी की नेत्री ड़ पद्मा ओझा भरत तिवारी के आवास पहुंचीं और उनके पिता काशीनाथ तिवारी से मुलाकात की। मुलाकात के बाद काशीनाथ तिवारी ने कहा कि घटना के बाद परिवार गहरे मानसिक आघात से गुजर रहा है। ऐसे में परिवार के सदस्य भावनाओं में बहकर कई तरह की बातें कह देते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जन सुराज की ओर से उन्हें या उनके परिवार को बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में प्रचार करने के लिए किसी प्रकार का फोन या संदेश नहीं मिला है। वहीं जन सुराज नेत्री ड़ पद्मा ओझा ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि यह पूरा मामला राजनीतिक प्रोपेगेंडा का हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बांकीपुर उपचुनाव में संभावित हार को देखते हुए भाजपा के लोग इस तरह की भ्रामक बातें फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि जन सुराज शुरू से ही भरत तिवारी के परिवार के साथ न्याय की लड़ाई में खड़ा है और आगे भी उनका साथ देता रहेगा।

**डॉ.पद्मा ओझा ने परिवार से की मुलाकात**

## वेद प्रकाश सागर एशियन पैसेफिक एक्सीलेंस अवॉर्ड से हुए सम्मानित




**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के संगीत कला गुरु डॉ. वेद प्रकाश सागर को वर्ष 2026 के एशियन पैसेफिक एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान संगीत व कला के क्षेत्र में लगातार तीन दशकों से विशिष्ट योगदान देने एवं कला के माध्यम से शाहाबाद क्षेत्र के अंदर छुपी प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के सकारात्मक प्रयास के लिए प्रदान किया गया। सम्मान समारोह राजधानी पटना के होटल पनास के सभागार में आरएफएम प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले एक शाम बिहार के नाम कार्यक्रम में वालीवुड अभिनेता गुलशन ग्रोवर द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रीति झिंगियानी, शाहबाज खान, अंजली राघव, मुस्ताक खान, ऋतु शिवपुरी सहित कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद रही। डॉ. वेद प्रकाश 'सागर' ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे शाहाबाद के जनपद को मिला है।

# अब गांव में भी होगी नियमित कसरत ओपन-एयर जिम से पूरी हुई हसरत



**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** देवमलपुर बहुदरी पंचायत के देवमलपुर महुआर वनस्पति ब्रह्म स्थान परिसर में ग्रामीणों के बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आधुनिक ओपन-एयर जिम की स्थापना की गई है। पंचायत की मुखिया प्रभावती देवी के दिशा-निर्देश पर लगाए गए। इस जिम से गांव के युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों को नियमित व्यायाम की सुविधा मिलेगी।

फिटनेस उपकरणों की स्थापना कनीय अभियंता चंदन सिंह की देखरेख में कराई गई। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सरकारी संपत्ति को अपनी संपत्ति समझकर उसकी सुरक्षा एवं रखरखाव करने की अपील की। ग्रामीणों ने बताया कि ब्रह्म स्थान गांव का प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक केंद्र है। यहां ओपन-एयर जिम बनने से सुबह-शाम बड़ी संख्या में लोग व्यायाम कर सकेंगे। जिससे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। लोगों का कहना है कि अब फिटनेस के लिए युवाओं और बच्चों को दूसरे स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा। जिम के उद्घाटन एवं स्थापना के अवसर पर भृगुनाथ यादव, हरिनाथ यादव, विजय पांडेय, मुकेश यादव सहित कई प्रबुद्ध नागरिकों ने मुखिया प्रभावती देवी और पंचायती राज विभाग की इस पहल की सराहना की। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं बच्चे उपस्थित रहे और नई सुविधा मिलने पर खुशी जताई।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** महाराजा बहादुर राम रणविजय प्रसाद (एमबीआरआरपी) कॉलेज में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की ओर से पोस्टर सह पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। उद्घाटन प्राचार्या ड. कनक लता ने किया। प्रतियोगिता में सोफिया तीम ने प्रथम, रोशनी श्रीवास्तव ने द्वितीय तथा गौरव कुमार केसरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्राचार्या ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ड़ अंकिता ओझा, ड़ रविकांत और एनएसएस में कैंपस एम्बेसडर नितिन सिंह, रूपाली, मुस्कान, अमित, बिट्टू, सुमंत, श्रुति, सिमरन, कल्पना, अविनाश, सुधांशु, मोहित, आकाश, सोफिया, तीम, रोशनी श्रीवास्तव, सानिया प्रवीण, गौरव कुमार केसरी, राजनंदिनी समेत कई स्वयंसेवक उपस्थित रहे। वरिष्ठ स्वयंसेवक साक्षी कुमारी के योगदान की सराहना की गई।



## संक्षिप्त खबरें

### निर्वाचन साक्षरता अभियान के तहत छात्रों को किया गया जागरूक



जागरुक करते बीएलओ

**कुर्था (एनएसबी)** निर्वाचन विभाग के निर्देश पर प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय कुर्था में निर्वाचन साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया कार्यक्रम के तहत बीएलओ राकेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व लोकतांत्रिक मूल्यों एवं निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी उन्होंने कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक कर्तव्य भी है एक जागरूक मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र की नींव रखता है और देश के विकास की दिशा तय करता है कार्यक्रम के दौरान राकेश कुमार ने छात्रों को भारतीय संविधान, लोकतांत्रिक व्यवस्था, भारत निर्वाचन आयोग की भूमिका, मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया मतदान की विधि तथा मतदाता जागरूकता से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी साथ ही उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने और समाज में जागरूकता फैलाने पर विशेष जोर दिया इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच निर्वाचन साक्षरता से संबंधित गतिविधियां निबंध प्रतियोगिता एवं सहभागी पुस्तिका के माध्यम से भी जागरूकता फैलाई गई विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे अपने गांव,मोहल्ले और कस्बों में जाकर लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करें तथा प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदान के लिए प्रेरित करें कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करना तथा उन्हें जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक के रूप में तैयार करना था। विद्यालय परिवार ने भी ऐसे कार्यक्रमों को लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

**गांव-गांव जागरूकता फैलाने का किया आह्वान**

**लोकतंत्र में मतदान के महत्व मतदाता सूची और निर्वाचन प्रक्रिया की दी जानकारी**

### जनता दरबार में पुलिस अधीक्षक ने सुनीं 15 फरियादियों की शिकायतें, त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

**जहानाबाद (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार जहानाबाद ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनता दरबार में कुल 15 आगंतुकों ने विभिन्न प्रकार की शिकायतें एवं आवेदन प्रस्तुत किए। पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उनके शीघ्र एवं निष्पक्ष समाधान के लिए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं विधिसम्मत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकताओं को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। जनता दरबार के माध्यम से नागरिकों को अपनी समस्याओं को सीधे पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखने का अवसर मिला। इस पहल से आमजन और पुलिस प्रशासन के बीच संवाद एवं विश्वास को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई गई।



### गौ सम्मान आवाहन अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत, गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**जहानाबाद (एनएसबी)।** स्थानीय श्री कृष्ण गौशाला में सोमवार को गौ सम्मान आवाहन अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ गौशाला में निवास कर रही गौ माताओं की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद सैकड़ों गौ-भक्तों ने गौशाला से पदयात्रा निकालते हुए समाहरणालय पहुंचकर जिलाधिकारी को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। गौशाला के सचिव प्रकाश कुमार मिश्रा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए गौशाला में रह रही गौ माताओं की वर्तमान स्थिति एवं उनके समक्ष उत्पन्न विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने गौशाला के समुचित संचालन, संसाधनों की उपलब्धता तथा गौ संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए गौशाला का शीघ्र निरीक्षण करने तथा समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर गौशाला के सचिव सह पार्षद प्रकाश कुमार मिश्रा ने कहा कि गौ सम्मान आवाहन अभियान देशभर में गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आज देश के सभी जिलों में जिलाधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर जनभावनाओं से अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा कि गौ माता के सम्मान और संरक्षण के लिए यह जनजागरण अभियान निरंतर जारी रहेगा। जब तक गौ माता को उचित सम्मान और न्याय नहीं मिल जाता, तब तक समाज को जागरूक करने और सरकार के समक्ष अपनी मांगों को लोकतांत्रिक तरीके से उठाने का अभियान चलता रहेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गौ-भक्तों एवं सामाजिक कार्यकताओं की सहभागिता रही। उपस्थित लोगों ने गौ संरक्षण, संवर्धन एवं गौ सेवा को समाज की साझा जिम्मेदारी बताते हुए इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।




### नौकरी नहीं, नवाचार का रास्ता चुनाङ्ग शिक्षा और समाजसेवा से अमर हुए 'संपदा बाबू'

**जहानाबाद (एनएसबी)।** इसी भाव को साकार करने वाले जिले के प्रख्यात उद्योगपति, समाजसेवी एवं एक्लेम लेबोरेट्रीज के संस्थापक स्वर्गीय संपदा बाबू को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए जहानाबाद के पूर्व सांसद अरूण कुमार ने विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया गया। आगे कहा कि उन्होंने शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की सुरक्षित राह नहीं, बल्कि उद्यमिता का कठिन मार्ग चुना। अपनी मेहनत, दूरदृष्टि, कार्यकुशलता और सामाजिक प्रतिबद्धता के बल पर उन्होंने देश-दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उन्होंने केवल एक सफल उद्योगपति के रूप में ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्वों का भी अनुकरणीय निर्वहन किया। अपने उद्योग के माध्यम से अनेक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण से जुड़े कार्यों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाई। वक्ताओं ने कहा कि व्यक्ति भले ही इस दुनिया से चला जाए, किंतु उसके कर्म और आदर्श सदैव समाज को नई दिशा देते रहते हैं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त आदित्य कुमार पियूष ने कहा कि एक्लेम लेबोरेट्रीज लगातार सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। कंपनी द्वारा टीबी मरीजों के बीच न्यूट्रिशन किट का वितरण अत्यंत सराहनीय पहल है। इसके साथ ही जिले के 240 सरकारी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास स्थापित कर शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया गया है, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल रहा है।



# सेवा संवाद एवं समाधान कार्यक्रम में डीएम ने निपटाए कई मामले

**अरवल (एनएसबी)।** जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आयोजित ह्लसेवा संवाद एवं समाधानह्व कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस ने संबंधित विभागों को समयबद्ध निष्पादन के दिए निर्देश जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में 27 जुलाई को समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में ह्लसेवा संवाद एवं समाधानह्व कार्यक्रम के अंतर्गत जनता से साक्षात्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को सीधे सुनकर उनका त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं सुझावों को जिला पदाधिकारी के समक्ष रखा। जिला पदाधिकारी ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा सभी मामलों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आयोजित सेवा संवाद एवं समाधान कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 05 आवेदन प्राप्त हुए। इनमे ग्रामीण कार्य विभाग 01 आवेदन मनरेगा झ 01 आवेदन जिला पशुपालन कार्यालय 01 आवेदन रजिस्ट्री कार्यालय झ 02 आवेदन से संबंधित शिकायतें एवं आवेदन शामिल रहे।



मामलों का निपटारा करते डीएम।

जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि प्राप्त सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक आवेदक को उसकी शिकायत के निराकरण की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान ही सुशासन की सबसे बड़ी पहचान है और जिला प्रशासन नागरिकों को सरल, सुलभ एवं उत्तरदायी प्रशासन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अनावश्यक विलंब न हो तथा शिकायतों के निष्पादन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखी जाए।

जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक की बात सुनी जाए, उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान हो तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुँच सके।

## गौ सम्मान आह्वान अभियान के निकाली गई पदयात्रा




पदयात्रा में शामिल लोग।

**मेहंदिया (एनएसबी)।** गौ संरक्षण, गौ संवर्धन एवं गौ सम्मान को लेकर देशव्यापी स्तर पर चलाए जा रहे "गौ सम्मान आह्वान अभियान" के अंतर्गत सोमवार को अरवल जिला मुख्यालय में विशाल पदयात्रा, हस्ताक्षर अभियान एवं ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के तहत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिला पदाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत शहर स्थित बाबा गरीब नाथ मंदिर परिसर से हुई, जहां बड़ी संख्या में गौ-सेवक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, युवा, महिलाएं एवं आम नागरिक एकत्रित हुए। इसके बाद बाबा गरीब नाथ मंदिर से समाहरणालय तक विशाल पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने गौ संरक्षण एवं गौ सम्मान के समर्थन में लोगों को जागरूक किया तथा अभियान से अधिकाधिक लोगों को जोड़ने का आह्वान किया। समाहरणालय पहुंचने के बाद प्रतिनिधिमंडल ने जिला पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से गौवंश की सुरक्षा, संरक्षण, संवर्धन एवं गौ आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने से संबंधित विभिन्न मांगों पर केंद्र एवं राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया।इस अवसर पर आयोजित हस्ताक्षर अभियान में भी लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और गौ संरक्षण के समर्थन में अपने हस्ताक्षर कर अभियान के प्रति समर्थन व्यक्त किया।अभियान के जिला प्रभारी इंदल सिंह, अजय कुमार शर्मा, दीपक कुमार सिंह, कमलेश सिंह, धर्म जागरण की शैल देवी, संजू देवी, गणेश दास, कंचन देवी, अभिनाश कुमार सिंह एवं कौशल शर्मा ने कहा कि यह अभियान किसी एक संगठन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से संचालित जन-जागरण का व्यापक प्रयास है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति, कृषि व्यवस्था एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गौवंश का विशेष महत्व रहा है। ऐसे में इसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समाज के प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।वक्ताओं ने कहा कि गौ संरक्षण केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती और ग्रामीण आजीविका से भी जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने लोगों से गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए आगे आने तथा इस जन-जागरण अभियान को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

**जिला पदाधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन**

## जनता दरबार में आए मामलों का होगा त्वरित निष्पादन : एसपी

**अरवल (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा आयोजित जनता दरबार में आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण हेतु उपस्थित हुए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी फरियादियों की बातों को गंभीरतापूर्वक एवं ध्यानपूर्वक सुना गया तथा प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निष्पादन हेतु संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, सभी मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार का उद्देश्य आमजन एवं पुलिस प्रशासन के बीच संवाद को सुदृढ़ करना तथा उनकी समस्याओं का शीघ्र एवं न्यायोचित समाधान सुनिश्चित करना है। पुलिस प्रशासन जनसुनवाई के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।



मामलों का निष्पादन करते हैं एसपी।

## करोड़ों की लागत से बना 20 बेड का प्रीफैब अस्पताल पर उठ रहे सवाल

**कुर्था (एनएसबी)।** कोविड-19 महामारी के दौरान मरीजों के इलाज और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था परिसर में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित 20 बेड का प्रीफैब फील्ड अस्पताल आज अपनी बदहाली की कहानी खुद बयां कर रहा है। जिस अस्पताल को आपदा के समय जीवन रक्षक व्यवस्था के रूप में तैयार किया गया था, वह अब वर्षों से बंद पड़ा है, जिससे सरकारी धन के सदुपयोग पर सवाल खड़े होने लगे हैं। अस्पताल परिसर की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। भवन के चारों ओर झाड़-झंखाड़ और घनी घास उग आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि परिसर में विषैले सांप-बिच्छुओं समेत अन्य जीव-जंतु भी अपना ठिकाना बना चुके हैं। रखरखाव के अभाव में करोड़ों रुपये की लागत से बनी यह सरकारी संपत्ति धीरे-धीरे जर्जर होती जा रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि कोरोना महामारी के दौरान इस अस्पताल से क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने की उम्मीद जगी थी, लेकिन महामारी समाप्त होने के बाद इसे पूरी तरह उपेक्षित छोड़ दिया गया। वर्तमान में अस्पताल का कोई उपयोग नहीं हो रहा है, जबकि कुर्था एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं पर लगातार दबाव बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि यदि इस 20 बेड के अस्पताल को पुनः चालू कर सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं, मातृ एवं शिशु चिकित्सा, आपातकालीन उपचार, अतिरिक्त वार्ड अथवा किसी विशेष चिकित्सा इकाई के रूप में संचालित किया जाए तो हजारों लोगों को सीधा लाभ मिल सकता है। इससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बढ़ते मरीजों के बोझ को भी काफी हद तक कम किया जा सकेगा। क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित इस अस्पताल को वर्षों तक बंद रखने के बजाय शीघ्र चालू कर आम जनता के हित में उपयोग किया जाए, ताकि सरकारी धन का सदुपयोग हो और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कुर्था के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।



बेड का अस्पताल।

## लगातार बारिश से मौसम हुआ सुहाना, लोगों को गर्मी से मिली राहत, किसानों के चेहरे खिले

**मेहंदिया (एनएसबी)।** पिछले दो दिनों से क्षेत्र में पड़ रही तेज धूप और भीषण गर्मी से आमजन का जनजीवन काफी प्रभावित था। शनिवार और रविवार को उमस भरी गर्मी के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया था। हालांकि सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ली और दोपहर करीब 3:00 बजे से शुरू हुई बारिश देर रात तक रुक-रुक कर जारी रही। लगातार हुई वर्षा से मौसम पूरी तरह सुहाना हो गया और लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली। बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई, जिससे पूरे क्षेत्र में ठंडक का अहसास हुआ वहीं, इस बारिश से किसानों के चेहरों पर भी खुशी लौट आई है। धान की रोपाई के लिए खेतों में पानी की कमी के कारण कई किसानों का काम रुका हुआ था। बारिश होने के बाद खेतों में पर्याप्त पानी जमा होने लगा, जिससे धान की रोपाई का कार्य तेज होने की उम्मीद है। किसानों का कहना है कि यह वर्षा खरीफ फसलों के लिए काफी लाभदायक साबित होगी। स्थानीय लोगों ने भी बारिश का स्वागत करते हुए कहा कि भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को आखिरकार राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में भी क्षेत्र में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना बनी हुई है।

## श्रावणी मेला को लेकर प्रशासन अलर्ट, बाबा सिद्धेश्वर नाथ धाम पहुंचीं डीएम

**जहानाबाद (एनएसबी)।** 30 जुलाई से प्रारंभ होने वाले श्रावणी मेला को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। सोमवार को जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया ने बराबर पहाड़ स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ धाम एवं मेला क्षेत्र का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वच्छता एवं सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने नगर पंचायत मखदुमपुर एवं प्रखंड प्रशासन को मेला क्षेत्र और संपर्क मार्गों पर प्रतिदिन विशेष स्वच्छता अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही पंडाल, पेयजल, शौचालय, विश्राम स्थल एवं प्रकाश व्यवस्था का कार्य हर हाल में निर्धारित समय के भीतर पूरा करने को कहा। भवन निर्माण विभाग एवं जिला योजना पदाधिकारी को सभी कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया। उन्होंने श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए ड्रॉप गेट का निर्माण शीघ्र पूरा कराने, रात्रिकालीन सुरक्षा के लिए अतिरिक्त हैलोजन लाइट लगाने तथा मेला क्षेत्र से अस्थायी अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया।



## जहानाबाद में 'बालाजी इंडोस्कोपी एंड गैस्ट्रोलॉजी सेंटर' का भव्य शुभारंभ, अब पेट, लिवर व आंत रोगों की आधुनिक जांच सुविधा

**जहानाबाद (एनएसबी)।** शहर के अरवल मोड़ स्थित सूर्य कॉम्प्लेक्स में सोमवार को बालाजी इंडोस्कोपी एंड गैस्ट्रोलॉजी सेंटर का भव्य शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. हरिश्चंद्र चौधरी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों, सामाजिक कार्यकताओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। केंद्र के प्रोपराइटर ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि यह जहानाबाद जिले का अपनी तरह का पहला विशेष गैस्ट्रोलॉजी एवं इंडोस्कोपी सेंटर है, जहां कम खर्च में आधुनिक जांच एवं बेहतर उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के इलाज एवं जांच पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि बालाजी सेंटर पिछले आठ वर्षों से जिलेवासियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है और अब अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ इसकी सेवाओं का विस्तार किया गया है। केंद्र में पेट, लिवर एवं आंत संबंधी रोगों की जांच और उपचार की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। यहां डॉ. सौरभ राज, कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट अपनी विशेषज्ञ सेवाएं देंगे। वहीं, केंद्र का संचालन डॉ. अभिषेक कुमार आनंद (कार्डियोलॉजिस्ट) के मार्गदर्शन में किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि इस सेंटर के शुरू होने से जहानाबाद एवं आसपास के मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी, जिससे उन्हें बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर डॉ. अनवर हुसैन, डॉ. बी. एन. शर्मा, डॉ. प्रिंस कुमार, प्रो. लक्ष्मण शर्मा, चंचल कुमार, धनंजय कुमार, चंद्रशेखर सिंह, रंजन कुमार, रवीश कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

